e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 137

सुविचार
लोग क्या कहेंगे, अगर ये सोचकर आप कुछ नही कर रहे तो आप जीवन की पहली परीक्षा में हार गये।

# प्रभात मंत्र

रविवार
21.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

रांची का तापमान
अधिकतम 40°
न्युनतम 24°

## क्विक न्यूज

### झारखंड में झुलसा रही है गर्मी

**रांची :** झारखंड की धरती तप रही है। आधा दर्जन जिलों में तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। फिलहाल राहत के भी आसार नहीं हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त दिख रहा है। तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को पूर्वानुमान में बताया कि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 23 मई तक 41 डिग्री या इससे अधिक हो सकता है। 23 मई तक कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। वज्रपात भी हो सकता है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। 22 को पलामू के साथ-साथ हजारीबाग, कोरडमा और गिरिडीह और 23 मई को इन इलाकों के साथ कोल्हान में भी लू चल सकती है। दोपहर के बाद कहीं-कहीं तेज हवा चल सकती है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि धीरे-धीरे मौसम में बदलावा नजर आ रहा है। दोपहर के बाद आये मौसम के बदलाव से तामममान में थोड़ी राहत जरूर मिलेगी लेकिन कई इलाकों में गर्म हवा से लू का खतरा भी बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी है।

### मनोज जायसवाल बने दक्षिणी छोटानागपुर के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त

**रांची :** झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव मनोज जायसवाल को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में शनिवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत शशि प्रकाश झा को अगले आदेश तक स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का अपर सचिव बनाया गया है जबकि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव मनमोहन प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उद्योग विभाग का अपर सचिव बनाया गया है।

### झारखंड हाईकोर्ट में 22 मई से 10 जून तक गर्मी की छुट्टी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट का ग्रीष्मावकाश 22 मई से 10 जून तक होगा। इस दौरान डोरंडा स्थित हाई कोर्ट के पुराने भवन में वेकेशन बेंच आठ दिन बैठेगी। हाईकोर्ट की ओर से वेकेशन बेंच के बैठने की तिथि घोषित कर दी गई है। वेकेशन बेंच इस माह 23, 26,30, 31 मई को बैठेगी। वही जून माह में 2,6,7, 9 जून को वेकेशन बेंच बैठेगी।

### ओखा का एनएसीपी समुद्री सीमा की सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण का केन्द्र बिन्दु बनेगा : अमित शाह

**खंभालिया/अहमदाबाद:** देवभूमि द्वारका आए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समुद्री सीमा की सुरक्षा में बढ़ोतरी करते ओखा में राष्ट्रीय तटीय पुलिस अकादमी (एनएसीपी) का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि समुद्री सुरक्षा में सेवारत जवानों के प्रशिक्षण के लिए यह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान बनेगा। ओखा के समीप मोजप में बीएसएफ की ओर से आयोजित इस समारोह में केन्द्रीय गृहमंत्री ने कच्छ जिले के जखौ तट पर स्थित बीएसएफ की 05 कोस्टल आउटपोस्ट, सरक्रीक क्षेत्र में लखपतवारी स्थित एक ओपी टावर का ई-उद्घाटन भी किया।

**कर्नाटक :** सिद्धारमैया सीएम, डीके शिवकुमार डिप्टी सीएम सहित 8 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

# कांग्रेस के पांच वादे कानून बनेंगे : राहुल

**सीएम बनते ही एक्शन मोड में सिद्धारमैया, पहली कैबिनेट बैठक में 5 चुनावी वादों को लागू करने का दिया आदेश**

**ये है कांग्रेस के पांच वादे**
कांग्रेस ने पहला वादा किया था कि हर परिवार को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी.दूसरा वादा है, ग्रैजुएट बेरोजगार को 3 हजार रुपये मासिक भत्ता और डिप्लोमा होल्डर्स छात्रों को डेढ़ हजार रुपये मासिक भत्ता. तीसरा वादा है, प्रत्येक परिवार की एक महिला को दो हजार रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा. चौथा वादा है,हर गरीब व्यक्ति को 10 किलोग्राम मुफ्त अनाज. 5 वां वादा है, हर महिला को सरकारी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा मिलेगी.

एजेंसी

**बेंगलुरु :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने शनिवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सिद्धरमैया के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने भी शपथ ग्रहण की, जो राज्य सरकार में उप मुख्यमंत्री होंगे. वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जी परमेश्वर, एमबी पाटिल,पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन कार्जुन खरगे के पुत्र प्रियंक खरगे, वरिष्ठ नेता के एच मुनियप्पा, केजे जॉर्ज, सतीश जार्कीहोली, रामालिंगा रेड्डी और बीजेड जमीर अहमद खान ने मंत्री पद की शपथ ली.राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.शपथ ग्रहण समारोह के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कर्नाटक की जनता को कांग्रेस सरकार बनाने के लिए धन्यवाद दिया. राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक की नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक आज शनिवार को ही होगी और उसमें हमारे जो पांच वादे हैं वे कानून बन जाएंगे. हम जो कहते हैं हम कर दिखाते हैं.राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक की जनता को मैं दिल से और कांग्रेस पार्टी की ओर से धन्यवाद करता हूं.आपने पूरी तरह कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया. पिछले 5 सालों में आपने कौन सी मुश्किलें सही यह आप और हम जानते है. इस जीत का सिर्फ एक कारण है और वह है कांग्रेस कर्नाटक के गरीबों, पिछड़ों, दलितों के साथ खड़ी हुई.राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक की जनता ने बीजेपी के भ्रष्टाचार को हरा दिया. उन्होंने कहा कि हम झूठे वादे नहीं करते हैं. जो कहते हैं, वह करते हैं.इधर कर्नाटक में सीएम पद की शपथ लेते ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में उन पांच गारंटियों को लागू करने के आदेश जारी किए हैं, जिनका चुनाव से पहले पार्टी ने वादा किया था।



**सीएम हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर ने दी बधाई**

कर्नाटक सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। सीएम ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिव कुमार एवम सभी मंत्रियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के बाद पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जनता का समर्थन मिल रहा था उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि अब भाजपा की सरकार आखिरी सांस ले रही है। अब समय आ गया है कि सभी विपक्षी पार्टियां साथ मिलकर मजबूती के साथ केंद्र सरकार एवं बीजेपी शासित राज्य की सरकारों के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंदी के साथ उठाए। देश की जनता भाजपा की सरकार से परेशान है जनता परिवर्तन चाहती है।

### शपथ समारोह में इनकी रही उपस्थिति

शपथ समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं सहित विपक्षी दलों के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता महबूबा मुफ्ती सहित अन्य नेताओं ने भी इस समारोह में शिरकत की.

वायुसेना का बड़ा फैसला

## लगातार हादसों के बाद मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर लगाई रोक



एजेंसी


**नई दिल्ली :** भारतीय वायु सेना ने उड़ान के दौरान लगातार हादसे का शिकार हो रहे मिग 21 विमान के पूरे बेड़े की उड़ान पर रोक लगा दी है. अभी हाल भी में राजस्थान में एक मिग 21 विमान क्रैश हो गया था जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी.

हालांकि स्थायी तौर पर ये रोक अभी नहीं लगाई गई है.भारतीय वायु सेना ने मिग -21 विमान के बेड़े की उड़ान पर रोक का फैसला राजस्थान में दो सप्ताह पहले हुए हादसे के बाद लिया है. अभी उस हादसे की जांच की जा रही है.शीर्ष सरकारी सूत्रों ने को बताया कि मिग-21 लड़ाकू विमानों के उड़ान पर रोक लगा दी गई है क्योंकि 8 मई को हुई दुर्घटना की जांच अभी भी जारी है. इसके दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

उन्होंने कहा कि जांच अब भी चल रही है और तब तक विमान के तीनों स्क्वाड्रन उड़ान नहीं भरेंगे. मिग वैरिएंट के पहले बेड़े को 1963 में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था और भारत ने बाद के दशकों में 700 से अधिक मिग-वैरिएंट के विमान खरीदे थे.आईएएफ 114 मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने की प्रक्रिया में है. 1960 के दशक की शुरुआत में वायुसेना में शामिल किए गए जाने के बाद अभी 400 मिग -21 विमान हादसे का शिकार हो चुके हैं.भारतीय वायुसेना में केवल तीन मिग -21 स्क्वाड्रन काम कर रहे हैं और उन सभी को 2025 की शुरुआत में चरणबद्ध तरीके से हटा दिया जाएगा.

राजस्थान में दुर्घटनाग्रस्त हुआ फाइटर जेट एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था जब वो क्रैश कर गया. इस हादसे में पायलट को मामूली चोटें आई थी. आईएएफ के पास 31 लड़ाकू विमान स्क्वाड्रन हैं जिनमें तीन मिग -21 बाइसन वेरिएंट शामिल हैं. गत 5 जनवरी 2021 को राजस्थान के सूरतगढ़ के पास मिग-21 क्रैश हो गया. पायलट सुरक्षित रहे.

## चतरा : पुलिस ने जब्त किया सात प्रेसर बम



पुलिस की मुस्तैदी से सुरक्षित तरीके से सभी जप्त बम को विनष्ट किया गया। पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में विचरण कर रहे नक्सलियों ने 4 और 8 मई को भाकपा माओवादी के शीर्ष 6 नक्सली ने आत्म समर्पण किया था। आत्म समर्पित माओवादियों के द्वारा दी गई सूचना के आधार पर शनिवार को चतरा पुलिस और झारखण्ड जगुआर के बीडीडीएस टीम-09 एवं सीआरपीएफ 190 बटालियान के द्वारा थाना प्रभारी, हंटरगंज, वशिष्ठनगर एवं राजपुर थाना के नेतृत्व में डीमाईनिंग अभियान चलाया गया।


उक्त डीमाईनिंग अभियान के क्रम में ग्राम-केडिमोह के चश्मली एवं टेढ़ाकुशमा जंगल के आस-पास के पगडंडियों में लगे 07 प्रेशर आईईडी ( 1.5 कि0ग्रा0 का 05 एवं 01 किग्रा0 का 02 आईईडी) को बीडीडीएस टीम की मदद से बरामद किया गया। पुलिस की मुस्तैदी से सुरक्षित तरीके से सभी जप्त बम को विनष्ट किया गया। पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी। अभियान में सहायक समादेष्टा, मुकेश कुमार, सीआरपीएफ 190 बटा0 सी कम्पनी,पुअनि सनोज कुमार चौधरी, थाना प्रभारी, हंटरगंज, पुअनि गुलाम सरवर, थाना प्रभारी वशिष्ठनगर, पुअनि विनोद कुमार, थाना प्रभारी राजपुर थाना,पुअनि कृष्ण कुमार, हंटरगंज थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोग राहत की सांस ली और बढ़ा घटना टल गया।

क्वाड देशों की बैठक में शामिल हुए पीएम मोदी, कहा

## 2024 में क्वाड की मेजबानी करने में होगी खुशी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिरोशिमा में क्वाड देशों के राष्ट्ध्यक्षो के साथ मुलाकात की। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस क्वाड समिट में हिस्सा लेते हुए मुझे खुशी हो रही है। क्वाड समूह इंडो-पैसिफिक में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह इंडो-पैसिफिक व्यापार, इनोवेशन और विकास का इंजन है। क्वाड की बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा यह मंच वैश्विक भलाई, लोगों के कल्याण, समृद्धि और शांति की दिशा में प्रयास करना जारी रखेगा। जापान के हिरोशिमा में क्वाड बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमें 2024 में भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी। क्वाड की बैठक से पहले क्वाड नेता पीएम नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज और जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने एक तस्वीर के लिए पोज दिया।हिरोशिमा में क्वाड देशों की बैठक के दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने कहा कि मैं फिर से करीबी दोस्तों के बीच आकर खुश हूं। एक खुले, स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक साथ खड़ा होना। एक ऐसा क्षेत्र जहां संप्रभुता का सम्मान किया जाता है और सभी बड़े और छोटे देश क्षेत्रीय संतुलन से लाभान्वित होते हैं।क्वाड देशों की बैठक के दौरान जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने कहा हम व्यावहारिक सहयोग में शामिल होने के लिए आसियान, दक्षिण एशिया और प्रशांत द्वीपीय राज्यों के क्षेत्रीय देशों की आवाज सुनेंगे।



**पहली बार मिले पीएम मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की**

**नई दिल्ली :** जापान के हिरोशिमा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के बीच शनिवार को मुलाकात हुई. इस बीच, दोनों देशों के बीच वार्ता भी हुई. ये मुलाकात ऐसे समय हुई है,जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है. इससे पहले पीएम मोदी और जेलेंस्की के बीच कई बार फोन पर बात हुई है. युद्ध के बीच यह पहली बार आमने-सामने मुलाकात और बातचीत हुई है. बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा, यूक्रेन युद्ध दुनिया के लिए एक बड़ा मसला है. इस युद्ध का असर पूरी दुनिया पर है. मैं इसे सिर्फ एक मुद्दा नहीं मानता, बल्कि मेरे लिए यह अर्थव्यवस्था, राजनीति और मानवता का मुद्दा है. भारत और मैं युद्ध के समाधान के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे. युद्ध की पीड़ा क्या होती है, यह बात आप (यूक्रेन) हम सबसे जादा जानते हैं. यूक्रेन मेरे लिये मानवीयता का मुद्दा है. इस बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद रहे.

## राष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर 24 को आएंगी झारखंड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आयेंगी। वे 24 से 26 मई तक झारखंड में रहेंगी। उनके कार्यक्रम की सूचना मिलने के बाद सरकार और प्रशासन ने तीन जिलों देवघर, खूंटी और रांची में तैयारियां शुरू कर दी है। मुर्मू 24 मई को एयरफोर्स के विमान से सुबह सात बजे नयी दिल्ली से रवाना होंगी और सुबह 8:55 बजे देवघर पहुंचेंगी। वहां 9:20 बजे बाबा बैद्यनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद 10:20 बजे वह देवघर सर्किट हाउस पहुंचेंगी। पूजा के बाद राष्ट्पति करीब 30 मिनट तक परिसदन में रुकेंगी। यहां पर जिला प्रशासन की ओर से उन्हें बाबा मंदिर का स्मृति चिह्न, प्रसाद आदि भेंट की जायेगी। इसके बाद करीब 11 बजे राष्ट्पति का विमान रांची के लिए रवाना होगा। राष्ट्पति का विमान दोपहर 12:00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेगा। बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और 12:30 बजे अलबर्ट एक्का चौक स्थित अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। राष्ट्पति दोपहर एक बजे राजभवन पहुंचेंगी। विश्राम करने के बाद राष्ट्पति राजभवन में ही दोपहर 3:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आदिम जनजाति समूह से मुलाकात करेंगी। शाम पांच बजे से छह बजे तक झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन का उद्घाटन करेंगी। इसके बाद रात्रि विश्राम के लिए वे राजभवन लौटेंगी। रांची के धुर्वा के तिरिल मौजा में 24 मई को हाई कोर्ट भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ सहित कई जस्टिस मौजूद रहेंगे। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड का नया हाई कोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट कैंपस है। इसका क्षेत्रफल सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी साढ़े तीन गुणा ज्यादा है। इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से 165 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसमें 72 एकड़ जमीन पर हाई कोर्ट बिल्डिंग सहित वकीलों के लिए आधारभूत संरचना तैयार की गयी है। शेष जमीन पर न्यायाधीशों और रजिस्ट्री के कर्मियों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाना है। राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मू भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ट्रिपल आईटी रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। समारोह में बीटेक और एमटेक के 2019-23 के करीब 120 विद्यार्थी डिग्री हासिल करेंगे। 25 मई की सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक खूंटी स्थित स्टेडियम में कल्याण विभाग की ओर से आयोजित महिलाओं के कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। रांची राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद 26 मई की सुबह नौ बजे से 10:00 बजे तक उनका विशिष्ट व्यक्तियों से मिलने का कार्यक्रम निर्धारित है। दिन के 11:30 बजे राष्ट्पति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से नयी दिल्ली चली जायेंगी।



**600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड का नया हाई कोर्ट देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट कैंपस है।**

### वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने भारत में 55 डिग्री तापमान होने की जताई आशंका

**कानपुर :** वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के तहत प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए रैपिड एट्रिब्यूशन एनालिसिस के अनुसार भारत में 30 गुना लू के थपेड़े चल सकते हैं। यही नहीं कुछ सालों में ही तापमान 55 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की आशंका जताई है। इस पर चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय का कहना है कि अर्बन प्लानिंग में पैसिव एवं एक्टिव कूलिंग विधियों के अपनाने से बढ़ते तापमान पर कुछ हद तक रोक लगाई जा सकती है।

## आमजनों को जागरूक करने को लेकर जागरूकता रथ रवाना

# बिजली विभाग का वन टाइम सेटलमेंट स्कीम पलामू में शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कृषि व घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल पर राहत देने के उद्देश्य से बिजली विभाग की ओर से चलायी जा रही वन टाइम सेटलमेंट स्कीम से जिले के आमजनों को जागरूक करने को लेकर शनिवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त रवि आनंद व विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया.यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों कोवन टाइम सेटलमेंट स्कीम के संबंध में जागरूक करेगा.इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने आमजनों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जून तक आमजन विद्युत उपभोक्ता जाकर अपना बिजली बिल जमा करने के साथ ही अपना डिले पेमेंट सरचार्ज माफ करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी उपभोक्ता का लंबे समय से बिल बकाया है और वर्तमान समय में उसके बिजली बिल की राशि चक्रवृद्धि ब्याज समेत मोटी रकम बकाये के तौर पर बढ़ गयी है तो वैसे उपभोक्ताओं के लिए यह सुनहरा अवसर विद्युत विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में इस योजना का लाभ लेने की अपील की.विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बिल में ब्याज की माफी अधिकतम 5 किस्तों में की जायेगी.उन्होंने बताया कि शहरी व ग्रामीण श्रेणी अंतर्गत 5 KW तक कृषि सिंचाई (IAS-I निजी) श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी लाभ दिया जाएगा साथ ही कृषि, सिंचाई बकायादार लीगल नोटिस नीलामवाद परिवाद वाले उपभोक्ताओं को भी इस योजना से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह योजना 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक लागू है। वहीं वैध बिजली मीटर से 100 यूनिट से कम खपत पर मुफ्त बिजली दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले के आमजन इस योजना का अधिकाधिक लाभ लें सकें,इसी के मद्देनजर यह जागरूकता रथ रवाना किया जा रहा है। **क्या है वन टाइम सेटलमेंट स्कीम :** टाइम सेटेलमेंट स्कीम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के बकाए बिजली बिल के ब्याज यानी डीपीएस को माफ किया जायेगा। ब्याज राशि मासी के उपरांत लंबित बिजली बिल की राशि अधिकतम 5 किस्तों में कोई भी ग्रामीण उपभोक्ता जमा करा सकते हैं या कोई उपभोक्ता एक ही बार में जमा दे सकते हैं। इसके साथ ही कृषि कनेक्शन के बकाया राशि को जमा करने पर भी ब्याज में छूट प्रदान किया जायेगा।

# बेलौदर में देवी माता के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली जलयात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के बेलौदर गांव में भगवान शंकर, भगवान हनुमान तथा देवी माता के नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को जल यात्रा निकाली गई। बाजा- गाजा के साथ जल यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मेन रोड होते हुए बटाने नदी घाट पर पहुंची। जहां मुख्य यजमान खाप कटैया पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के अलावे बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर पुनः नवनिर्मित मंदिर में पहुंचकर कलश को स्थापित किया गया । सभी पूजा अनुष्ठान कार्य वाराणसी से आए पुरोहित दिनेश पाठक के सान्निध्य में तथा बजरंग दल बेलौदर के तत्वावधान में संपन्न कराया जा रहा है। बजरंग दल के अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 24 मई को प्राण प्रतिष्ठा तथा 26 मई को भंडारा का आयोजन होगा। जल यात्रा में मुखिया उमेश साव, राघव सिंह, सीताराम सिंह, बृजेश सिंह, अनुज सिंह, सुदय सिंह, मनोज सिंह संजय सिंह सहित सैंकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## झड़गाड़ा की सामूहिक दुष्कर्म की घटना माफी के काबिल नही, दोषियों को कड़ी सजा मिले : कमलेश



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के झड़गाड़ा गांव में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना की विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कड़े शब्दो में निंदा की है। उन्होंने कहा है कि मामले के दोषी युवकों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ हुसैनाबाद को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। घटना को लेकर वह काफी दुखी हैं, लगातार नजर बनाए हुए हैं। पीड़िता के स्वास्थ्य पर भी नजर बनाए हुए है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उसका ऑपरेशन भी सफल हो गया है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्हे न्याय दिलाने के साथ साथ हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने इस मामले को लेकर एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान को पल पल नजर बनाए रखने की हिदायत की है।

## महुडंड पंचायत में समर शिक्षा का आयोजन 22 मई से होगा प्रारंभ



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुडंड पंचायत के चोरपहरा (टिपुटोला) में शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने केलिए महुडंड पंचायत के गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा अभियान की शुरुआत किया जायेगा सभी विधालय में गर्मी छुट्टी हो जाने के कारण बच्चों बेवजह इधर उधर घुमते रहते हैं इसलिए वर्ग 01से वर्ग 10 तक सभी विद्यार्थियों को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक पढ़ाई किया जायेगा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता लालू कुमार यादव ने बताया कि जो भी शिक्षित और जानकार और जागरूक लोग हैं वह 22 मई से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केलिए भेज सकते हैं पढ़ाई का विषय गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, जिके, जिएस, रिजनिग का क्लाश लिया जायेगा और बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियां करने की बिधि बताया जायेगा उन्होंने बताया कि अपने अपने महुडंड पंचायत के गांव से बच्चों को भेज सकते हैं और प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक टेस्ट और और 30 तारीख को महिने टेस्ट की व्यवस्था किया गया है शिक्षित शिक्षकों के द्वारा शिक्षा अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और पंचायत को लोगों आग्रह है कि अगर निशुल्क शिक्षा अभियान कार्यक्रम में भाग लेना चाहते तो बच्चों को 4 घंटे समय दे कर पढ़ा सकते हैं इस कार्यक्रम आपका स्वागत करते हैं।

## झड़गाड़ा में सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को गिरफ्तार करने के लिए भाजपा उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद थाना के ग्राम पंचायत झरगड़ा में 18 मई 2023 को शाम 8:00 बजे, 16 वर्षीय कक्षा 9 वीं की हरिजन छात्रा अपने घर में खाना बना रही थी कि गांव के ही 6 युवकों ने उसे बा जबरन उठाकर घर से बाहर ले जाकर सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए उपचार हेतु मेदनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है यह घटना हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की है ज्ञात हो कि इससे पूर्व ग्राम महुदंड में बैगा जनजाति की एक नाबालिक छात्रा के साथ बलात्कार की घटना में हुसैनाबाद पुलिस ने अपराध तो दर्ज किया है परंतु अपराधी पुलिस संरक्षण में पिछले 4 माह से फरार चल रहा है। ग्राम इटबांध मे एयरटेल कंपनी के टावर से 24 वोल्ट की 20 नग बैटरी माह फरवरी में चोरी हो गई थी इस मामले में भी नामजद शिकायत के बावजूद हुसैनाबाद की पुलिस हेमंत सोरेन की सरकार में बलात्कार की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है कानून व्यवस्था की स्थिति जैसे निरंकुश हो गई है अपराधी बेखौफ घटनाओं की अंजाम दे रहे हैं। हुसैनाबाद पुलिस की मात्र एक सूत्रीय अभियान है रात्रि में सोन नदी से बालू की चोरी करवाना और मोटी रकम कमाना। चूंकि प्रदेश भर में हेमंत सोरेन की सरकार में न महिला सुरक्षित है, न बहू बेटियां सुरक्षित है, ना व्यापारी सुरक्षित हैं नित्य प्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों में भी लूट, हत्या, बलात्कार, उग्रवाद जैसी घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। यह अत्यंत शर्मनाक व निंदनीय घटना है इस घटना में हुसैनाबाद पुलिस से त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी दरिंदे अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग भाजपा उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया है।

# डबल बिजली कनेक्शन और गलत बिजली बिल से परेशान हैं गरीब किसान : कर्नल संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों के जनता इन दिनों बिजली विभाग के मनमानी से परेशान हैं। डबल बिजली कनेक्शन, गलत बिजली बिल,बंद पड़े मीटर के कारण आम जनता गरीब किसान सभी त्रस्त है। उक्त बातें भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि किसान ब्रिगेड ने ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के निराकरण हेतु आग्रह किया था। लेकिन बिजली विभाग ने इस पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों गांव में इस प्रकार की समस्या हमारे सामने रखी जा रही हैं। हुसैनाबाद प्रखंड के डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम ईटबांध के लगभग सभी घरों में बिजली विभाग के द्वारा डबल कनेक्शन कर दिया गया है और बिल वसूली करने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। बंद पड़े मीटर को ठीक कराने के लिए ग्रामीणों ने बिजली विभाग को आवेदन दिया था लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई। आज किसान ब्रिगेड के माध्यम से ग्राम ईटबांध के लगभग 20 से 25 लोगों का आवेदन बिजली विभाग कार्यालय में विद्युत कार्यपालक अभियंता को देकर डबल बिजली कनेक्शन को सिंगल करने तथा खराब पड़े मीटर को चालू कराने का आग्रह किया गया हैं?। जिससे सरकार द्वारा 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ आम उपभोक्ता को मिल सकेगा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारीयों को चेताया कि इस आवेदन पर ससमय कार्यवाही नहीं की गई तो किसान ब्रिगेड हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में बड़ा जन आंदोलन कर इसका विरोध प्रकट करेगी। मौके पर किसान ब्रिगेड के सदस्य बुटन यादव अजय सिंह सत्यनारायण यादव अमित सिंह सुभाष कुमार तथा रजनीश कुमार सिंह उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में युवक की मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव निवासी स्वर्गीय अजय सिंह का पुत्र पंकज कुमार उम्र 20 वर्ष की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार शुक्रवार की शाम 7:00 अपने बाइक पर सवार होकर मेदनीनगर से अपने घर पोलपोल जा रहा था।तभी रास्ते में जोरकट के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत गई। वही मौत के बाद शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

**जिला परिषद, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2023–24, PR 297331 District(2023-24)_D, द्वारा निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 22.05.2023 को संशोधित करते हुए दिनांक 29.05.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक निर्धारित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 30.05.2023 के अपराह्न 4.00 बजे उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 297869 District (23-24)_D

## तोलरा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को ले निकली जलयात्रा

# लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के साथ में विष्णु मंदिर में होगा लक्ष्मी नारायण भगवान की प्रतिमा स्थापित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर, (पलामू) :** तोलरा गांव में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य जलयात्रा निकाली गई। बाजेगाजे के साथ निकली विशाल जलयात्रा में शामिल सैकड़ो श्रद्धालु के जय श्रीराम के उदघोष से क्षेत्र भक्ति की धारा प्रवाहित हो उठी। सैकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुष कलश के साथ कतारबद्ध होकर नंगे पांव पैदल चलकर गांव की आराध्य देव स्थल शोखा बाबा परिसर पहुंचे। जहां पूजन करते हुए कोयल नदी पहुंचे। जहां कोयल नदी से वैदिक मंत्रों चारण के साथ जलभरकर श्रद्धालु वापस यज्ञस्थल पर पहुंचे। जहां कलश को स्थापित किया गया। जुलुस में झंडे -पताकों के साथ युवावर्ग के जय श्रीमन नारायण के लगातार उदघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जुलूस में यज्ञाचार्य ब्रह्मदेवाचार्य व यज्ञ संपन्न कराने पहुंचे विद्वान पंडितों ने कलश पूजन का विधि -विधान संपन्न कराया। इस प्रारंभिक धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत रविवार को ध्वजापूजन व मुख्य यज्ञकुंड में अग्निप्रवेश के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ जारी रहेगा। इस दौरान प्रातः व दिवस काल में यज्ञाचार्य के साथ विद्वान पंडितों का मानस का सस्वर संपुट पाठ चलता रहेगा। जबकि रात्रिकाल में प्रख्यात अलग-अलग क्षेत्रों से पधारे विद्वान प्रवचन कर्ताओं के द्वारा जारी रहेगा। तोलरा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के कलश यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, विधानसभा प्रत्याशी सह युवा समाजसेवी विकास दुबे रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, टिकैत चौबे, गुरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य गुड्डू पांडे, अध्यक्ष तुलसी तिवारी, सचिव रासबिहारी तिवारी उर्फ मखीरन, मुखिया रोहित तिवारी, कुश तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, राजेश तिवारी, विजय तिवारी, किरानी तिवारी, अशोक तिवारी, धीरन तिवारी, अरुण तिवारी, विनय तिवारी, अनुज तिवारी, प्रवीण सिंह, राकेश सिंह, कौशल मिश्रा सहित हजारों की संख्या में महिला, पुरुष,बच्चे शामिल हुए।

## बूढ़ीवीर में हो रहा वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का निर्माण, स्थानीय खिलाड़ियों में हर्ष

**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटो हो खेल मैदान के निर्माण को लेकर बूढ़ी वीर पंचायत में किया गया लेआउट तैयार। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बूढ़ीवीर पंचायत के बूढ़ीवीर गांव में पोटो हो खेल मैदान निर्माण के लिए लेयाउट तैयार किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव के मौजूदगी में मनरेगा के पदाधिकारीयों और कर्मियों ने इस खेल मैदान के लिए और चेंजिंग रूम के साथ शौचालय के लिए लेआउट तैयार किया साथ ही संबंधित कर्मियों को जल्द से जल्द इस खेल मैदान निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जनसंपर्क अधिकारी ने बताया की मनरेगा योजना के तहत मैदान को तैयार किया जाएगा।

## चैनपुर में पुलिस ने अभियान चला अवैध शराब को किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** अकड़ाही में चैनपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ की करवाई। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश के आलोक में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अकड़ाही इलाके में अवैध शराब निर्माण को लेकर करवाई की। अभियान के दौरान एक दो घरों से अवैध जावा महुआ को जब्त करते हुए उसे मौके पर ही नस्ट कर दिया गया।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 02.06.2023 को 1.00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.06.2023 का 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.06.2023 को 3.30 बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of U.G Girls Hostel -6 ( Sita ) Attached to RIMS Ranchi For the Year 2023-24 | 18,10,900.00 | 36,500.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 297899 Building(23-24)D

# मालगाड़ी की चपेट में आने से शिक्षक की मौत



फ़ाइल फोटो सुनील शुक्ल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शनिवार की सुबह जैसे ही लोगों की आंखे खुली एक झकझोर देने वाली खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया। नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे कला गांव निवासी शिक्षक नेता सह सुप्रसिद्ध कवि सुनील शुक्ल की असमायिक मौत की खबर से पूरा क्षेत्र सदमे में है। फिलहाल वे हाईस्कूल जतपुरा में पदस्थापित थे। सुनील शुक्ल सुबह उठ कर अपने खेत की तरफ घूमने गये थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान वे मालगाड़ी की चपेट में आ गये। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की खबर पाल्हे कला, जतपुरा समेत आसपास के गांवों में आग की तरह फैल गई। खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गये। थोड़ी देर में घटनास्थल पर शव देखने के लिये लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों के साथ साथ लोगों की आंखे नम थी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों ने चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। दोपहर में बांकी नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अभिषेक शुक्ल ने दी। शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। उधर घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर दुःख व्यक्त किया तथा परिजनों को सांत्वना दी। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। **मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी शिक्षक सुनील शुक्ल की :** शिक्षक सुनील शुक्ल की मानसिक स्थिति कुछ माह से ठीक नहीं चल रही थी। उनके एक पुत्र की कुछ वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गुई थी। जिससे वे उबर नहीं पाये थे। तब से वे काफी तनाव में चल रहे थे। **बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे सुनील शुक्ल :** सुनील शुक्ल बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे कुशल शिक्षक के अलावे, कवि, गीतकार के साथ झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ रमना के सचिव भी थे। आदर्श शिक्षक के रूप में जाने वाले सुनील शुक्ल शिक्षकों के हित मे संघर्ष करने के लिये भी हरवक्त तैयार रहते थे। उनके असमायिक निधन से शिक्षा जगत स्तब्ध है।

## हज हेल्प कमिटी हर साल की तरह इस साल भी हज यात्रियों को सेवा करेगी : सैयद हसनैन जैदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलाम :** हज हेल्प कमिटी ऑर्गनाइजर - सैयद हसनैन ज़ैदी कॉंग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश के अल्पसंख्यक महासचिव जो विगत 25 वर्षों से अधिक हज यात्रियों को सेवा करते आ रही है और इस वर्ष भी तमाम हाजी यात्रियों खिदमत के लिए इनकी टीम पूरी तरह तैयार है उन्होंने कहा कि किसी भी हाजी यात्री को हज यात्रा के दौरान कोई भी मुश्किल पेश आए तो तत्काल इनके दिए हुए नंबर पर कॉल करे हम सभी एन जी ओ से मिलकर मुफ्त में सेवा करते हैं जो लोग हज के लाभुक है वे लोग इस व्यक्ति से सिधा संपर्क कर सकते हैं ताकि अन्य सुविधाओं लाभ मिल सके मोबाइल नंबर 917631040010 मक्का अल मोकर्रामा मसूद खान - +966590331342) तालिब अहमद - +966502681095 मो. इबरार खान - +966551412437 एजाजुल हक़ +966551412437 मदीना मनौव्वरा सैय्यद काशिफ़ +966590476786 शाहीन मलिक +966532907527 सैयद फरहान +966502434836 फिरोज़ साहब +966553796431 इसके अलावा बच्चो को निःशुल्क शिक्षा देने वाली तंजीम बिहार एंड झारखंड अंजुमन भी अपने आप में बेमिसाल है जिसकी शिरकत भी इस खिदमत में शामिल है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 03/2022–23**
**PR no. 273842 का षष्टम् आमंत्रण**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 22.05.2023 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.05.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 31.05.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 01.06..2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 08084784990
9. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 6 nos. 125 /115 mm Dia and 60 m deep Drilled Tube Well with installation of IM-II hand pump, 1.85 m diameter PCC platform and 3.0 m long drain on Turn-Key basis in different Rural habitations in Lohardaga District during FY 2022-23. | 4,34,104.00 | 8,700.00 | 750.00 | 01 months |

नोट :– 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR.NO.297917 Lohardaga(23-24):D

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या का आरोपी पुलिस को चकमा देकर किया सेरेंडर

**रांची।** जमीन कारोबारी अनिल कुमार उर्फ कल्लू यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपित सुनील यादव ने अचानक पुलिस को चकमा देते हुए रांची के सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बता दें बीते तीन मार्च को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट के पास स्थित एक हार्डवेयर दुकान में कल्लू यादव की हत्या जमीन विवाद में करवायी गयी थी। कल्लू यादव की हत्या बिहार स्थित फुलवारी शरीफ के रहने वाले अपराधी अभिषेक कुमार पासवान उर्फ छोटू ने की थी। छोटू को इसके लिए तीन लाख रुपये मिले थे। टेक्निकल सेल की मदद से शूटर अभिषेक को हजारीबाग से गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ में ही सुनील यादव का नाम आया था। इसने ही कल्लू यादव की हत्या की साजिश रची थी।

### पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तत्वधान में लेक व्यू अपार्टमेंट स्थित बरियातू कराटे क्लब में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले दिनों ऑल इंडिया इन्विटेशनल कराटे चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सम्मानित किया गया।शिहान सुनील किस्पोट्टा कहा कि इस प्रतियोगिता में इमा के खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन किया है। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में एरिक अनमोल टूडू स्वर्ण एवं कांस्य पदक इवेंजलिना अंशिता तिर्की रजत एवं कांस्य पदक इवेलीन जीवी हेमब्रोम दो कांस्य पदक वृष्टि मोनिका केरकेट्टा कांस्य पदक मारिया लवलीन खेस कांस्य पदक मिशेल जसलीन खेस कांस्य पदक अन्य ट्विंकल कुजुर कांस्य पदक शामिल हैं।

# अल्बर्ट एक्का चौक से हटाया गया अतिक्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची नगर निगम अंतर्गत मेन रोड का सबसे व्यस्त मार्ग और यहां पर फुटपाथ दुकानदारों द्वारा जिस तरह से सड़क के किनारे लगे रेलिंग पर कपड़ा का थोक रखकर बेचते हैं, फुटपाथ पर ठेला खोमचा लगाकर अवरोध पैदा करना , यातायात जाम की समस्या का मुख्य कारण बनना, इन सबको देखते हुए लगातार अभियान चलाने की बात नगर निगम द्वारा की गई है । प्रभात मंत्र प्रमुखता से खबर को छापा और इसी क्रम में शनिवार को शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर अतिक्रमण हटाओ अभियान तेजी के साथ में रोड में चलाया गया। हिदायत दी गई है कि रविवार से अगर फुटपाथ पर , रेलिंग पर कपड़ा टंगा हुआ नजर आया, ठेला खोमचा नजर आया तो, जब्त कर लिया जाएगा, जुर्माना भी वसूला



जायेगा। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 को रांची आ रही हैं, इसको लेकर रांची जिला प्रशासन,नगर निगम पूरी तरह से अलर्ट हो चुकी है, और रांची को सुंदर और खूबसूरत बनाने में लगी हुई है।

**वेंडर मार्केट में नहीं मिलेगा दुकान:** नगर निगम द्वारा संचालित इंफोर्समेंट टीम के पदाधिकारी एमके सिंह ने कहा कि हम लोग फुटपाथ से सामान जब्त कर ले जाते हैं ,जुर्माना भी लगाते हैं, और कई बार चेतावनी भी देते हैं, बावजूद इसके हम लोगों के जाने बाद फिर यह लोग उसी तरह से दुकान सजा देते हैं , लेकिन इस बार अंतिम बार चेतावनी दी गई है । ट्रैफिक एसपी नगर आयुक्त और सभी पदाधिकारियों का निर्देश है कि यदि इस बार फुटपाथ पर ठेला खोमचा, रेलिंग पर कपड़ा लगाया तो ना सिर्फ से ज़ब्त करना बल्कि उस पर मामला दर्ज कर दिया जाएगा ।

**नगर आयुक्त ने बताया:** नगर आयुक्त शशि ने कहा कि शहर को सुंदर बनाने में सभी को सहयोग देना है, लेकिन जिन फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले समस्या पैदा कर रहे हैं उसका भी हल निकाल लिया गया है, वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित सर्वे में उसे ही जगह मिलेगी जिसकी शिकायत नहीं है। ऐसे लोगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है जिसका दुकान वेंडर मार्केट में मिल चुका है, फिर भी वे खुद या अपने किसी परिचित से फुटपाथ पर दुकान सजा रहा है, उसका आवंटित दुकान रद होगा, जो फुटपाथ पर बेच रहा है नियम विरुद्ध उसे भी नहीं मिलेगा।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 24-26 मई 2023 के राँची परिभ्रमण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त राँची, दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक, नगर, सुधांशु जैन, पुलिस अधीक्षक, यातायात राँची, हारिस बिन जमां, अपर समाहर्त्ता राँची, राजेश कुमार बरवार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राँची, राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), दीपक दुबे, निदेशक डीआरडीए, रामवृक्ष महतो, नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी राँची, प्रवीण प्रकाश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राँची, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर राँची, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा राँची, जिला नजारत उप समाहर्त्ता राँची, केवल कुमार अग्रवाल, असैनिक शल्य-सह-



मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी राँची, डॉ. विनोद कुमार, कार्यपालक अभियंता, भ.नि.वि. भ.प्र.सं-2 राँची, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग (पथ प्रमंडल शहरी) कार्यपालक अभियंता पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल पूर्वी/ पश्चिमी/ गोंदा, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, विशेष प्रमंडल राँची एवं संबंधित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।उपायुक्त ने राष्ट्रपति के राँची परिभ्रमण कार्यक्रम के पूरे कार्यक्रम एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पूरी व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त होनी चाहिए।

**समीक्षा बैठक करते हुए निम्नलिखित निर्देश दिया गया:**

(1) उपायुक्त, राँची ने राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम के प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

(2) संबंधित अधिकारी को चिकित्सा दल एवं कार्डियक एम्बुलेंस सभी प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पर तैनात रखने एवं संबंधित अस्पताल को 24 घंटे सारी व्यवस्था के साथ तैयार रहने और ब्लड डोनर को तैयार रखने को कहा।फर्स्ट फैमिली हेतु संपर्क पदाधिकारी, गार्ड ऑफ ऑनर, फायर, वीवीआइपी लाउन्ज, विमान सुरक्षा, फ्यूल, कारकेड के वाहनों में पानी आदि की व्यवस्था, राष्ट्रपति के दल के लिए आवास/वाहन/ भोजन की व्यवस्था करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए राष्ट्रपति का राँची परिभ्रमण कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था, क्लोज प्रोटेक्शन टीम, कार्यक्रम स्थल में हथ ड्रोन जोन घोषित करना एवं हवाई अड्डा के अतिरिक्त माननीया राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रम स्थल एवं उनके पहुँच मार्ग पर पड़ने वाले सभी ऊंचे भवनों एवं संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहां सुरक्षा मुहैया कराने को कहा।

## जनजातीय एवमं क्षेत्रीय भाषा विभाग में नये कॉर्डिनेटर होंगे डॉ. विनोद कुमार

**इस अवसर पर विभाग के पूर्व कॉर्डिनेटर प्रो. रामदास उरांव ने अपना पदभार सौपा, साथ ही इन्होंने नये कोर्डिनेटर को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के अंतर्गत जनजातीय एवमं क्षेत्रीय भाषा विभाग में खोरठा भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार को विश्वविद्यालय की ओर से नए कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया । नये कोर्डिनेटर ने 20/05/2023 को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के पूर्व कॉर्डिनेटर प्रो. रामदास उरांव ने अपना पदभार सौपा, साथ ही इन्होंने नये कोर्डिनेटर को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस इस अवसर पर कुड़मालि भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.पी. महतो ने नए कॉर्डिनेटर को शुभकामनाएं एवमं बधाई देते हुए, सभी 9 भाषा विभाग को समन्वित कर विभाग को नई ऊँचाई तक ले जाने की कामना की । इस अवसर पर 9 भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक - हो के डॉ. जयकिशोर मंगल, प्रो. दिलदार पूर्ति, कुड़मालि के डॉ. निताई चंद्र महतो, नागपुरी के डॉ. मालती वागीशा लकड़ा, डॉ. मनोज कच्छप, प्रो. युगेश कुमार महतो, कुड़ुख के डॉ. सीता कुमारी, खोरठा के डॉ. अजय कुमार, संताली के प्रो. सन्तोष मुर्मू, समाजशास्त्र के डॉ. अजिता कुमारी एवं अन्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# आरपीएफ हटिया ने 10 किलो गांजा किया जब्त, दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आरपीएफ हटिया, जीआरपी हटिया तथा आरपीएफ रांची मण्डल की फ्लाइंग टीम द्वारा सम्मिलित रूप से हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक पर ट्रेन संख्या 18452 पूरी हटिया एक्सप्रेस के आगमन पश्चात दो व्यक्तियों को संदेहास्पद स्थिति में प्लेटफार्म पर निकास गेट की तरफ जाते देखा , जिसमे एक व्यक्ति के पीठ पर कुछ भारी सामान लदा हुआ था, संदेह होने पर उन व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई तथा उसके बैग की तलाशी ली गई । जिसपर उसके अंदर गांजा पाया गया। तत्काल इसकी सूचना हटिया आरपीएफ ने अपने वरिष्ठ ऑफिसर रांची मंडल के इंचार्ज पवन कुमार को दिया। जिनके निर्देशानुसार तमाम औपचारिकता को पालन कर 10 किलो गांजा जिसकी कीमत 1,20,000 रुपए (एक लाख बीस हजार) आंकी गई है। जिसे जब्ती सूची बनाकर दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जीआरपी हटिया को अगली कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। जांच



दल में उपनिरीक्षक दीपक कुमार उपनिरीक्षक सूरज राजबंशी महिला उपनिरीक्षक साधना कुमारी शामिल थे।

# रांची : भाजपा मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा टाटीसिलवे मंडल कार्यसमिति समिति की बैठक महिलौग स्थित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो के कंपलेक्स में संपन्न हुई। जिसमें इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महा संपर्क अभियान को पूरे टाटीसिल्वे मंडल मे अच्छे ढंग से संचालन करने हेतु यह बैठक आहूत की गई ।

जिसमें प्रदेश भाजपा प्रलेखन विभाग के संयोजक अमित चरण, मंडल के प्रभारी मनोज चौधरी, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष निम्न वक्ताओं के द्वारा इस महा संपर्क अभियान को पूरे मंडल में बहुत अच्छे ढंग से पूरा करें इन बातों पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। साथ आजीवन समर्पण राशि के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं संचालन रुदेश्वर राय महामंत्री धन्यवाद ज्ञापन राणा दिनकर सिंह उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया ।

इस कार्यक्रम में माधुरी देवी ग्रामीण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष , अमित कुमार मिश्र महामंत्री , सत्यजीत सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा ,गोवर्धन महतो अध्यक्ष किसान मोर्चा, रामकृष्ण महतो , विजय महतो, दयानंद राय, राकेश कुमार सिंह, महेंद्र महतो, सुभाष श्रीवास्तव ,उधो चंद्र महतो, रमेश लाकड़ा, संतोष महतो, मनोज महतो गिरिधर मिश्र बीना देवी और भी बहुत सदस्य उपस्थित हुए ।

# संत जेवियर्स कॉलेज में रीयूनियन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** संत जेवियर्स कॉलेज में 1994-1996 एवं 1996-1999 मैच के विद्यार्थियों का रीयूनियन रविवार 21 मई को सुबह 10.00 बजे से फादर डिब्रावर मेमोरियल ऑडोटोरियम में होगा। रीयूनियन में आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के 350 विद्यार्थी सपरिवार शामिल हो रहे हैं। रीयूनियन आयोजन समिति के चेयरमैन अनसेलम कुजूर व सचिव अब्दुल रहमान अंसारी ने बताया कि इस अवसर पर बैच के 13 विद्यार्थियों



को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी, जो कोरोना के समय इस दुनिया से चल बसे थे। कार्यक्रम में 35 प्रोफेसर विशेष रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर नाबोर लकड़ा होंगे। बैच के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

पति की अंतिम इच्छा पूरा करेंगी पत्नी

रीयूनियन का आयोजन कोविड के कारण स्थगित करना पड़ा था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जॉनसन तिर्की ने विशेष रूप से सूट सिलवाया था, लेकिन निधन के समय उन्होंने पत्नी को इस कार्यक्रम में शामिल होने की वसीयत की. वसीयत के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होने उनकी पत्नी विशेष रूप से कोलकाता से आ रही हैं। उक्त जानकारी मीडिया उपसमिति के चेयरमैन डॉ शाहनवाज कुरैशी ने दी।

# सिमडेगा के दर्जनों लोग झामुमो में हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** हरमु स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में पार्टी के निती-सिद्धान्तों पर आस्था एवं पार्टी के अध्यक्ष दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पाण्डेय के समक्ष सिमडेगा जिला के नेता गण अपने कई समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए।जिसमें सुनील सुरीन, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, पंचायत बंगरू सिमडेगा सह प्रवक्ता,



झारखण्ड पार्टी (एनोस गुट) रैमन बा, पूर्व प्रमुख, पाकरटांड सह वर्त्तमान पंचायत समिति सदस्य आसनबेड़ा सह काँग्रेस जिला महासचिव, सिमडेगा सह अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो उपाध्यक्ष, तारामणि सोरेंग, सिमडेगा जिला सचिव, काँग्रेस, सह प्रमुख बांसजोर प्रखण्ड, रोशनी कुल्लू, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह वर्त्तमान मुखिया तरगा पंचायत, बांसजोर, जिला सिमडेगा,ज्योति डांग, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष, काँग्रेस, ठेठईटांगर, जिला सिमडेगा,बाबू लाल बड़ाईक, वरिष्ठ काँग्रेस पार्टी सदस्य, जिला सिमडेगा शामिल हैं। उक्त सभी नेतागण अपने समर्थकों के साथ पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनील कन्डूलना एवं जिला सचिव सफिकउल इस्लाम खान के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने के लिए पहुंचे।

# नये हाई कोर्ट भवन में शिफ्टिंग की तैयारी जोर-शोर से शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची धुर्वा के तिरिल मौजा में 72 एकड़ में बने झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इसके पहले शनिवार को डोरंडा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के पुराने भवन से धुर्वा स्थित हाई कोर्ट के नए भवन में शिफ्टिंग की तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई। पुराने हाई कोर्ट भवन में करीब 37 सेक्सन, जिनमें इस्टैब्लिशमेंट, जुडिशल सेक्शन, लाइब्रेरी, रिकॉर्ड रूम आदि से सामानों, संसाधनों, फाइलों, कंप्यूटर आदि को वाहनों से हाई कोर्ट के नए भवन में ले जाया जा रहा है। इन संसाधनों को धुर्वा के हाई कोर्ट के नए भवन में सिर्फ ले ही नहीं जाया जा रहा है, बल्कि उन्हें क्रमवार रखा और सुसज्जित भी किया जा रहा है। ग्रीष्मावकाश के बाद 12 जून से हाई कोर्ट के नए भवन में कोर्ट चलेगी। ग्रीष्मावकाश में पुराने हाई कोर्ट भवन से सभी सामानों को नए हाई कोर्ट भवन पहुंचा दिया जाएगा।

## फरार दाहू के पिता की जमानत याचिका पर फैसला 26 को

**रांची :** रांची ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को पशुपति यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पशुपति यादव की तरफ से हाई कोर्ट के अधिवक्ता जय शंकर त्रिपाठी ने दलील दी। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने पशुपति यादव के जमानत याचिका पर फैसला सुनाने के लिए 26 मई की तिथि निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि पशुपति यादव दाहू यादव के पिता हैं। दाहू यादव साहिबगंज में हुए अवैध खनन से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस में आरोपित है और वह फरार है।

# तस्करी के तीन आरोपित गिरफ्तार दो किलो अफीम बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दशमफॉल थाना पुलिस ने दो लाख के अफीम के साथ तस्करी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार तस्करों में मंगरा लोहरा, कुंवर मुंडा, लखन मुंडा शामिल हैं। इनके पास से दो किलो अवैध अफीम और मोबाईल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दशम फॉल थाना के रोसेल



टोला के आस-पास कुछ अफीम तस्कर अफीम की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रोसेल टोला पहुंची और आरोपितों को पकड़ लिया। दोनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि अफीम आडाडीह के लखन मुंडा से खरीदकर लाये थे। इसे चतरा ले जाकर बेचने की योजना थी। लखन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लोग अवैध रूप से अफीम की खेती करते हैं।

# राज्य में अराजकता का माहौल : सुदेश महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वर्तमान की जो तस्वीर है, वह भविष्य के लिए खतरनाक संकेत है। राज्य में चौतरफा अराजकता का माहौल है। जनादेश छला गया है। अब चुप बैठने का समय नहीं है। धोखेबाज और निकम्मी हुकूमत की आंखों में आंखे डालकर हिसाब लेने का समय आ चुका है। झारखंड की बड़ी आबादी के हितों के लिए हमने वही सवाल उठाए हैं, जिन्हें पूरे करने के वादे पर वर्तमान हुकूमत राज कर रही है।उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कही।बिजली की चरमराई हालत पर उन्होंने कहा कि लचर सिस्टम और कमजोर नेतृत्व के कारण राज्य में यह स्थिति उत्पन्न हुई है। सरकार की अस्पष्ट कार्य योजना और तैयारियों के अभाव के कारण आम जनमानस को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। पढ़ाई-लिखाई, खेती - सिंचाई, व्यापार, इलाज सभी पर



इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सरकारी सिस्टम के तौर-तरीके तथा सरकार की नीतियों को गौर करें तो यह साफ-साफ दिखता है कि साढ़े तीन सालों में इन्होंने बिजली व्यवस्था सुधारने तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को लेकर कुछ भी नहीं किया। सभी सेक्टर में इनकी स्थिति लगभग यही है। सच तो ये है कि सरकार ने विकास के किसी भी मानक में कोई उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज नहीं की।

आजसू परिवार में गिरिजा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह युवा नेता स्नेह नमन तथा टाटा वर्कर्स यूनियन, नोवामुंडी डिवीजन के महासचिव तुलास्यान रेड्डी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आज शैक्षणिक और श्रमिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के समागम से पार्टी को बल मिलेगा।

# दयानंद को लोअर बाजार और ममता को लालपुर थाने की मिली जिम्मेदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने देर रात रांची शहर के 11 थानेदारों का तबादला करते हुए इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है ।

**कौन कहां गए:** लोअर बाजार थाना प्रभारी संजय कुमार को अरगोड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है वहीं दयानंद कुमार को लोअर बाजार थाना प्रभारी बनाया गया है। अरगोड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार को सुखदेव नगर का थाना प्रभारी बनाया गया है। वेंकटेश कुमार को चुटिया थाना प्रभारी में पुनः प्रतिनियुक्ति किया गया है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित आलोक कुमार को यातायात लालपुर थाना पुलिस बनाया गया है। अरविंद कुमार सिंह को जगन्नाथपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। जगन्नाथपुर में प्रतिनियुक्त यातायात थाना प्रभारी इम्तियाज हसन कोतवाली यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है। यातायात थाना प्रभारी कोतवाली जॉन मुर्मू यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है।डेली मार्केट थाना में प्रतिनियुक्त मधुसूदन मोदक को डेली मार्केट का थाना प्रभार दिया गया है।ममता कुमारी को लालपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। डोरंडा थाना में प्रतिनियुक्त लक्ष्मीकांत को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया।

## चुरी होयेर में अनियंत्रित होकर कार पलटा एक गंभीर रूप से घायल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र के चुरी होयेर अम्बा टोंगरी के पास अनियंत्रित होकर कार दुर्घटना ग्रस्त होकर पलट गया गया। दुर्घटना गस्त होने से कार में सवार तीन व्यक्ति में से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दो अन्य को आंशिक चोटे आयी है। घटना लगभग 2 बजे दोपहर का बताया जाता है. जानकरी के अनुसार खलारी थाना क्षेत्र के चदरा धौड़ा से तीन साथी एक कार बी आर 01 ए जेड 2534 में सवार होकर मैक्लुस्कीगंज टू पतरातू मुख्य मार्ग से रांची की जा रहे थे। इसी क्रम में चुरी होयेर के अम्बा टोंगरी के पास ब्रेक लगाने के क्रम में कार अनियंत्रित हो कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। कार दुर्घटना ग्रस्त होने से चदरा धौडा निवासी शंकर नाहक (30 वर्ष) को गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दो लोग अशोक प्रसाद केशरी व विक्की केशरी को आंशिक रूप से चोट आई है। गंभीर रूप से घायल शंकर नाहक को मुँह में गंभीर चोटे आयी है। जिसे आनन फानन में ग्रामीणों के मदद से डकरा केंद्रीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रांची रिम्स रेफर किया गया।

## दामोदर पुल के डिवाइडर से टकराकर मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र सीमांत बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित बघमरी पुल (दामोदर ब्रिज) में एक बाइक सवार युवक की दुर्घटना ग्रस्त हो जाने से घटनास्थल पर मृतु हो गया। घटना शनिवार की दोपहर एक बजे की बताई जा रही है। मृतक के जेब (पॉकेट) में मिले आधार कार्ड से पहचान में भुरकुंडा जवाहर नगर निवासी तीस वर्षीय आकाश सिंह के रूप में किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक चामा रामदगा में अपनी बहन के पास आया था। उसके बाद वह सीरम में अपने एक परिचित से मिलने गया था। उसके बाद वापस रामदगा लौटने के क्रम में बघमरी पुल पर बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग (डिवाइडर) से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर राहगीर व स्थानीय लोगो ने मैकलुस्कीगंज एव बालूमाथ पुलिस को घटना की जानकारी दिया गया। जिसके बाद मैकलुस्कीगंज एव बालूमाथ पुलिस भी पहुँची। घटना बालूमाथ थाना क्षेत्र में होने के कारण बालूमाथ पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को अपने कब्जे ले लिया था।

## झारखंड सरकार के ट्रायल चयन प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राय से हजारीबाग रवाना हुए

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के 5 बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी राय से हजारीबाग के लिए रवाना हुए। सभी क्लब के पांचो एथलेटिक्स खिलाड़ी को खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित ट्रायल चयन प्रक्रिया मे क्लब के द्वारा शामिल किया गया। ट्रायल चयन प्रतियोगिता मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को सरकार के द्वारा नि शुल्क खेल कूद प्रशिक्षण, रहने के लिए होस्टल, खाने की सुविधा,12 वीं कक्षा तक पढाई एवं खेल किट सरकार के द्वारा नि शुल्क दिया जाएगा। ट्रायल चयन प्रतियोगिता मे पूरे झारखंड राज्य से कई जिलो के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के पांचो बालिका में अंतरा कुमारी , गायत्री कुमारी ,वर्षा कुमारी, निशा कुमारी एवं वर्षा कुमारी साथ मे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के सचिव सह खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो भी कोच के रूप मे शामिल हुए।

## बंदी को सफल बनाने के लिए सड़क पर उतरेंगे रैयत विस्थापित

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रैयत विस्थापित मोर्चा डकरा शाखा की बैठक चुरी दक्षिणी पंचायत भवन में हुई।जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सुनील यादव एव संचालन जगरनाथ महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह,नरेश गंझू ,रामलखन गंझू,अमृत भोगता आदि उपस्थित थे।बैठक में मोर्चा के द्वारा 29 मई को घोषित एनके एरिया बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में बिगन सिंह भोगता ने कहा कि बंदी को सफल बनाने के लिए डकरा परियोजना के सभी रैयत विस्थापित एकजुट होकर बंदी को सफल बनाना है।29 को डकरा परियोजना के रैयत विस्थापित को प्रबंधन को अपनी ताकत दिखाना होगा तभी आपका हक अधिकार देने के लिए मजबूर होगा।बैठक में सभी रैयत विस्थापितो ने बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया। बैठक में भूषण यादव, शिवनारायण लोहरा, प्रभाकर गंझू, रामधारी गंझू, अनिल यादव,गणेश यादव, रविन्द्र यादव, श्यामजी महतो,मनदीप यादव, सहित कई लोग मौजूद थे।

# बीजेपी की सरकार बनी तो संताल परगना में कराएंगे एनआरसी : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** भाजपा विधायक दल के नेता एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी तो संताल परगना में मिनी एनआरसी कराएंगे। उन्होंने साहिबगंज और पाकुड़ जिले में बांग्लादेशी घुसपैठ पर चिंता जाहिर करते हुए यह बातें कही। मरांडी ने कहा कि 1990 के दशक में तत्कालीन साहिबगंज डीसी ने भारी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान की थी, इसका प्रमाण भी है। उन्होंने सरकार के रवैए पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि कम से कम संथाल परगना में एनआरसी करा कर दिखाएं। ताकि यहां कौन कब आकर बसा है, इसका पता चल सके। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस पर संज्ञान लिया है। उन्होंने राज्य सरकार के 60/40 के नीति पर भी सवाल उठाया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को अवसर मिलना चाहिए। ?भाजपा का यही स्पष्ट नीति भी रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इसे लागू भी किया। लेकिन वर्तमान सरकार ने इसमें बदलाव लाकर युवाओं को उलझन में डाल दिया है। बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। कहा कि आज भारत की विकास को देखकर पूरा विश्व चकित है। कोरोना काल में जब दूसरे देशों की आर्थिक गति रुक गई थी, भारत की अर्थव्यवस्था तब भी तेजी से आगे बढ़ रही थी। पूर्व की सरकारों में आतंकवादियों का दहशत था। कभी महाराष्ट्र, दिल्ली तो कभी पार्लियामेंट के अंदर भी हमले होते रहे। लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद आतंकी गतिविधियों पर विराम लग गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर क्षेत्र में देश को आगे लेकर गए। वहीं बाबूलाल मरांडी ने बाबरी मस्जिद और धारा 370 का भी जिक्र किया। मौके पर अल्पसंख्यक राष्ट्रीय मंत्री मिसफीका हसन, भाजपा जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन,अनुग्रहित प्रसाद साह,विवेकानंद तिवारी,हिसाबी राय भी मौजूद थे।

## समीक्षा बैठक में एसपी ने किया थाना वार केस का रिव्यू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शनिवार को एसडीपीओ कार्यालय पहुंच कर एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान सभी थाना केश का रिव्यू किया। बैठक में एसडीपीओ प्रदीप उराव व पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपस्थित थे । निरीक्षण के दौरान एसपी ने अनुमंडल पुलिस क्षेत्र के सभी थानों में लंबित कांडों की जांच की । उन्होंने एसडीपीओ को कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर कार्यालय में अपराध अनुप्रमाणी मासिक कार्य विवरणी समेत विभिन्न पंजियों का निरीक्षण करते हुए कहा कि पंजियों को अद्यतन एवं संधारित रखें। एसपी ने फरार वारंटियों की गिरफ्तारी अपराध नियंत्रण के लिये विशेष चौकसी बरतने निरंतर गश्ती अभियान चलाने वाहन जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस बल से हमेशा सजग और सतर्क रहने को कहा । मौके पर राजमहल थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ,राधानगर थाना राकेश कुमार, तीनपहाड़ थाना प्रभारी चिंतामन रजक, तालझारी थाना प्रभारी प्रमोद टूडू व अन्य पुलिसकर्मी गण उपस्थित थे।

## कौशल किशोर को कालाहांडी उड़ीसा में किया गया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** प्रतिभा और समर्पण के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, झारखंड के साहेबगंज जिलांतर्गत उधवा प्रखंड निवासी कौशल किशोर को कालाहांडी में जिला प्रशासन व टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के संयुक्त सहयोग से आयोजित जॉब फेयर में उनके उत्कृश्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। जिला रोजगार विनिमय अधिकारी, कालाहांडी ने कौशल के उत्कृष्ट कार्यो एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र भेंट कर हार्दिक बधाई दी।कौशल ने कहा कि वो ओडिशा के कालाहांडी जिला में कैवल्या एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से फेला के रूप में कार्यरत थे। जहां कालाहांडी जिले में आयोजित जॉब फेयर उन युवा लड़कियों के बेहतर अवसर था जो ग्रेजुएट करने के बाद भी बेरोजगारी से जुझ रही थी। इस जॉब फेयर में 1500 युवा लड़कियों ने भाग लिया जिसमें 300 प्रतिभागियों को सीधे तौर पर ऑफर लेटर दिया गया। जहां कालाहांडी के जिला रोजगार विनिमय अधिकारी की ओर से मुझे ये प्रशस्ति पत्र प्राप्त होना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। साथ ही कौशल ने केईएफ और कालाहांडी जिला प्रशासन का धन्यवाद किया है जिन्होंने मुझे ऐसे अवसर और मेरी क्षमता को प्रर्दशित करने का अवसर दिया है।कौशल के प्रभावशाली क्षमता और दृढ़ पहल ने उन्हें जॉब फेयर में मिली सफलता झारखंडवासियों के लिये क्षमताओं का उदाहरण है, जो पुरे राज्य को सकारात्मक रूप से प्रतिबिंबित करती है। कालाहांडी के जिला रोजगार विनिमय अधिकारी की ओर से प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र कौशल के उत्कृष्ट कार्यो का प्रमाण है।

## साहेबगंज एसपी ने राजमहल व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** राजमहल व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने को लेकर शनिवार को एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। न्यायालय आने वाले अधिवक्ताओं और वादकारियो की सुरक्षा को लेकर पुलिस ड्यूटी की भी समीक्षा की। एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान न्यायालय की सुरक्षा में लगे कर्मियों की ड्यूटी और मौके पर मौजूदगी की जानकारी ली । साथ ही प्रभारी न्यायालय सुरक्षा की उपस्थिति में संपूर्ण न्यायालय परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों को देखा तथा मुख्य गेट से आने वाले संदिग्धों की लगातार चेकिंग करने और अनावश्यक रूप से किसी को प्रवेश न देने न्यायालय परिसर के अंदर व्यक्तियों को इकट्ठा होकर जमावड़ा ना बनाने देने किसी भी रूप में अनावश्यक वाहनों को प्रवेश ना दिया जाए प्रत्येक व्यक्ति को नियमानुसार चेकिंग के उपरांत प्रवेश दिया जाए। इसी क्रम में न्यायालय परिसर की सुरक्षा में लगे पुलिस बल को भी चेक किया और सुरक्षा संबंधित आवश्यक निर्देश दिए । इसके बाद उनके रहने के स्थानों के बारे एवं मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित को न्यायालय सुरक्षा मे किसी भी प्रकार के चूक ना होने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि जल्द ही न्यायालय परिसर की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसमें प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगे होंगे। जिससे न्यायालय में आने जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हो सके।

## नशे में धुत्त युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना का हुआ शिकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** थाना क्षेत्र के महेशपुर - पाकुड़िया मुख्य सड़क स्थित हाथीमारा गांव के पास शनिवार को नशे में धूत बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिराजपुर गांव निवासी राज हुसैन 35 वर्ष शनिवार को नशे में धूत होकर बाइक में सवार होकर हाथीमारा गांव से सिराजपुर जा रहे थे। इसी दौरान हाथीमारा मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया और वे सड़क किनारे गिर कर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## संग्रामपुर में मनरेगा योजनाओं में मची है लूट, संदिग्ध है कर्मियों की भूमिका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत में मनरेगा योजनाओं में लूट मची है। मनरेगा कर्मी और बिचौलियों की मिलीभगत से राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और बिचौलियों की भूमिका संदिग्ध है। प्रखंड कार्यालय के एमआईएस रूम में कार्यरत कर्मियों का भी भरपूर सहयोग रहा है। मनरेगा योजनाओं का डिमांड एवं अन्य कार्यो के बहाने प्रखंड कार्यालय में बिचौलियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। एमआईएस रूम में बिचौलियों का खुलेआम एंट्री से सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनरेगा योजनाओं में बिचौलिया किस कदर हावी है। एमआईएस रूम में कंप्यूटर ऑपरेटर के पास पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और बिचौलियों की मौजूदगी देखी जा सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक संग्रामपुर पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक 01 करोड़ 67 लाख 49,000 रुपए की योजनाओं को स्वीकृति मिली है। इसमें से विभिन्न योजनाओं के विरुद्ध 57 लाख 37,000 रुपए की निकासी हो चुकी है। जिन योजनाओं की स्वीकृति मिली है या राशि की निकासी हुई है, उनमें तालाब निर्माण, डोभा निर्माण, वृक्षारोपण, नाला गहरीकरण, सिंचाई कूप, दीदी बाड़ी, कॉउ शेड आदि योजनाएं शामिल है। इन योजनाओं में सबसे अधिक लूट प्लांटेशन यानी वृक्षारोपण और दीदी बाड़ी योजना के नाम पर की गई है। यूं तो ये योजनाएं लाभुक यानी जमीन मालिक के नाम स्वीकृत होती है और संपूर्ण लाभ उन्हीं को मिलना है। लेकिन इसमें बिचौलिया और रोजगार सेवक मिलीभगत कर राशि बंदरबांट कर रहे हैं। तीन साल के वृक्षारोपण की एक योजना में कम से कम एक एकड़ जमीन होना चाहिए। लेकिन ज्यादातर योजना



में पर्याप्त जमीन ही नहीं है। प्रत्येक योजना में कुछ पेड़ लगाकर लाखों की निकासी कर ली गई है। वहीं इस योजना में जमीन मालिक की नहीं, बल्कि बिचौलिया की ही चलती है। इसी तरह अधिकतर दीदी बाड़ी योजना गायब ही मिलेंगे। नाला गहरीकरण में सिर्फ नाम मात्र का काम कर लाखों की निकासी हो रही है। तालाब निर्माण में भी प्राक्कलन पर काम नहीं हो रहा है। पटाल को ऊंचा कर पांच छह फिट की गहराई को बढा चढ़ा कर दिखाया जाता है। सिंचाई कूप निर्माण में भी 20 से 25 फिट गहराई कर 35 फिट का कूप दिखा दिया जाता है। अगर एक एक कर योजनाओं की जांच की जाए तो बिचौलियों और रोजगार सेवक की करतूतें पकड़ी जाएगी। इधर डीडीसी डॉ. शाहिद अख्तर ने कहा कि योजनाओं की जांच कराई जाएगी। अगर मामला सही पाया गया तो कार्रवाई करेंगे।

# पुलिस ने हत्या के आरोपी दुर्गा मरांडी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- आपसी रंजिश ने ले लिया मासूम की जान।
- नही थम रहें हैं परिजनों के आंसू, घर का इकलौता पुत्र था शाम मरांडी।



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़** तीनपहाड़ पुलिस ने शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के कदमपुर गांव के जंगल में पीपल के पेड़ पर फांसी के फंदे पर झुलता हुआ एक आठ वर्षीय मासूम बच्चे शाम मरांडी का शव बरामद किया था।पिता के दिए बयान के आधार पर थाना पुलिस ने कांड संख्या 25/23 धारा 302/201/34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर मामले की गहन छानबीन में जुट गई थी जिसके बाद तीनपहाड़ पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बच्चे के पिता ने पुलिस के समक्ष गांव के ही दुर्गा मरांडी नामक व्यक्ति पर अपने बच्चे की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की थी।पिता अर्जुन मरांडी ने पुलिस के समक्ष दिए अपने फर्द बयान में बताया था की बीते कुछ माह पहले ही गांव के दुर्गा मरांडी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था,घटना वाले दिन आरोपी ने मेरे बच्चे के साथ मारपीट की कोशिश की थी,लेकिन हम लोगो को कभी नहीं लगा की वो मेरे एकलौता लाल को मुझसे छीन लेगा।जांचोपरांत तीनपहाड़ पुलिस ने कदमपुर गांव से ही आरोपी दुर्गा मरांडी को गिरफ्तार कर लिया।मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी चिंतामन रजक ने बताया कि मामला आपसी रंजिश का था जिस कारण आरोपी ने आवेश में आकर बच्चे को घर के पास अकेला खेलता देख हत्या की घटना को अंजाम दिया था,वही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## जिला स्तरीय फैमिली प्लानिंग, जिला स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति व जिला क्वालिटी टीम से संबंधित बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त राम निवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय फैमिली प्लानिंग, जिला स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति तथा जिला क्वालिटी टीम से संबंधित बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में परिवार नियोजन के तहत पुरुष नसबंदी महिला नसबंदी आदि में कोई भी कॉम्प्लिकेशन मृत्यु या फेलियर केस हुआ है कि नही इसकी समीक्षा की गई। जहां बताया गया कि इस वर्ष कोई नही ऐसा केस नही मिला है। बैठक के क्रम में वितीय वर्ष 2022-23 में भौतिक एवं फाइनेंसियल ख़र्च से संबंधित समीक्षा भी की गई।विदित हो कि परिवार नियोजन के ऑपरेशन के दौरान अस्पताल या डिस्चार्ज के 07 दिनों के भीतर कोई मृत्यु से संबंधित केस होता है तो लाभुक को ?400000 का मुआवजा दिया जाएगा। वही डिस्चार्ज के 8 से 30 दिनों केभीतर मृत्यु होने पर ?100000 का मुआवजा देय होगा। जबकि ऑपरेशन फेल होने की स्थिति में ?60,000 का जुर्माना देय होगा।बैठक के दौरान उपायुक्त के अलावे सिविल सर्जन डॉ रामदेव अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल डी0एस0 डॉ0 मोहन पासवान,डॉ विजय, समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता, संबंधित एमओआईसी एवं अन्य उपस्थित थे

## दीवाल निर्माण को ले स्कूल प्रबंध समिति व ग्रामीण आमने-सामने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रणडांगा में दीवाल निर्माण को लेकर प्रबंध समिति और ग्रामीण आमने-सामने हो गए हैं। यह मामला पुलिस तक पहुंच गई है। वहीं मामले को सुलझाने के लिए पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। शनिवार को जब ग्रामीणों ने दीवाल निर्माण का विरोध किया, तो मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्रबंध समिति अध्यक्ष हबीबुर रहमान और ग्रामीण जाकिर हुसैन सहित अन्य लोगों से जानकारी ली। पुलिस ने स्थल पर दीवाल निर्माण का जायजा लिया। ग्रामीण जाकिर हुसैन ने कहा कि जिस जमीन पर स्कूल का दीवाल का निर्माण हो रहा है, वह सरकारी रास्ता है। अगर दीवाल निर्माण हो जाता है, तो यह हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। धूप और गर्मी से बचने के लिए यहां मौजूद वृक्ष के नीचे लोग आराम भी फरमाते हैं। उन्होंने कहा कि बिना जरूरत के ही दीवाल का निर्माण किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने ग्रामीण और अध्यक्ष की बातों को सुनने के बाद मौके से ही अंचल कार्यालय के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की। अंचल कार्यालय अधिकारियों से बातचीत के बाद पुलिस अधिकारी चले गए। पुलिस ने अंचल कार्यालय की ओर से मापी और सहमति प्राप्त करने की सलाह दी। इधर प्रबंध समिति के अध्यक्ष हबीबुर रहमान का कहना है कि विद्यालय के विकास मद की कुछ राशि बची थी। इसी राशि से बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से दीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल से सटे इस खाली जमीन पर रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। असामाजिक तत्वों के लिए शराब और जुए का अड्डा बन जाता है। दीवाल निर्माण जरूरी है। अंचल कार्यालय को आवेदन दिया गया है। आगे जो भी निर्देश होगा, उसका पालन किया जाएगा।

## सांसद विजय हांसदा ने क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सूना, त्वरित निष्पादन का दिया आश्वासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़िया :** राजमहल लोकसभा सांसद विजय हांसदा के द्वारा शनिवार को पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने सुदूर गांव के ग्रामीणों की समस्याओं को बारी बारी से सुना और उनके त्वरित निष्पादन का आश्वासन लोगों को दिया। इस दौरान उन्होंने आम जनों से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उसका लाभ उठाने की अपील की। इससे पूर्व पाकुड़िया पंहुचने पर लोकसभा सांसद विजय हांसदा एवं झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव का भव्य स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया गया। इसके उपरांत उन्होंने प्रखंड के फुलझींझरी, धोबना, सपादाहा, गनपुरा, फूलोपानी, बाबुझूटी, बेनकुडा, सिंहपुर, बंडीगा आदि अन्यान्य गांवों का भ्रमण किया। वहीं झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही दर्जनों जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे सावित्री बाई फुले योजना, नल जल योजना, बिरसा हरित ग्राम, 100 यूनिट फ्री बिजली, पशुधन विकास योजना आदि के विषय में जानकारी आम जनों को दी। सांसद हांसदा ने बताया कि झारखंड सरकार की पहली प्राथमिकता आम जनों के सुगम यातायात हेतू बेहतरीन सड़कों का निर्माण करवाना है। ताकि लोगों को किसी भी कार्यवश मुख्यालय आने जाने में सुविधा हो सके। कई गांवों में ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष पानी का मुद्दा रखा। जिस पर सांसद ने साथ चल रहे पेयजल विभाग के कनीय अभियंता को अविलंब पेयजल से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर बीडीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक राय, सीओ किरण डांग, जेई लालू रविदास, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, हरिवंश चौबे, अशोक भगत, मैनुद्दीन अंसारी, संबंधित पंचायत के अध्यक्ष, सचिव सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## 32 लोगों के आंखों की हुई जांच

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनन्दमार्ग आश्रम कांड्रा में



आनन्द मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय तमोलिया के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के गोपाल बर्मन ने विज़न सेन्टर का उद्घाटन कर व संस्था के संस्थापक श्री श्री आनन्दमूर्त्ति जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस शिविर में कुल 32 लोगों की नेत्र जांच की गई जिसमें 10 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए। अन्य नेत्र रोगीयों को चिकित्सीय सलाह दी गई। बताया गया कि इस शिविर में चयनित मोतियाबिंद पीड़ित लोगों का ऑपरेशन आगामी तीन जून को पूर्णिमा नेत्रालय में किया जाएगा। शिविर के सफल आयोजन में पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉ नीतू यादव, आनन्दमार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रवेश गोप, भर्तहरि, बसन्त राम देव, जितेन बर्मन, सूर्य प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## करीम सिटी कॉलेज में 'आईटी उद्योग में वर्तमान रुझान' पर कार्यशाला आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करीम सिटी कॉलेज में आज



कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में 'आईटी उद्योग में वर्तमान रुझान' पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. देवाशीष कुमार, प्रमुख-आईटी सेवाएं, एक्सएलआरआई, जमशेदपुर मुख्य अतिथि थे। कार्यशाला दो सत्रों में चार बजे तक चली। पहले सत्र में पिछले दशक में आए हालिया उपकरणों और प्रौद्योगिकी से खुद को कैसे लैस किया जाए इस पर व्याख्यान दिया। इस वर्कशॉप में करीब 80 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। परीक्षा नियंत्रक डॉ बीएन त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अनवर शाहब, समन्वयक, कंप्यूटर अनुप्रयोग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने अतिथि का परिचय कराया। प्रो रत्ना पांडे ने कार्यक्रम का संचालन किया और कंचन बाला ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। कार्यशाला में प्रो.नूरस सबाह, प्रो. फराह नाज, मो. अंजारुअल हक, श्री शिवराम बेरा और सुश्री प्रीति सिंह उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने इस कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण बताया और इसके आयोजन पर कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को बधाई दी।

## भीषण गर्मी में जेसीआई पहचान ने किया शर्बत वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लौहनगरी में पड़ रही भीषण गर्मी



को देखते हुए सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से शनिवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन रोड़ संकटा सिंह पेट्रोल पंप के पास ट्रैफिक पुलिस, हॉकर, कुली, सड़क किनारे सब्जी बेच रहे दुकानदारों एवं आम राहगीरों के बीच ठंडा शरबत, चना और गुड़ का वितरण किया। मौके पर संस्था की अध्यक्ष संगीता काबरा ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था की ओर से राहगीरों को थोड़ी राहत दिलाने का प्रयास किया गया। मौके पर संगीता काबरा, चांदनी अग्रवाल, मंजू बकरेवाल, स्वाति, रिया आदि मौजूद थी।

## सरायकेला सदर एसडीओ ने किया ट्रिपल आर सेंटर का उद्घाटन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल पदाधिकारी




सरायकेला रामकृष्ण कुमार ने शनिवार को सरायकेला नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 10 में बनाए गए ट्रिपल आर सेंटर( रिड्यूस,रेंज एंड रीसाइकल सेंटर) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर नगरपंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि नगर भर में विगत 15 मई से 5 जून तक मेरा लाईफ मेरा स्वच्छ शहर राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस सेंटर के माध्यम से नागरिकों द्वारा इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक की बोतल, चप्पल जूते, किताब व कपड़े आदि को यहां लाकर उसे रीसाइकल कर दुबारा इस्तेमाल के लायक बनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर प्रबंधक सुमित सुमन, महेश जारिका, सीएलटीसी सुबोध सोरेन, कनीय अभियंता कौशल किशोर सिंह तथा नप कर्मी उपस्थित थे।

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट लेवल इलेक्ट्रिसिटी कमिटी की बैठक संपन्न

# क्वालिटी विद्युत व सर्विस पर विशेष ध्यान देने का दिया गया निर्देश


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में शनिवार को केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के अध्यक्षता में डिस्ट्रिक लेवल इलेक्ट्रिसिटी कमिटी की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र जमशेदपुर श्रवण कुमार द्वारा सरायकेला खरसावां एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत विद्युत आपूर्ति, विद्युत खपत, डिमांड, जिला वार स्थित एसएस, सब विद्युत स्टेशन एवं जिलावार उपस्थित ट्रांसफार्मर, खराब ट्रांसफार्मर, मरम्मतती कार्य, 100 यूनिट फ्री योजना का लाभ समेत विभिन्न बिंदुओं के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई।



केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में डिमांड के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सेवा बहाल करने के साथ ही कृषि क्षेत्र में अलग ट्रांसफार्मर से विद्युत सेवा बहाल करने की बात कही। उन्होंने कहा विद्युत सेवा एक बिजनेस मॉड्यूल भी है अतः क्वालिटी सर्विस जितना अच्छा होगा बिजनेस उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने स्थानीय विद्युत सेवा के वरीय पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी स्थानीय एडमिनिस्ट्रेशन के साथ तालमेल स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा ताकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुगमता से विद्युत सेवा बहाल करने के साथ साथ अपूर्ति सेवा से संबंधित समस्या एवं समाधान पर निर्णय लिया जा सके। जिलावार विद्युत आपूर्ति सेवा से वंचित टोला को यथाशीघ्र जोड़ कर विद्युत आपूर्ति सेवा बहाल करने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा एवं मंत्री चंपई सोरेन के आप्त सचिव द्वारा विभिन्न क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं तार-खंभों की जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए उक्त मामलो के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## गम्हरिया विको मोड़ से उषा मार्टिन मोड़ तक की सभी स्ट्रीट लाइट बंदः पुरेंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग के गम्हरिया स्थित विको मोड़ से लेकर उषा मार्टिन मोड़ तक मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड में लगे लगभग सभी स्ट्रीट लाइट फिलहाल खराब है। बीते रात टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग के गम्हरिया क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड में लगे लगभग 250 स्ट्रीट लाइट में से 222 स्ट्रीट लाइट बंद पड़ा हुआ है। इस संबंध में गम्हरिया क्षेत्र के समाजसेवी एसएन मिश्रा ने आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह को जानकारी देते हुए स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने हेतु पहल करने का अनुरोध किया। पुरेंद्र नारायण सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेआरडीसीएल के अधिकारी सत्या प्रमोद से गम्हरिया स्थित टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग के स्ट्रीट लाइट को शीघ्र चालू करने का अनुरोध किया। जेआरडीसीएल के सत्या प्रमोद ने बताया कि गम्हरिया क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट हेतु तीन ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसमें घोड़ाबाबा चौक एवं दुर्गा पूजा मैदान के निकट का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण स्ट्रीट लाइट नहीं जल पा रहा है। एक-दो दिनों में ट्रांसफार्मर ठीक हो जाएगा और लगभग सभी स्ट्रीट लाइट जलाने की कोशिश की जाएगी।

## श्रीलेदर्स ने किरणमयी जयंती उत्सव के तहत नेत्रहीन नेशनल फुटबॉल खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में चल रहे आईबीएफएफ नेशनल ब्लाइंड फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन समारोह में आज बिस्टुपुर श्रीलेदर्स के पार्टनर व समाजसेवी शेखर डे ने किरणमयी डे की 100वीं जयंती के अवसर पर चल रहें किरणमयी जयंती उत्सव के तहत खिलाडियों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि यह प्रतियोगिता पुरुषों के लिए सातवीं एवं महिलाओं का तीसरा फुटबॉल प्रतिस्पर्धा का आयोजन टिनप्लेट ग्राउंड में 17 मई से 20 मई तक हुआ। फाइनल मुकाबला के पुरुष वर्ग में उत्तराखंड ने महाराष्ट्र को हराकर विजेता बना। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखंड ने गुजरात को हराकर विजेता बना।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, विशिष्ट अतिथि के रूप में कोल्हान के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय लिंडा, भरत सिंह, शिव शंकर सिंह, एवं विकास भारती से फादर वीरेंद्र उपस्थित थे। प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के द्वारा खिलाड़ियों को एक दिन का ब्रेकफास्ट की व्यवस्था भी संस्था के मार्गदर्शक शेखर डे के सौजन्य से किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिव्यांग मार्गदर्शन ट्रस्ट से जगन्नाथ बेहरा, धीरज कुमार शर्मा, राजकुमार सिंह, डॉक्टर विजय मोहन सिंह, श्याम शर्मा, मौसमी दास एवं संस्था के अन्य कई सदस्यों के साथ-साथ, आईवीएफएफ संस्था के सदस्य का योगदान रहा। वहीं अतिथियों में श्रीलेदर्स बिस्टुपुर से अभिजीत, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार, दीपक मित्रा, तपन कुमार चंदा एवं रंजीत सिंह की उपस्थिति रही।

## 'मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर' कैंपेन के तहत टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में खोला आरआरआर सेंटर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में आरआरआर सेंटर के उद्घाटन के साथ स्वच्छ भारत मिशन शहरी अभियान 'मेरी लाइफ मेरा स्वच्छ शहर' की दिशा में अपने प्रयासों में एक और उपलब्धि दर्ज की है। केंद्र लाइफ मिशन के अनुरूप स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है और इसे जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सहयोग से खोला गया है।

सीएच एरिया में स्थित आरआरआर सेंटर का उद्देश्य शहर के निवासियों के बीच 'रीड्यूस, रीयूज़, रीसायकल' के सिद्धांतों को बढ़ावा देना है। आरआरआर केंद्र के उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और जेएसयू के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय उपस्थित थे।

मौके पर रितु राज सिन्हा ने जोर देकर कहा कि %आरआरआर केंद्र एक स्वच्छ और टिकाऊ पर्यावरण प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों द्वारा उनके योगदान में किए गए प्रयासों को ई-सर्टिफिकेट पर आधार नंबर प्रिंट करके पुरस्कृत किया जाना चाहिए।' इस अवसर पर कैप्टन धनंजय मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर, टीएसयूआईएसएल, वरुण बजाज, चीफ टाउन इंफास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स, टाटा स्टील, सीनियर लीडरशिप टीम टाटा स्टील यूआईएसएल उपस्थित थे।

केंद्र रोजाना सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुलेंगे और स्थान की आसानी और स्वयंसेवी संपर्क जानकारी के लिए जियोटैग किए गए हैं जिससे अपने स्थान से समीप केंद्र का पता लगाने में आसानी होगी ।

## रांची से आई खाद्य सुरक्षा की टीम ने सुधा डेयरी समेत होटलों व खटालों में किया जांच



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रांची से आई खाद्य सुरक्षा की टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आदिति सिंह के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र स्थित सुधा डेयरी समेत जिले के विभिन्न होटलों व खटालों में दूध में मिलावट के विरुद्ध अभियान चलाकर जांच की गई। इस दौरान उन्होंने नमूने संग्रह किया जिसे रांची स्थित प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। टीम के सदस्यों द्वारा इस अभियान के क्रम में सरायकेला के जगमोहन दास व राजेश साहू के खटाल एवं दूध के नमूने संग्रह किए गए। उसके पश्चात टीम सुधा डेयरी पहुंची जहां लैब की स्थिति का मुआयना कर उत्पादित दूध के नमूने का संग्रह किया गया। उसके पश्चात टीम द्वारा चांडिल के चौका स्थित अमूल डेयरी के उत्पादित दूध के नमूने का संग्रह भी किया गया। दौरे के क्रम में करनीडीह स्थित ओसम डेयरी का प्लांट बंद पाया गया। इस कारण ओसम दूध का नमूना संग्रह नहीं किया जा सका। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा जिले के विभिन्न टी स्टॉल, होटल आदि में भी जाकर ऑन द स्पॉट दूध के नमूने संग्रह किए गए। उक्त टीम में प्रभारी के रूप में खाद्य निरीक्षक गणपत महतो, संतोष साहू, कार्तिक महतो, तरुण महतो के अलावे रांची खाद्य जांच प्रयोगशाला के लैब असिस्टेंट स्नेहा, नेहा, एलेक्स राहुल आदि शामिल थे।

## केसीसी कौमी एकता सप्ताह के चौथे दिन डांस कॉन्टेस्ट में मुस्कान व सारा ग्रुप बने विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के साकची प्रांगण में एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता सप्ताह के चौथे दिन नृत्य प्रतियोगिता के समापन का आयोजन हुआ। इस नृत्य प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया - सोलो डांस और ग्रुप डांस। पहले सोलो डांस हुआ जिसका विषय देशभक्ति नृत्य और अर्ध शास्त्रीय नृत्य था। ग्रुप डांस में भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्य को प्रस्तुत किया। सोलो डांस के निर्णायक के तौर पर शास्त्रीय नर्तक ए.उज्जवला मालविका और ग्रुप डांस में शहर की प्रतिष्ठित नर्तकी और जुम्बा प्रशिक्षक ज़िन हार्वे एवं पेशेवर नृत्य कोरियोग्राफर माइक कुमार उपस्थित थे। सोलो डांस में प्रथम मुस्कान एवं द्वितीय मासूम पॉल बने और ग्रुप डांस में प्रथम सारा ग्रुप, द्वितीय अपूर्व ग्रुप एवं तृतीय नम्रता ग्रुप ने जीता। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का भरपूर योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस समन्वयक परवेज ने किया।

## बंद पड़ी बागजाता यूरेनियम प्रोजेक्ट बचाने को लेकर संघर्ष समिति का हुआ गठन

**समन्वय संघर्ष समिति का जनाक्रोश रैली आज**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थित श्रमिक संगठन संगठन सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन महामंत्री रमेश माझी की अध्यक्षता में आज शनिवार को बाकड़ा पुलिया के समक्ष बैठक हुई। बैठक में प्रशासन से सड़क जाम विस्थापित आंदोलन की निष्पक्ष जांच कर उनका अधिकार देने अन्यथा जाम हटाने व माइंस खोलने की यूसील कम्पनी प्रबंधक से मांग की गई। इस मौके पर बागजाता यूरेनियम माइंस बचाओ समन्वय संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष ठेका मजदूर नेता सिधो हासदा, राम मार्डी को महासचिव, रूपाई हांसदा को उपाध्यक्ष, सह सचिव राजन कैवर्तो, हरी पदो भक्त कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अतिरिक्त 15 कार्यकारणी सदस्यों में दशरथ मार्डी, दासों मार्डी, छोट राय सोरेन,मंगल हांसदा,भोगला मार्डी को जगह दी गई है। नए अध्यक्ष शिधो



हासदा ने कहा कि कल रविवार को सुबह आठ बजे बाकडा पुलिया से बागजाता माइन्स गेट तक जनाक्रोश रैली निकाली जाएगी। 22 मई को रमेश माझी की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल कंपनी के महाप्रबंधक एस के शर्मा से मुलाकात कर बागजाता माइंस चलाने या बंद करने को लेकर उनका राय जानेगी। इस बैठक में ग्रामीणों की ओर से सिंधु हांसदा, राम मार्डी समेत भारी बुधराय टुडू, दसमत मार्डी, छोट राय सोरेन भोगला मार्डी, कारू सोरेन,कारण मार्डी,मंगल हांसदा, दासो मार्डी, नारायण मुर्मू, सुभाष कर्मकार,नारायण मुर्मू, समेत भारी संख्या में बाग जाता माइंस के विस्थापित व प्रभावित परिवारों ने हिस्सा लिया।

## जेसीएपीसीपीएल ने यात्री वाहन निर्माताओं को 2.0 मिलियन टन कोल्ड रोल्ड स्टील बिक्री की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेसीएपीसीपीएल (जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड) ने 18 मई को यात्री वाहन निर्माताओं को 2.0 मिलियन टन कोल्ड रोल्ड स्टील की बिक्री का एक मील का पत्थर पार कर लिया। जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक, उज्जल चक्रवर्ती ने सभी कर्मचारियों को बधाई दी और इस उपलब्धि के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।




2012 में स्थापित कंपनी ने अगस्त 2022 में 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया। कंपनी ने इससे पहले नवंबर 2020 में अपनी 1.0 मिलियन टन बिक्री के आंकड़े को पार कर लिया था। टाटा स्टील और निप्पॉन स्टील द्वारा जमशेदपुर में इस संयुक्त उद्यम कंपनी की स्थापना भारत में केवल इस सेगमेंट को सेवा प्रदान करने के इरादे से की गई थी। कंपनी भारत में यात्री वाहन के सभी प्रमुख निर्माताओं जैसे मारुति, हुंडई, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, होंडा, टोयोटा, वीडब्ल्यू, किआ मोटर्स, रेनॉल्ट और निसान को विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले कोल्ड रोल्ड स्टील की आपूर्ति करती है। कंपनी भारत में यात्री वाहन के सभी प्रमुख निर्माताओं जैसे मारुति, हुंडई, टाटा मोटर्स, महिंद्रा, होंडा, टोयोटा, वीडब्ल्यू, किआ मोटर्स, रेनॉल्ट और निसान को विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले कोल्ड रोल्ड स्टील की आपूर्ति करती है। स्टील की गुणवत्ता और डिलीवरी के मामले में यह सेग्मेंट सबसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में से एक है। जेसीएपीसीपीएल में उत्पादित हाई-एंड स्टील का इस्तेमाल कारों के भीतरी और बाहरी पैनल में किया जाता है।

## सरायकेला में विधायक दशरथ गगराई ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** खरसावां विधानसभा अंतर्गत सरायकेला प्रखंड के नुवागांव पंचायत में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शनिवार को कई योजनाओं का शिलन्यास व उदघाटन किया। उन्होंने ठठुपाड़ा गांव में आदिवासी जनजाति कला केंद्र, रूगडीसाही में आदिवासी जनजाति कला केंद्र व पंचायत भवन के समीप विधायक निधि से पीसीसी सडक निर्माण योजना का शिलान्यास किया। जबकि माजणाघाट पुलिया के समीप हाईमास्ट लाईट का उदघाटन किया गया। ठठुपाडा में आदिवासी जनजाति कला केंद्र भवन के शिलन्यास के पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए विधायक गागराई ने कहा कि भाषा संस्कृति हमारी पहचान है। इसलिए राज्य सरकार द्वारा भाषा संस्कृति के साथ कला के विकास के लिए प्रत्येक गांव में जनजाति कला केंद्र भवन का निमार्ण करा रही है। ताकि यहां बैठ कर अपनी भाषा संस्कृति को समृद्ध कर सकें। उन्होंने कहा कि खरसावां विस में 164 जनजाती कला केंद्र भवन योजना की स्वीकृति मेरे प्रयास से हुआ है।



प्रत्येक आदिवासी गांव में भवन का निमार्ण कराया जाएगा इसके अलावे 64 जाहिरा स्थान की घेराबंदी भी करायी जाएगी। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, विधायक प्रतिनिधि मांगीलाल महतो,विधायक प्रतिनिधि नायडु गोप, सुधीर महतो के अलावे काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## संपादकीय

# हिंदुओं ने हराया हिंदुत्व

एक बार फिर आकलन करना पड़ेगा कि प्रधानमंत्री मोदी 'अजेय' नहीं हैं। उनके नेतृत्व और धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा को चुनावी पराजय दी जा सकती है। यह कर्नाटक के जनादेश ने साबित कर दिया है। ऐसा भी नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल के अनवरत कार्यकाल के कारण उनकी छवि में ठहराव आया है अथवा उनके प्रति मोहभंग होने लगा है। कर्नाटक में भाजपा के पक्ष में 36 फीसदी से अधिक वोट आए हैं। इसका साफ अर्थ है कि न तो भाजपा के खिलाफ प्रचंड सत्ता-विरोधी लहर थी और न ही मतदाता उसके प्रति उदासीन हुआ है। बीते चुनाव 2018 में वोट प्रतिशत इससे कम ही था और कांग्रेस को 38.4 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह भाजपा से पिछड़ गई थी। अब खुद प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व को गहरा आत्ममंथन और विमर्श करना पड़ेगा कि हिन्दुत्व के आधार पर ध्रुवीकरण के लिए आजमाए गए मुद्दों के बजाय किन मुद्दों पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने हैं और अंततः 2024 के आम चुनाव की चुनौती को जीतना है। इसी साल तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा हिन्दुत्व की ही जमीन पुख्ता कर रही है। भाजपा को सिर्फ हिन्दुत्व की जगह उन मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए, जो आम आदमी की जेब से सीधा जुड़े हैं। कर्नाटक में 84 फीसदी से ज्यादा हिन्दू हैं, लेकिन वे जातियों, वर्गों और समुदायों में बंटे हैं। कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'बजरंग बली की जय' बोली और जनता का उद्घोष भी कराया। उन्होंने यहां तक कहा कि पहले 'बजरंग बली की जय' बोलना और फिर वोट का बटन दबाना। रोड शो के दौरान भी एक व्यक्ति को भगवान हनुमान का प्रतिरूप बनाकर पेश किया गया। सड़क से लेकर मंदिरों तक 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया गया। फिर भी इतने वोट नहीं मिल सके कि भाजपा जीत जाती। इसके अलावा राम मंदिर, टीपू सुल्तान, हिजाब, हलाला, केरल स्टोरी, लव जेहाद और मुस्लिम आरक्षण आदि मुद्दे भी भुनाए रहे। भाजपा की रणनीति थी कि ऐसे मुद्दों पर हिन्दू तल्ख प्रतिक्रिया करेंगे और भाजपा के पक्ष में लबालब वोट करेंगे। यह रणनीति बिल्कुल नाकाम रही। मतदाताओं ने इसे सिरे से नकार दिया। दरअसल हिन्दुओं ने ही हिन्दुत्व की सोच और राजनीति को पराजित किया। दक्षिण में भाजपा का प्रवेश-द्वार कर्नाटक हिन्दुत्व की प्रयोगशाला था, लेकिन हिन्दू वोट बैंक ने विभाजित जनादेश दिया, जबकि 13 फीसदी मुसलमानों और 2 फीसदी ईसाइयों में से ज्यादातर ने लगभग एकमुश्त वोट कांग्रेस के पक्ष में किया। लिंगायतों के 46 विधायक जीते हैं, जिनमें से 37 विधायक कांग्रेस के हैं। भाजपा का परंपरागत समर्थक और हिन्दू वोट बैंक इस तरह शिफ्ट हुआ है। आदिवासियों के लिए 15 सीटें आरक्षित हैं। सभी सीटें कांग्रेस की झोली में गईं। आदिवासी भी आस्था के आधार पर 'हिन्दू' ही हैं। ग्रामीण इलाकों की कुल 151 सीटों में से 97 सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनमें भी अधिकांश 'हिन्दू' हैं। दरअसल यह आर्थिक सरोकार का दौर है। बेशक लाभार्थी कहें या जन-कल्याण का नाम दे लें अथवा कांग्रेस की 'गारंटियां' मान लें या प्रधानमंत्री के शब्दों में ये 'मुफ्त की रेवडियां' हैं, लेकिन चुनाव इन्हीं मुद्दों पर तय हो रहे हैं। कर्नाटक भी एक उदाहरण है। हालांकि कर्नाटक अर्थव्यवस्था के लिहाज से देश का 5वां राज्य है। सम्पन्न है, कारोबार है, आईटी की राजधानी है। फिर भी कांग्रेस ने जो 'गारंटियां' घोषित की हैं, उन्हें पूरा करने पर करीब 36,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। अर्थशास्त्रियों के ऐसे अनुमान हैं। कांग्रेस का कहना है कि साथ-साथ वह आर्थिक बढ़ोतरी भी सुनिश्चित करेगी। कर्नाटक में प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 1.64 लाख रुपए थी। दरअसल कर्नाटक देश के प्रमुख 'आर्थिक इंजनों' में एक है। कोरोना के बाद सेवाओं के निर्यात में 25 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। यह समृद्धि मंद नहीं होनी चाहिए।

> बीते चुनाव 2018 में वोट प्रतिशत इससे कम ही था और कांग्रेस को 38.4 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सीटों के मामले में वह भाजपा से पिछड़ गई थी। अब खुद प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व को गहरा आत्ममंथन और विमर्श करना पड़ेगा कि हिन्दुत्व के आधार पर ध्रुवीकरण के लिए आजमाए गए मुद्दों के बजाय किन मुद्दों पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने हैं और अंततः 2024 के आम चुनाव की चुनौती को जीतना है। इसी साल तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हैं, जहां भाजपा हिन्दुत्व की ही जमीन पुख्ता कर रही है। भाजपा को सिर्फ हिन्दुत्व की जगह उन मुद्दों पर भी ध्यान देना चाहिए, जो आम आदमी की जेब से सीधा जुड़े हैं। कर्नाटक में 84 फीसदी से ज्यादा हिन्दू हैं, लेकिन वे जातियों, वर्गों और समुदायों में बंटे हैं। कर्नाटक चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 'बजरंग बली की जय' बोली और जनता का उद्घोष भी कराया। उन्होंने यहां तक कहा कि पहले 'बजरंग बली की जय' बोलना और फिर वोट का बटन दबाना। रोड शो के दौरान भी एक व्यक्ति को भगवान हनुमान का प्रतिरूप बनाकर पेश किया गया।

## कुछ अलग

# चंबा चौगान के बचाव में

एक प्रतिष्ठित नागरिक एवं पद्मश्री पुरस्कार विजेता विजय शर्मा के पत्र का संज्ञान लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने चंबा चौगान के किनारे निर्माण को हटाने का आदेश दिया है। सार्वजनिक मैदान और चंबा नगर विकास योजना का उल्लंघन करते हुए नगर परिषद चौगान के चारों तरफ दुकानें बनवा रही थी, जिसे तुरंत प्रभाव से अब हटाना होगा। यह निर्णय एक साथ कई संदेश और नव निर्माण के चरित्र पर टिप्पणी कर रहा है। एक ओर टीसीपी कानून के सीधे उल्लंघन पर अदालत सख्त हो रही है, जबकि दूसरी ओर वह नागरिक समाज की चिंताओं को अधिमान भी दे रही है। आश्चर्य यह कि नगर परिषद शहर के व्यवस्थित विकास की योजना की पहरेदार बनने के बजाय, उसे ही लूट रही थी। कमोबेश इसी तरह हर शहर की योजना में संस्थागत अतिक्रमण जारी है। खास तौर पर सरकारी इमारतों ने शहरों में ऐसे जंगल बसा दिए हैं, जिन्हें हटाने की दरकार है। आज तक यह ऑडिट नहीं हुआ है कि नगर निकायों की संपत्तियों के कौन मालिक बने बैठे हैं। इतना ही नहीं दुकानों के नाम पर हर शहर में सरकारी धन का बेहूदा इस्तेमाल करके आबंटन की मिलीभगत में सियासी स्वार्थ पूरे किए जा रहे हैं। यहां मसला उस सीना जोरी का भी है जो शहर की सूरत संवारने के बजाय बिगाड़ रहा है। इतना ही नहीं कातिल निगाहें पारंपरिक मैदानों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक व पर्यटक स्थलों को निगल रही हैं। कभी सुजानपुर का मैदान अपने आकार में एक राज्यस्तरीय धरोहर था, लेकिन इमारतों के बढ़ते दायरे ने इसका भी दम घोंट दिया। पहले ही चंबा के चौगानों में व्यापार के मंसूबे खोद दिए गए हैं और अब रही सही कसर मुख्य मैदान को नोंच कर पूरी की जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व इसी तरह धर्मशाला के नेता जी सुभाष स्टेडियम के एक छोर पर जनता के भारी विरोध के बावजूद पुलिस ने अपने भवन की छाती ठोंक दी। यह सरकारी कार्यालयों, परियोजनाओं और स्थानीय निकायों का अतिक्रमण है, जो गांव से शहर तक के सुकून को छीन रहा है। अगर प्रसिद्ध चित्रकार विजय शर्मा इस मामले को हाई कोर्ट न ले जाते, तो चंबा चौगान की छाती पर दुकानें उग कर आबंटित भी हो जातीं। धर्मशाला और शिमला की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत भी जमीन घेरने के कई परिकल्प चल रहे हैं। धर्मशाला के गांधी पार्क की सीमित जमीन पर स्मार्ट सिटी का पैसा यूं ही करीब तीन दर्जन दुकानों के निर्माण को तरजीह दे रहा है। यह स्थान प्रकृति और पार्क के महत्त्व को कम करके कल खानपान की मार्केट में तबदील हो जाएगा। नव निर्माण की सूलियों पर एक तो सरकारी धन जाया हो रहा है, दूसरे ऐसे विकास की कोई परिभाषा विकसित नहीं हो रही। बेशक रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए आधुनिक बाजारों का निर्माण करना होगा, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि सार्वजनिक उपयोग की जमीन या सामुदायिक मैदानों में निर्माण के तंबू गाड़ दिए जाएं। चंबा में दुकानों का निर्माण तो कहीं भी हो सकता है, मगर फिर से ऐसा चौगान शायद ही विकसित होगा। होना तो यह चाहिए कि हर शहर की चारों दिशाओं में सामुदायिक मैदान विकसित किए जाएं ताकि लोग किसी को सैरगाह, मनोरंजन, खेल या व्यापारिक उद्देश्य से सार्वजनिक रूप से इस्तेमाल कर सकें। हाई कोर्ट के आदेश में शहरी विकास योजनाओं का महत्त्व भी समझाया जा रहा है। विडंबना यह है कि किसी भी शहर का विकास योजनाओं के तहत नहीं हो रहा है।

## नेशनल क्वांटम मिशन को अपनाने के कारण भारत भी इन देशों के समकक्ष आ गया है

# प्रौद्योगिकी में लंबी उड़ान : क्वांटम मिशन

डा. अश्वनी महाजन

> वित्तीय धोखाधड़ी तो रोज़मर्रा का विषय है। इससे देशों की सुरक्षा पर भी लगातार ख़तरा मंडरा रहा है। क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटर प्रणाली में एक बड़े बदलाव और विकास के रूप में देखी जा रही है जिससे कंप्यूटरों को पहले से कहीं ज़्यादा तीव्र, प्रभावी और सुरक्षित बनाया जा सकता है। अप्रैल 19, 2023 को केंद्रीय केबिनेट द्वारा नेशनल क्वांटम मिशन के लिए 6003 करोड़ रुपए की अनुमति के बाद भारत दुनिया में 7वां देश बन गया है जिसका अपना एक क्वांटम मिशन है। इससे पहले संयुक्त राज्य अमरीका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस, कनाडा और चीन का ही अपना समर्पित क्वांटम मिशन है।

कई दशक पूर्व कंप्यूटरों का आविष्कार हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर के विकास के साथ साथ कंप्यूटर प्रौद्योगिकी में भारी सुधार भी हुआ, जिसके चलते संचार, स्वास्थ्य, ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, अंतरिक्ष आदि में अभूतपूर्व प्रगति हुई। इस प्रगति को आज की भाषा में चौथी औद्योगिक क्रांति भी कहते हैं। लेकिन इस विकास की अपनी सीमाएं रही। यही नहीं इसकी सबसे बड़ी समस्या यह रही कि कंप्यूटरों को विभिन्न प्रकार के वायरस और मेलवेयर भेजकर अथवा हैक करके कब्जाया जा सकता है। इससे पूरी व्यवस्था ठप्प हो सकती है। पूर्व में ऐसा हुआ भी है। वित्तीय धोखाधड़ी तो रोज़मर्रा का विषय है। इससे देशों की सुरक्षा पर भी लगातार ख़तरा मंडरा रहा है। क्वांटम प्रौद्योगिकी कंप्यूटर प्रणाली में एक बड़े बदलाव और विकास के रूप में देखी जा रही है जिससे कंप्यूटरों को पहले से कहीं ज़्यादा तीव्र, प्रभावी और सुरक्षित बनाया जा सकता है। अप्रैल 19, 2023 को केंद्रीय केबिनेट द्वारा नेशनल क्वांटम मिशन के लिए 6003 करोड़ रुपए की अनुमति के बाद भारत दुनिया में 7वां देश बन गया है जिसका अपना एक क्वांटम मिशन है। इससे पहले संयुक्त राज्य अमरीका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्रांस, कनाडा और चीन का ही अपना समर्पित क्वांटम मिशन है। इस विषय की शुरुआत दिसंबर 2018 में हुई थी, जब नरेंद्र मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में 'नेशनल मिशन ऑन साइबर फिजिकल सिस्टम्स' हेतु 3660 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी। अप्रैल 2023 से प्रारंभ नेशनल क्वांटम मिशन के 4 हिस्से होंगे। पहले तीन हिस्से हैं : क्वांटम कम्प्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन (संचार) एवं क्वांटम सेंसिंग (संवदेन) एवं चौथा हिस्सा उपरोक्त तीनों कार्यक्रमों हेतु उपकरणों का निर्माण है। माना जा रहा है कि इससे पूर्व क्वांटम मिशन अपनाने वाले देश भी अभी शोध एवं विकास के स्तर पर ही हैं, और इनमें से किसी ने भी क्वांटम तकनीकी का अनुप्रयोग शुरू नहीं किया है। इस प्रकार नेशनल क्वांटम मिशन को अपनाने के कारण भारत भी इन देशों के समकक्ष आ गया है। गौरतलब है कि विकसित देशों की बड़ी कंपनियों ने भविष्य की क्वांटम प्रौद्योगिकी में अरबों डालर का निवेश किया है। इस प्रौद्योगिकी में अति सुरक्षित प्रतिरक्षा संचार से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं के अनुप्रयोगों जैसे- अति स्टीक एमआरआई इत्यादि के संदर्भ में अनंत संभावनाएं हैं। जानकारों का कहना है कि इस मिशन को किसी एक व्यक्ति अथवा संस्था के द्वारा संचालित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह प्रौद्योगिकी बहुत जटिल है। इस कार्यक्रम को मिशन की तर्ज पर ले




जाने की जरूरत है, जिसमें विभिन्न प्रकार की संस्थाओं एवं शोधकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। क्वांटम कंप्यूटर आधुनिक कंप्यूटरों की तुलना में बहुत तीव्र और अद्यतन हैं। कंप्यूटिंग शक्ति में इससे अभूतपूर्व विकास होगा। इनमें जटिल समस्याओं को हल करने की भी क्षमता है जो वर्तमान में हमारी पहुंच से परे हैं। क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों पर आधारित होने के कारण क्वांटम एन्क्रिप्शन तकनीकें पारंपरिक एन्क्रिप्शन विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित होती हैं। क्वांटम संचार नेटवर्क पारंपरिक नेटवर्क की तुलना में द्रुत गति से और अधिक सुरक्षित रूप से सूचना प्रसारित कर सकते हैं, जिनमें पूरी तरह से हैकिंग से मुक्त होते हैं। इसमें सुरक्षित संचार की क्षमता होती है। इसलिए इस मिशन के कार्यों में एक महत्वपूर्ण कार्य है- एक लंबी दूरी का संचार। इस मिशन के फलस्वरूप संचार व्यवस्था में अभूतपूर्व क्रांति तो आएगी ही, भारत विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में आ सकता है। यह मिशन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। इस मिशन के तहत वर्ष 2023 और 2031 के 8 वर्षों के दौरान देश में क्वांटम प्रौद्योगिकी के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक शोध एवं विकास के कार्यों को गति दी जाएगी और इसके लिए एक नवाचार हेतु वातावरण निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान समय की कम्प्यूटर प्रक्रिया दो अंकों 'एक' और 'शून्य' पर आधारित है। लेकिन इस मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे क्वांटम कम्प्यूटरों की प्रक्रिया में 'क्यूबिट्स' अथवा 'क्वांटम बिट्स' इकाइयां रहेंगी। पहले 5 वर्षों में 50 से 100 क्यूबिट्स वाले कम्प्यूटर बनेंगे और 8 वर्षों में 50 से 1000 क्यूबिट्स वाले कम्प्यूटरों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इन क्वांटम उपकरणों के निर्माण हेतु साजो-सामान तैयार करने में यह मिशन काम करेगा। इस प्रकार के कम्प्यूटरों के निर्माण से सेटेलाइट आधारित संचार व्यवस्था संचालित होगी और अन्य देशों के साथ सुरक्षित क्वांटम संचार संभव हो पाएगा। आम भाषा में यदि कहें तो क्वांटम मिशन के द्वारा भारत में एक स्वदेशी और स्वावलंबी संचार व्यवस्था हेतु नवीनतम शोध तो संभव होगा ही, साथ ही साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान अत्यधिक सुरक्षित हो जाएगा जिससे कम्प्यूटर प्रणाली को हैक नहीं किया जा सकेगा। चिकित्सीय निदान, पर्यावरणीय निगरानी और भू-वैज्ञानिक अन्वेषण जैसे उपयोगी क्षेत्रों में इसका उपयोग देखा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से भारत ने डिजिटलाइजेशन में अभूतपूर्व प्रगति की है। जनधन खाते, आधार और मोबाइल की तिगड़ी यानी 'जैम ट्रिनिटी' के कारण न केवल सरकार द्वारा लोक कल्याण सेवाओं की डिलीवरी, बल्कि प्रत्यक्ष नकद राशि का लाभार्थियों को सीधा भुगतान भी संभव हो सका है। उधर जो भुगतान पूर्व में बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से अथवा नकद के लेनदेन से होते थे, वे अब बेहद आसान तरीके से यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से होने लगे हैं। उधर ई-कॉमर्स ने जहां लोगों के लिए जीवन आसान बना दिया है, वहीं उसके रोजगार आदि पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के कारण उससे आशंकाएं भी निर्माण हो रही हैं। इसके समाधान के लिए सरकार ओपन नेटवर्क डिजिटल कॉमर्स के नाम से एक नई व्यवस्था की तरफ आगे बढ़ रही है। शिक्षा हो, लैंड रिकॉर्ड हो, चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य या बड़े पैमाने पर नागरिकों को सेवा प्रदान करने का कार्य हो, इन सबको आधुनिकतम तरीके की कम्प्यूटर व्यवस्था से ही अंजाम दिया जा सकता है। लेकिन पिछले समय में कंप्यूटर व्यवस्था में वायरस, मेलवेयर आदि और अपराधियों और दुश्मन देशों द्वारा हैकिंग के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि इन सबसे निपटने के कारगर उपाय करने के बावजूद कई बार निजी व्यक्तियों, कारपोरेट एवं सरकारी संस्थानों, सरकारी विभागों, वायुयान व्यवस्था आदि को उनके भारी नुकसान वहन करने पड़े हैं। एक ऐसी कम्प्यूटर व्यवस्था जो तीव्र हो, जिसमें बहुआयामी प्रक्रियाओं को अंजाम दिया जा सके, जो बिग डाटा को समाहित कर सके और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिसकी हैकिंग न हो सके, उसकी जरूरत महसूस की जा रही थी। ऐसे में क्वांटम फिजिक्स में हो रहे शोध और नवाचार से भारत अलग नहीं रह सकता। भारत सरकार का राष्ट्रीय क्वांटम मिशन भारत को डिजिटलाइजेशन, शोध एवं विकास, अंतरिक्ष विज्ञान, नागरिक सेवाओं के बेहतर निष्पादन समेत कई मामलों में दुनिया से आगे ले जाएगा।

# सुपुर्दे ढाका की तारीख दोहराने का वक्त

> देश रक्षा के लिए प्रतिबद्ध सैनिक फिदा-ए-वतन हो रहे है, मगर सैन्य शौर्य के सबूत मांगने वाले व धारा 370 के वियोग में अश्क बहाने वालों से लेकर मुल्क के रहबर सैनिकों की शहादत पर खामोश हैं। उत्तर प्रदेश में एक तसादुम में हलाक हुए माफियाओं की फुरकत में अब भी मातम मनाया जा रहा है। देश की सियासत अपने चुनावी समीकरण को साधने में मशगूल है। कश्मीर घाटी में आतंकी वारदातें हों, नक्सली हमले या अन्य राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा तशद्दुद के भयानक दौर में देश की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हुक्मरानों की नजर-ए-करम सुरक्षा बलों पर ही होती है। जम्मू-कश्मीर के लिए हिमाचल की सैन्य कुर्बानियों का इतिहास रियासती दौर से ही रहा है। जम्मू-कश्मीर रियासत की सरहदों को विस्तार देने का श्रेय जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया को जाता है। मेजर जनरल 'जनक सिंह कटोच' व कर्नल 'रघवीर सिंह पठानियां' जैसे हिमाचल के सैन्य अधिकारियों ने पहली जंगे अजीम व कई सैन्य मिशनों में जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना का नेतृत्व किया था।

वीरभूमि हिमाचल के सैन्य दस्तावेज का हर पन्ना पहाड़ के रणबांकुरों की दास्तान-ए-शुजात से भरा है। देश रक्षा के मोर्चे पर पहाड़ का शौर्य हमेशा सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है। लेकिन जम्मू-कश्मीर राज्य को लेकर देश के सियासी हुक्मरानों की ढुलमुल नीतियों का खामियाजा देश के सैनिक व सैन्य परिवार 75 वर्षों से भुगत रहे हैं। 4 मई 2023 को पाक विदेश मंत्री ने 'गोवा शंघाई सहयोग' के इजलास में दहशतगर्द मुल्क का तर्जुमान बनकर शिरकत की थी। दौरे से पूर्व 20 अप्रैल को पुंछ के 'भाटा दूरियां' इलाके में आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए। 20 अप्रैल 2023 को दंतेवाड़ा में 'डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गाड्र्स' के ग्यारह जवान नक्सली हमले में जांवाहक हो गए। 'एससीओ' मीटिंग के दौरान ही 5 मई 2023 को राजौरी सेक्टर में आंतकी मुठभेड़ में भारतीय सेना की 'स्पेशल फोर्स' के पांच कमांडो वीरगति को प्राप्त हो गए, जिनमें दो सपूतों का बलिदान हिमाचल के हिस्से आया है। कमांडो प्रमोद नेगी का संबंध सिरमौर तथा कमांडो अरविंद कुमार का ताल्लुक कांगड़ा जिला से था। दुनिया की सर्वोत्तम सेनाओं में शुमार भारतीय स्पेशल फोर्सेज के जवानों का आतंकी हमलों में शहीद होना दुर्भाग्यपूर्ण है। देश रक्षा के लिए प्रतिबद्ध सैनिक फिदा-ए-वतन हो रहे है, मगर सैन्य शौर्य के सबूत मांगने वाले व धारा 370 के वियोग में अश्क बहाने वालों से लेकर मुल्क के रहबर सैनिकों की शहादत पर खामोश हैं। उत्तर प्रदेश में एक तसादुम में हलाक हुए माफियाओं की फुरकत में अब भी मातम मनाया जा रहा है। देश की सियासत अपने चुनावी समीकरण को साधने में मशगूल है। कश्मीर घाटी में आतंकी वारदातें हों, नक्सली हमले या अन्य राज्यों में सांप्रदायिक हिंसा तशद्दुद के भयानक दौर में देश की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हुक्मरानों की नजर-ए-करम सुरक्षा बलों पर ही होती है। जम्मू-कश्मीर के लिए हिमाचल की सैन्य कुर्बानियों का इतिहास रियासती दौर से ही रहा है। जम्मू-कश्मीर रियासत की सरहदों को विस्तार देने का श्रेय जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया को जाता है। मेजर जनरल 'जनक सिंह कटोच' व कर्नल 'रघवीर सिंह पठानियां' जैसे हिमाचल के सैन्य अधिकारियों ने पहली जंगे अजीम व कई सैन्य मिशनों में जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना का नेतृत्व किया था। जनक सिंह कटोच व न्यायमूर्ति मेहर चंद महाजन ने जम्मू-कश्मीर रियासत की सियासत में भी अहम भूमिका निभाई थी। कश्मीर पर 1947 में पाक हमले के खिलाफ सिरमौर के 'कर्नल शेरजंग' ने 'कश्मीर नेशनल मिलिशिया' फौज का हिस्सा बनकर अहम किरदार अदा किया था। फरवरी 1948 में 'कर्नल शेरजंग थापा' 'महावीर चक्र' ने पीओके स्थित 'स्कार्दू किले' पर कब्जा करके अदम्य साहस का परिचय दिया था। 1947 के पाक हमले में कश्मीर को महफूज रखने के लिए हिमाचल के 43 सैनिकों ने बलिदान दिया था। मेजर 'सोमनाथ शर्मा' व कै. 'बिक्रम बत्रा' दोनों 'परमवीर चक्र' विजेताओं की जांबाजी की दास्तान कश्मीर के लिए ही मिसाल बनी थी। यह भारतीय सैन्य पराक्रम का ही जलवा था कि 'सुपुर्दे ढाका' की शिकस्त में पाक सैन्य तारीख को शर्मिंदा करने वाले सिपहसालारों याहिया खान व आमीर अब्दुल्ला नियाजी को पाकिस्तान ने दम-ए-इताब में आकर सेवानिवृत्त करके गुमनाम जिंदगी जीने पर मजबूर कर दिया था। दो जुलाई 1972 को हिमाचल की राजधानी शिमला उस तारीख का चश्मदीद बना जब 1971 की भारत-पाक जंग के 93 हजार पाक युद्धबंदियों को छुड़ाने के लिए पाक सदर व बिलावल भट्टो के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो अमन का पैरोकार बनकर शिमला में तशरीफ लाए थे। शिमला समझौते के बाद जुल्फिकार अली भुट्टो ने पाकिस्तान जाकर कहा था कि घास की रोटी खाकर भी भारत से एक हजार साल तक लड़ेंगे। भुट्टो की वो तहरीर सच साबित हो रही है। पाकिस्तान की आवाम घास की रोटी खाने को मजबूर है। कई मुल्कों से खैरात मांगकर पाक हुक्मरान 'आईएमएफ' की कदमबोसी भी कर रहे हैं, मगर आतंक को पनाह देने से पाक तौबा नहीं कर रहा। अतः बिलावल को भारत के प्रति हिकारत भरा नजरिया विरासत में मिला है। 1990 के दशक में अपनी सियासी जमीन तलाशने के लिए पाक वजीरे आजम मोहतरमा बेनजीर भट्टो की कश्मीर को लेकर जहर उगलती तकरीरें घाटी में आतंक का नुक्ता-ए-आगाज साबित हुईं। पाक पोषित आतंक को घाटी में वहां की सियासत व स्थानीय आवाम की हिमायत हासिल होने से 'कश्यप ऋषि' की तपोस्थली कश्मीर आतंक में तब्दील हो गया। आतंक के खौफनाक मंजर से कश्मीर के मूल निवासी अपने ही राज्य में शरणार्थी होकर फरियादी बन गए। देश में कई सियासी रहनुमां व मानवाधिकारों की पैरवी करने वाले दहशतगर्दों के हलाक होने पर अश्क जरूर बहाते हैं। मगर घाटी में एक मुद्दत से विस्थापित हुए कश्मीरी पंडितों का मुद्दा राष्ट्रीय व आलमी सतह पर उस शिद्दत से नहीं उठा कि आतंक के कारण पंडितों का विस्थापन दुनिया की तवज्जो का मरकज बन सके। कश्मीर में आतंकी हमले 'अफस्पा' हटाने की वकालत करने वालों के लिए आईना हैं। अब कश्मीर में होने वाला जी-20 देशों का इजलास पाक हुक्मरानों को खटक रहा है। भावार्थ यह है कि हमारे बहादुर सैनिकों ने पाक फौज की हर पेशकदमी तथा आतंकियों के तमाम मंसूबों को ध्वस्त करके आतंक के मरकज पाकिस्तान को आलमी सतह पर भी शर्मसार किया है। मगर मुल्क की सियासत ने देश रक्षा के महाज पर ऐसा कोई साहस नहीं दिखाया जिस पर राष्ट्र गर्व कर सके। देश पर शासन करने की हसरत लेकर विपक्ष को एकजुट करने में जुटे सियासी रहनुमा भी आतंक के मुद्दे पर खामोश हैं। बहरहाल वतन-ए-अजीज की हशमत के लिए कुर्बान होकर तिरंगे में लिपट कर आने वाले सैनिकों के परिवारों के दर्द भरे जज्बातों को समझने की जरूरत है। चार युद्धों में अपनी मारक क्षमता से पाक फौज को मफलूज करने वाली भारतीय सेना पाक हुक्मरानों की हनक जमींदोज करके सुपुर्दे ढाका का इतिहास दोहराने की पूरी सलाहियत रखती है, बशर्ते देश की सियासत इच्छाशक्ति दिखाए। आतंक की पनाहगाह पर सैन्य कार्रवाई ही एकमात्र विकल्प है। सैनिकों के बलिदान को देश नमन करता है।

## देश दुनीया से

# न आदतां जांदियां ने

वारिस शाह ने सही फरमाया था कि ना आदतां जांदियां ने, पावें कटिए कटियां पोरियां पोरियां वे। अब एक सूफी की नैतिकोक्ति और शायर के कहने के अन्दाज में कुछ तो फर्क होगा ही। एक जहां गन्ने की मिसाल दे रहा है तो वहीं दूसरा सोमरस से अपनी बात रख रहा है। जाहिर है कि एक शायर एक सूफी से ज्यादा व्यावहारिक होगा। उसे पता है कि आम आदमी कौन से उदाहरण से जल्दी समझेगा। पर आदतें न इन दोनों की बातें सुनने से छूट सकती हैं और न मार खाकर। अन्यथा न ठरकी कभी जूते खाते और न कभी शराबी नालियों में गिरे होते या कुत्ते उनके मुंह चाट कर उन्हें जगाते। मनुष्य के चरित्र से याद आया कि आदतें व्यक्तिगत भी हो सकती हैं और सामूहिक भी। मेरे दो परिचित हैं। दोनों ही ऊंचे पदों से सेवानिवृत्त हैं। एक तो नौकरी की ऐसी आदत थी कि आईएएस से सेवानिवृत्त होकर भी चुनाव जीतने के बाद बतौर विधायक लोगों की वैसी ही सेवा कर रहे हैं, जैसी पैंतीस साल की नौकरी के दौरान की थी। प्रदेश प्रशासनिक सेवा में आने से पहले उन्होंने अपना करियर बतौर टेलीफोन ऑपरेटर शुरू किया था। पचास साल बाद भी आज तक वह अपनी 'हैलो...हैलो...' कहने की आदत नहीं छोड़ पाए हैं। दूसरे सज्जन अपने पिता की सेवा काल के दौरान मृत्यु की वजह से करुणामूलक आधार पर पुलिस महकमे में थानेदार हुए थे। सारी उम्र अपनी थानेदारी की आदत के कारण अठतीस साल की नौकरी में केवल दो प्रमोशन ही पा सके। एसपी बनने के बावजूद लोगों से किसी थानेदार की तरह ही पेश आते रहे। एक बार पुलिस मैदान में उनकी अनुमति से आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दौरान एक प्रकाशक द्वारा उन्हें घास न डालने की वजह से वे इतने नाराज हो गए कि दूसरे दिन ही दो हफ्ते तक चलने वाले मेले को चलता कर दिया। एक अन्य घटना में उन्होंने अपने एसपी के कार्यकाल के दौरान आयोजित अखिल भारतीय पुलिस खेलों के दौरान फाइनल में अपनी टीम को हारता हुआ देखकर, विरोधी टीम के कप्तान की कुटाई कर दी और मैच जीत लिया। यहां तक होता तो भी ठीक था। वह सारी उम्र दूसरे विभागों के अधिकारियों को अपनी थानेदारी का रौब दिखाते रहे। उनका तकिया कलाम था, 'तुम मुझे अच्छे से जानते नहीं हो। मैं बंदों को कहीं भी ठीक कर देता हूं।' एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा। इसलिए लोग उनसे एक निश्चित दूरी बनाए रखते थे। पर सेवानिवृत्ति के बाद भी उनकी थानेदारी की आदत गई नहीं है। आज भी जहां भीड़ देखते हैं, लाइन बनवाना शुरू कर देते हैं। आर्यावर्त की सामूहिक आदतों में लोगों का भीड़ होना सतयुग से लेकर आज तक बराबर बना हुआ है। चेतना का मंत्र जपने वाले देश में एक हांके की जरूरत होती है कि 'संतोषी मां' जैसी सी ग्रेड धार्मिक फिल्म सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ देती है या मूर्तियां दूध पीना शुरू कर देती हैं। सारी उम्र पाप करने के बाद भी एक गंगा स्नान आदमी को पवित्र कर देता है या गंगा में अस्थियां प्रवाहित होते ही मृतक की आत्मा मोक्ष प्राप्त कर लेती है। रामनवमी के जुलूस में दूसरे धर्म के लोगों पर हिंसा या ताजिए के दौरान छाती पीटना या अपने को घायल करना धार्मिकता के परिचायक हैं। भगवान पर भरोसा करने वाला देश चुनावों के दौरान यह तो पूछना शुरू कर देता है कि प्रधान सेवक बनाम चौकीदार का विकल्प क्या है? पर कभी अपनी चेतना या सजगता पर भरोसा करते हुए ईमानदार, परिश्रमी और कर्त्तव्यनिष्ठ उम्मीदवार का चुनाव नहीं करता। लेकिन जब कोरोना काल में तालियां-थालियां बजने लगती हैं तो नाना पाटेकर के 'क्रांतिवीर' के इस डायलॉग की जरूरत भी नहीं पड़ती कि एक मच्छर आदमी को हिजड़ा बना देता है।

> प्रदेश प्रशासनिक सेवा में आने से पहले उन्होंने अपना करियर बतौर टेलीफोन ऑपरेटर शुरू किया था। पचास साल बाद भी आज तक वह अपनी 'हैलो...हैलो...' कहने की आदत नहीं छोड़ पाए हैं। दूसरे सज्जन अपने पिता की सेवा काल के दौरान मृत्यु की वजह से करुणामूलक आधार पर पुलिस महकमे में थानेदार हुए थे। सारी उम्र अपनी थानेदारी की आदत के कारण अठतीस साल की नौकरी में केवल दो प्रमोशन ही पा सके। एसपी बनने के बावजूद लोगों से किसी थानेदार की तरह ही पेश आते रहे। एक बार पुलिस मैदान में उनकी अनुमति सड़े आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दौरान एक प्रकाशक द्वारा उन्हें घास न डालने की वजह से वे इतने नाराज हो गए कि दूसरे दिन ही दो हफ्ते तक चलने वाले मेले को चलता कर दिया।

## नागरिक बोध

# सचिन पायलट की जनसंघर्ष यात्रा युवाओ के भविष्य और भ्रष्टाचार के खिलाफ

सचिन पायलट ने जनसंघर्ष यात्रा की समाप्ति पर कहा कि यह यात्रा किसी के खिलाफ नही है। युवाओ के भविष्य के लिए और राजस्थान में करप्शन को खत्म करने के लिए हम सड़कों पर उतरे है। राजस्थान में सचिन खेमे के विधायकों ने जनसंघर्ष यात्रा में साथ चले। दरअसल, विधायक विकेंद्रीकरण की बात पर जोर दे रहे है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सचिन पायलट यू कहते सुने है कि यह सरकार के खिलाफ नही है।लेंकिन सचिन खेमे के विधायकों ने अपने ही सरकार पर करप्शन का आरोप लगाकर सीएम को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस के लिए यह लड़ाई विधानसभा चुनाव में व्यवधान पैदा करने वाली है। सचिन पायलट और अशोक गहलोत के बीच कड़वाहट को कम करके चुनावी मौसम में दोनों नेताओं को कैम्पेन के लिए तैयार करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अशोक गहलोत ने नालायक और निकम्मे शब्दो से सचिन पर प्रहार किया था। वो इसलिए कि सचिन ने अपनी ही सरकार के खिलाफ षड्यंत्र कर सरकार गिराने के लिए भरपूर प्रयास किया गया था।2020 से सचिन और अशोक गहलोत के बीच खाई परिलक्षित हुई है। अब इसको पाटा नही जा सकता है। सचिन खेमे के 13 विधायकों ने सभा मे उपस्थिति दर्ज कराई। छाती पर मूंग दलने वाले विधायको को गहलोत गले लगा सकते है? पायलट को सीएम बनाने की गुहार लगाने वाले विधायको की मांग को अशोक गहलोत स्वीकार करना नही चाहते है। इस वर्ष विधानसभा के चुनाव होने है। गहलोत ने कहा है कि रिपीट थ्योरी पर सरकार लाने वाले मेहनतकश सीएम की जरूरत है। शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर करप्शन के आरोप लगाकर अपनी पार्टी कांग्रेस के मंत्रियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोपों लगाए है। जांच कराने का आह्वान किया।सभा मे अनेक तर्क वितर्क से अशोक गहलोत पर निशाना साधने वाले विधायको ने अशोक गहलोत को हाथताली देने के मूड में दिखाई दे रहे है। सचिन की लड़ाई युवाओ की और भ्रष्टाचार की नही है। उनको राजस्थान की सत्ता पर काबिज होना है।सचिन चाहते है कि इस तरह के उपद्रव कर गहलोत को कुर्सी देने के लिए मजबूर कर दूंगा। मख्खी की तरह निकाल कर बाहर फेंकने वाले अशोक गहलोत के हिमत की दाद दी जानी चाहिए। इतने लंबे समय तक अशोक गहलोत ने एकेला चलो की तर्ज पर राजस्थान में जनकल्याणकारी योजनाओ की घोषणा कर सरकार को रिपीट लाने के सभी प्रयास किए गए। सचिन को इन सब बातों से गहलोत ने दूर रखा,तब सचिन ने राजनैतिक जमीन खिसकती देख अनशन और जनसंघर्ष यात्रा से सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की गई। लेकिन उसके बाद भी अशोक गहलोत की प्रतिक्रिया नही आने पर सचिन का मानस डगमगाने लगा और उन्होंने तत्काल जनसंघर्ष यात्रा को किसी के खिलाफ नही बताया।हेमराज चौधरी जो कि कैबिनेट मंत्री है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री डीएलसीसी और डीएलआरएसी की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022-23 के मार्च तिमाही का जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक जिले के सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई ।बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त अबु इमरान ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।बैठक में मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2022-2023 बैंको की उपलब्धियों पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए सीडी रेशियों पर चर्चा, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों की समीक्षा, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा, आर.सेटी चतरा के कार्यकलापों की समीक्षा की गई।वहीं बैठक में उपायुक्त ने कहा योग्य छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने हेतु जिले में शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग्य छात्र छात्राओं का अकाउंट खोले जिससे शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृति से लाभान्वित किया जा सके।ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 27.93त्न प्रतिशत है जिसे 35त्न प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोला जाय ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को मिल सके।उपायुक्त ने जिले के प्रखंड क्षेत्रों में लगे एटीम एवं एटीम में कैस की उपलब्धता की समीक्षा की। साथ ही कहा किसान क्रेडिट कार्ड हेतु बैंको में परे लंबित आवेदन का निष्पादन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। जिससे ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिल सकें।बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए, अरूण कुमार एक्का, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक शुभम कुमार शोम, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा एवं सभी बैंको के शाखा प्रबंधक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# तीन राजस्व उप निरीक्षकों को गम्भीर आरोपों में किया गया निलंबित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबू इमरान के द्वारा तीन राजस्व उप निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों निलंबित राजस्व उप निरीक्षक पर हैं संगीन आरोप। मामला जिले के कोयलांचल अंचल टंडवा से सम्बंधित है। निकट भविष्य में पहुंच सकता है पदाधिकारियों तक जांच की आंच। डीसी के रडार पर हैं कई कर्मी और पदाधिकारी। उक्त जानकारी अपरसमहर्ता पवन कुमार मंडल ने दी। ऐसी मंडल ने बताया कि तीनों निलंबित राजस्व उप निरीक्षक क्रमशः गुरुदेव कुमार सिंह, नारायण राम और राजनारायण प्रसाद पर टंडवा अंचल में अपने पदस्थापन कार्यकाल में रजिस्टर 2 में छेड़छाड़ जैसी गम्भीर आरोप है। डीसी अबू इमरान के द्वारा जांच टीम गठित की गई। जांचोपरांत डीसी ने निलंबन की करवाई की गई है। जिला प्रशासन गलत कार्यो में संलिप्त कर्मियों और पदाधिकारियों को लेकर सख्त है। जांच टीम के समक्ष अनेक चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। गलत कार्यो की खुलती परतों के कारण और भी सम्बंधित राजस्व उप निरीक्षक और पदाधिकारी जिला प्रशासन के रडार पर हैं। सूत्रों की माने तो अति निकट भविष्य में सम्बंधित कर्मियों और पदाधिकारियों पर जिला प्रशासन के द्वारा गाज गिरना सुनिश्चित है।तीन राजस्व उप निरीक्षक वर्तमान में दो चतरा अंचल में तथा एक लावालौंग अंचल में पदस्थापित हैं। तीनो राजस्व उप निरीक्षकों को निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# फल दुकान से चोरी करते दो चोर गिरफ्तार, जेल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के मैन चौक में संचालित मनोज साव के फल दुकान से शुक्रवार देर शाम दो युवकों ने गला से लगभग 50000 की चोरी कर ली। जिसका छानबीन करते हुए दुकानदार ने थाना को सूचना दिया। और लिखित आवेदन के बयान अनुसार दोनों युवकों को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके बाद थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के द्वारा दोनों युवकों से चोरी की जानकारी ली गई। जो दोनों युवकों ने 5960 चोरी करने की बात कबूल की है। दोनों चोर का नाम अत्ताउल्लाह अंसारी पिता स्व ताहिर मियां मोजाहिर अंसारी पिता जाबिर हुसैन ग्राम बरटा गिद्धौर थाना का बताया जा रहा है। लिखित आवेदन के अनुसार गिद्धौर थाना कांड संख्या 39/23 के तहत धारा 379, 34 भादवी में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# सोलर मशीन में लगे स्टार्टर मशीन की चोरी, पेयजल के लिए मचा हाहाकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड के महुआडांड़ पंचायत के दीपाटोली वार्ड संख्या 10 के लगाए गए सोलर जलमीनार से स्टार्टर मशीन चोरी हो गया है जिससे लोगों की प्यास बुझाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा है। मामूली खराबी के बाद से ही अधिकांश जलमीनार बेकार है। इसके बाद जलमीनार में लगे पंप मशीन में मामूली खराबी के बाद से पेयजलापूर्ति ठप पड़ी है। ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण राम कुमार जयसवाल, ग्राम प्रधान किरण देवी, देवंती देवी ने बताया कि प्रखंड व अन्य संबंधित पदाधिकारियों से कई बार मोटर मरम्मती करने की गुहार लगाया गया। जलमीनार के खराब होने से पानी की तरस हो गई है गर्मी का मौसम है। जहां अब लोगों को पानी की ज्यादा जरूरत पड़ेगी। ऐसी स्थिति में खराब जलमीनार को समय रहते नहीं बनाया गया तो लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या और विकराल हो सकती है। इस संबंध में क्या कहती है स्थानीय मुखिया महुआडांड़ पंचायत के मुखिया प्रमिला मिंज ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा ताकि लोगों को कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े दीपाटोली ग्राम के ग्राम प्रधान किरण देवी के द्वारा बताया गया कि सोलर पैनल में लगे स्टार्टर मशीन गायब होने से ग्रामीणों को पानी के लिए भारी समस्याओं को जूझना पड़ रहा है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023-24 के निमित ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के दो दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया.शुक्रवार को प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया था। प्रशिक्षण में मास्टर प्रशिक्षक मानस मंडल व शशि करण मिंज के द्वारा दी गई। जिसमें मनरेगा, बाल विकास, 15वें वित्त, विद्युत, स्वास्थ एवं शिक्षा के साथ अन्य विभागों से, 15 वें वित्त के लिए योजनाएं चयनित के सम्बन्ध मे जानकारी दिया गया। विभिन्न पंचायतों में क्रियान्वित गांव-गांव में ग्रामसभा के माध्यम से मिशन अंत्योदय का सर्वे कर इसका ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य सभी पंचायत सचिव, दो वार्ड सदस्य (प्रति पंचायत) वी0पी0आर0पी0 की दो सदस्य, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, मनरेगा मेट प्रशिक्षित किये जायंगे जो ग्राम पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्य योजना बनाने में सक्रिय सहयोग करेंगे।

# उपायुक्त से जल जीवन मिशन में गड़बड़ियों पर की गई कार्रवाई की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को पत्र लिखकर जल जीवन मिशन में हो रही गड़बड़ी की शिकायत की है। दिए आवेदन में जिला परिषद उपाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार को कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायत की गई लेकिन उनके द्वारा जल जीवन मिशन में गड़बड़ी कर रहे संवेदकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ।इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कार्यपालक अभियंता की संवेदकों के साथ मिलीभगत है। कहा संवेदक द्वारा पानी का पाइप एवं टंकी निम्न गुणवत्ता का लगाया जा रहा है। जीआई की जगह लोहे के एंगल में अल्मुनियम पेंट करके लगाया जा रहा है जल मीनार, बोरवेल की गहराई कम होने के कारण टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है पानी,200 फीट की जगह 100 से डेढ़ सौ फीट की की जा रही है गहराई। अनीता देवी ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में ढेर सारी गड़बड़ियों से संबंधित शिकायतें आई है।

# फलदार वृक्ष अगले कई सालों तक स्वर्गीय सरयू महतो की जीवंत कहानी को बयां करता रहेगा

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जब किसी व्यक्ति का नौकरी लग जाता है तो सबसे पहले वह अपने परिवार के बारे में सोचता है और उसके अंदर अहंकार भी आ जाता है लेकिन ऐसा हर बात नहीं होता है कुछ ऐसे भी सज्जन पुरुष जन्म लेते हैं जो घर परिवार के साथ साथ समाज में मुख्य जिम्मेवारी निभाते हैं। थाना क्षेत्र के मध्य गांव निवासी सरयू महतो का निधन 83 वर्ष की उम्र में हो गया इनके निधन पर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गया। सरयू महतो सेवानिवृत्त शिक्षक थे और पशु चिकित्सक भी थे। हमेशा इन्होंने आयुर्वेद को अपना मुख्य दवा माने और आयुर्वेद के माध्यम से कई असाध्य बीमारियों का भी इलाज किए जरूरतमंद व्यक्तियों को खुलकर दोनों हाथों से मदद किया करते थे यही वजह है कि आज इनका देहांत हो जाने के बाद अपनों के साथ साथ परायों के भी आंसू छलक रहे हैं। शिक्षक को इन्होंने सर्वोपरि माना और अक्सर गरीब घर के बच्चों से मिलते थे और उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करते थे यही वजह कि उनके द्वारा पढाए गए कई बच्चे आज सरकारी नौकरी में है तो कई अच्छे बिजनेसमैन तो कई प्राइवेट नौकरी मैं अच्छे मुकाम पर हैं। इनका छोटा पुत्र खनन विभाग में बड़े ऑफिसर हैं।आपको बताते चलें कि मधनियां तालाब के तट पर कम से कम 50 से अधिक आम के फलदार वृक्ष लगे हुए हैं। इसे स्वयं सरयू महतो ने लगाया था जो अब इनकी जीवंत कहानियों को अगले कई सालों तक हमारे और आपके बीच एक नई ऊर्जा के साथ हवा में घूलता रहेगा।

# भूमि विवाद में टांगी से मारकर अधेड़ को किया घायल

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सतगांवा में शनिवार को भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के 45 वर्षीय युगेश पासवान को टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से युगेश पासवान को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच में रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि घटना के बारे में जानकारी मिली है। हलांकि मामले में लिखित रूप से कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पुलिस ने मोटरसाइकिल से अवैध रूप से कोयला परिवहन कर बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान बालूमाथ थाना एस0आई कुबेर साव के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन करते दो लोगों को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया गया। जिसमें मंगलेश गंझू उम्र 20 वर्ष, पिता-सिमनाथ गंझू ग्राम ओल्हेपाट, थाना- बालूमाथ निवासी एवं मानकी गंझू, उम्र 21 वर्ष, पिता सतन गंझू ग्राम कसियाडीह थाना सिमरिया, जिलाचतरा निवासी शामिल है । इस संबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 74/23 दि धारा 379, 414 आईपीसी, 30(ii) कोल माइंस एक्ट, 21 एमएमडीआर, 13 झारखंड मिनरल्स रूल्स 2017 के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार दोनों आरोपियों को लातेहार जेल भेज दिया गया।

# वर्ग आठ के बच्चों को विदाई दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारीयातु प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में विद्यालय परिवार के द्वारा समारोह आयोजित कर वर्ग आठ के बच्चों को विदाई दी गई। विदाई समारोह में वर्ग आठ के विद्यार्थियों को निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पुष्पवर्षा कर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विदाई समारोह के मौके पर प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने बच्चों के भविष्य में अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। और कहा कि इन बच्चों का विद्यालय में काफी योगदान रहता था इनकी कमी खलेगी। और बच्चों को अच्छा नागरिक बन कर अपना एव परिवार का नाम रौशन करने को कहा। विदाई समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से उपहार के रुप में फाईल, कलम एवं कॉपी दिया गया।साथ ही साथ सभी को मिठाई खिलाकर विदाई दी गई। विदाई समारोह के मौके पर शिक्षक संजीव कुमार, एलिजा बेथ मिंज, सोनम श्वेता तिर्की, मधु कुजुर, राजेश्वर सिंह,महेन्द्र प्रजापति सहित कई शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# अवैध पत्थर चिप्स लदे हाईवा जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शनिवार को खनन विभाग को बड़ी सफलता मिली है जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार अंचलाधिकारी राकेश सहाय तथा सशस्त्र पुलिस बल बरवाडीह थाना के साथ संयुक्त रुप से थाना अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान पंचायत मंगरा अंतर्गत ग्राम आमडीहा मुख्य पथ पर अवैध पत्थर चिप्स लदे हाईवा पंजीयन संख्या जेएच 19ष्ट - 4426 को लगभग 5 बजे शाम रोककर वाहन चालान से पत्थर खनिज संबंधी कागजात मांगे जाने पर चालक के द्वारा दिखाए गए कागजात को जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा ऑनलाइन जांच पर चालान की वैधता समाप्त पाई गई। इस तरह उक्त हाईवा में लदे पत्थर चिप्स खनिज के चालान की वैधता समाप्त होने के बाद भी वैध रूप से परिवहन कार्य किया जा रहा था, जिसे जब्त किया गया है। वहीं जब्त किए गए।

**Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer, Ranchi**
**(Department of Health and Family Welfare)**

Letter No Date –

**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

The hospital is one of the premier govt. hospitals in the state and India. The institute provides free medical services. Expression of Interest (E.O.I) is invited for supervisor for providing services at Sadar Hospital Ranchi.

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Anasesthiologist | 1. MD/Degree /Diploma/DNB in anesthesia 2. Minimum 3 year in a 50 beded hospital | 1 | Negotiable/ (case basis) |
| 2 | Cytopathologist | 1. M.D (Path)/ Diploma/DNB in pathology 2. Minimum 3 year in a 50 beded hospital in Cytopathology/Pathology. | 1 | 1,05,000/- |
| 3 | Gastroenterologist | 1. M.D/DM Gastro/DNB in Gastro | 1 | Negotiable/ case basis |

**Terms and Conditions**

Relevant document can be downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in **Civil Surgeon Conference Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on May 30 2023.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Hospital Management Society,Sadar Hospital Ranchi will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant Sl no - 1 2 will be not more than 45 yrs as on 20-05-2023 and Maximum age of applicant Sl no- 3 will be not more than 50 yrs as on 20-05-2023 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This is a contractual position under Hospital Management Society, Sadar Hospital Ranchi initially for the period of 1 year. Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the Hospital Management Society,Sadar Hospital, Ranchi.

**Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer**
**Ranchi**

PR 297913 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

# भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न

# केन्द्र सरकार के 9 साल के कार्यों को जन जन तक पहुंचाएं : सांसद आदित्य साहू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्य समिति की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा व संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री सह राज्य सभा सांसद आदित्य साहू, सांसद सुनील सिंह, जिला प्रभारी बिपीन बिहारी सिंह विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान और जयप्रकाश सिंह भोक्ता शामिल हुए। बैठक में महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर आठ सदस्यीय जिला टोली बनाया गया जिसमें मिथलेश गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, तिलेश्वर राम, धर्मेन्द्र साहू शिबालक सिंह, स्मिता प्रकाश, सुभाष सिंह और चंदन केशरी नामित किए गए हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार के 9 साल पूरे होने पर 30 मई से 30 जून तक महा जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से एक एक घर तक पहुंच बनाना है और केंद्र सरकार के सभी संचालित योजनाओं के बारे में जन जन को बताना है। बैठक को सांसद सुनील सिंह, सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, जनार्दन पासवान, प्रदेश कार्य समिती सदस्य काली चरण सिंह प्रदीप सिंह ने भी संबोधित किया। जिले के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, समेत कई जन प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र दे कर मुख्य अथिति द्वारा सम्मनित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष तिलेश्वर राम ने किया। बैठक में युगल खंडेलवाल,अक्षेबट पांडे, नरेश सिंह, नवीन शाह, रामबिलास सिंह, रजनीकांत सिन्हा, बिनय सिंह जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सभी जिला पदाधिकारी, जिला कार्य समिती सदस्य, सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और महा जनसंपर्क अभियान के मंडल संयोजक, सह संयोजक समेत सैकड़ों नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुबियाही गांव मे लातेहार पुलिस ने नक्सली आत्म समर्पण सह मानव तस्करी जागरूकता कैंप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के तरवाडीह पंचायत के दुबियाही गांव में लातेहार पुलिस के तत्वावधान में नक्सली आत्मसमर्पण सह मानव तस्करी, डायन प्रथा की रोकथाम के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, तरवाडीह पंचायत मुखिया राधा देवी, उपप्रमुख सह भाजपा नेता राजकुमार प्रसाद, मानवाधिकार कार्यकर्ता हरिओम प्रसाद भाटिया, पूर्व मुखिया तरवाडीह जुलेश्वर लोहरा, बेंदी मुखिया रामदयाल उरांव समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संबोधित करते हुए थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा की लातेहार में नक्सल वाद और जागरूकता के अभाव के कारण विकास कोसो दूर हैं, नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए लातेहार पुलिस समय समय पर जागरूकता कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक करने का काम कर रहीं हैं। ताकि इसका लाभ सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को मिल सके। तत्पश्चात सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/BCHZB/DHANBAD/09/2023-24 ( 3rd Call)**

दिनांकः– **18.05.2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BARADAHA, BLOCK- BALIYAPUR, DIST -DHANBAD. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 02 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT GORATHI, BLOCK- BAGHMARA, DIST-DHANBAD. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 03 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT DHOBNI, BLOCK- DHANBAD, DIST-DHANBAD. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 04 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT MEDHA, BLOCK- NIRSA, DIST-DHANBAD. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 05 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT TANTRI, BLOCK- TOPCHANCHI, DIST-DHANBAD. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.05.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 27-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203269309/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

●किसी भी प्रकार का बदलाव/ सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 297896 (Building)23-24*D

## संक्षिप्त खबरें

### युवा को मिली जिम्मेदारी, राहुल गुप्ता बने जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के राहुल कुमार गुप्ता को भवन निर्माण मंत्री बिहार सरकार सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी ने विष्णुगढ़ के 120 सक्रिय सदस्यों के मौजूदगी में माला पहना कर प्रखंड अध्यक्ष की घोषणा की।सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा युवा वर्ग पार्टी के विचारों को जन जन तक ले जा कर संगठन को मजबूत करे, मै और जदयू का एक एक नेता और कार्यकर्ता आपके साथ है। मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने कहा की पार्टी के लिए आप काम कीजिये, मै हमेशा आपके साथ हूँ। मौके पर मुख्य रूप से बैजनाथ महतो,प्रवीण कुमार, बिहारी महतो, दुमरचंद कुमार, संतोष कुमार, रितलाल रवि, अमित कसेरा, रवि महतो, जितेंद्र कुमार सिंह, कृष्णा कुमार, राजू महतो, घनश्याम महतो, अरविंद कुमार, दीपक तिवारी, माही पटेल,छत्रधारी ठाकुर, के अलावे सैकड़ो सक्रिय सदस्य थे।

### दामोदर नदी अरगड्डा में पहाड़ी मछली 5 केजी की पकड़ाई

**सिरका :** अरगड्डा के दामोदर नदी में शनिवार को मछली पकड़ने वालों के द्वारा करीब पांच केजी की पहाड़ी मछली पकड़ी गई। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जबकि खरीदारों ने मछली को आवश्यकता के अनुसार खरीदा। लोगों ने बताया कि दामोदर नदी में पानी कम हो जाने के कारण बड़ी मछलियां बंसी के सहारे आसानी से फंस जा रही हैं। जिससे पहाड़ी मछली जैसे छोटे आकारों की मछली की जगह बड़े मछली पकड़ में आसानी से आ जा रही हैं। वही लोग भी मछली के पकड़े जाने के बाद इसे खरीद कर चखने का कार्य सपरिवार कर रहे हैं।

### सीसीएल टैंकर से चाणक सिरका में पानी पहुंचना हुआ प्रारंभ

**सिरका :** चाणक सिरका ग्रामीणों के आंदोलन के बाद सीसीएल सिरका प्रबंधन का आंख खुला। टैंकर द्वारा प्रबंधन सिरका ने चाणक में पानी पहुंचाना आरंभ कर दिया हैं। इसे लेकर ग्रामीण रमेश बेदिया, जी. बेदिया, गीता देवी ने बताया कि बीते शुक्रवार संध्या टैंकर से पानी मिलना शुरु हुआ है। जो सुबह और शाम दो टाईम गांव के लोगो को पानी की सुविधा मिलेगी।

### पंचायत सचिवालय में प्रधानमंत्री आवास दिवस लाभुकों के साथ मनाया गया

**रामगढ़ :** मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय प्रधानमंत्री आवास दिवस लाभुकों के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने लाभुकों को समय पर आवाज को पूर्ण करने का निर्देश दिया कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार उन्होंने भी लाभुकों को जल्द से जल्द बनाने का निर्देश दिया एवं मांडू चट्टी पंचायत सचिव राजकुमार रोजगार सेवक अनिल महतो जनसेवक ईश्वर सा कपिल गंजू आनंद कुमार पिंटू गुप्ता प्रधानमंत्री आवास लाभुक का नाम कंचन देवी धनवा देवी पतिया देवी छोटू मुरमुर बिरसा भुइयां मुनिया देवी बसंती देवी छोटू भुइयां आदि मौजूद थे।

### जनसेवक संघ के हड़ताल का 12वां दिन भी जारी

**रामगढ़ :** जनसेवक संघ के हड़ताल का 12 वां दिन भी जारी मौके पर पहुंच कर महामंत्री जन सेवक संघ लोकेश कुमार ने बताया कि धरना में बैठने के कारण जिले में जन सेबको के जिममें जो काम थे वे सभी प्रभावित हो रहे हैं उन्होंने उम्मीद जताया की जल्दी सरकार हमारी ओर ध्यान आकृष्ट कर हमारी मांगों को पूरा करेंगे साथ अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाए। रविंद्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, उमेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, बिमल कुमार बेदिया, विनीता सिंह, आलोक मित्रा आदि थे ।

## रामगढ़ उपायुक्त ने किया नवनिर्मित टोकीसुद मंगरदहा नदी पुल का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा पतरातू प्रखंड अंतर्गत पालू पंचायत के ग्राम टॉकीसूद पहुंचे।जंहा उन्होंने मंगरदहा नदी पर बने पुल का निरीक्षण किए । बताते चलें की उक्त निर्मित पुल रामगढ़ हजारीबाग रांची और चतरा जिले को जोड़ती है । जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी । वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से ग्राम टेरपा से मंगरदहा पुल तक भाया देवगढ़ मुख्य पथ तक सड़क निर्माण के लिए रामगढ़ उपायुक्त को मांग पत्र सौपे ढ्ढ जिसकी लंबाई लगभग चार किलोमीटर है । वहीं रामगढ़ उपायुक्त ने तुरंत संबंधित विभाग को सड़क नापी करने की बात कही । इधर ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क बनने से बड़कागांव और छापर आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी । मौके पर कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल, अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडे,प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो, पंसस अजय कुमार सिंह,सुनीता देवी, पूर्व मुखिया गंगाधर महतो, समाजसेवी हरिदास साव, किरण देवी,शान्ती देवी, उज्जवल कुमार सिंह,मिरा देवी, नरेश महतो पंचायत सचिव, अभियंता अनिल कुमार,प्रवीण कुमार आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल के सौजन्य से कटिया न्यूमार्केट में चला स्वच्छता पखवाड़ा अभियान




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के अंतर्गत पीवीयूएनएल के सौजन्य से पंचायत कटिया न्यू मार्केट में स्वच्छता पखवाड़ा की भावना से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पीवीयूएनएल अधिकारियों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। तथा पीवीयूएनएल के कर्मचारी मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक साथ मिलकर पास के कटिया बाजार को साफ करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया तथा बाजार क्षेत्र के स्थानीय विक्रेताओं से आग्रह किया गया कि वे आसपास कूड़ा ना डालें और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से कचरे का निपटारा करें। तथा मौके पर उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने अपने घर या आसपास में गंदगी रहने पर अपने से गंदगी को साफ करना की सलाह दी गई। जिससे कि अपना क्षेत्र अपना समाज साफ सुथरा हो।

## उपायुक्त ने उर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** राज्य सरकार की महत्वपूर्ण बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना को लेकर बिजली बिल, ब्याज माफी का लाभ आमजनों को दिलाने के लिए विद्युत प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर आज 20 मई को उपायुक्त आवासीय परिसर से उपायुक्त नैंसी सहाय ने ऊर्जा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ सभी प्रखंडों में जाकर इस योजना का लाभ लेने की अपील करेगी।कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग ने बताया कि डीपीएस की माफी का लाभ एक मुस्त जमा योजना (OTS) के तहत शहरी/ग्रामीण घरेलु (zKW) तक के उपभोक्ताओं को डी0पी0एस0 माफी का लाभ 30 जून 2023 तक दिया जाएगा, प्रखंडवार विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे कैंपों के माध्यम से इस योजना का लाभ उठाए।उपायुक्त ने भी सभी विद्युत उपभोक्ताओं को अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग जिला अन्तर्गत माह दिसम्बर 2022 तक का डी0पी0एस0 की माफी का लाभ एकमुश्त जमा योजना (ह्लञ्जस्) के माध्यम से चलाया जा रहा है। इस योजना में शहरी/ग्रामीण घरेलु (5ज्यङ्ख) तक के उपभोक्ताओं को डी0पी0एस0 माफी का लाभ 30 जुन 2023 तक दिया जाना है, जिसके लिए आगामी 31.05.2023 तक प्रखंडवार चिन्हित स्थानों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## छुट्टियों में कटौती का शिक्षकों ने किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राजभवन द्वारा छुट्टियों में की गई कटौती के विरोधस्वरूप रामगढ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा कालेज प्रशासनिक भवन के समक्ष काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।शिक्षकों ने कहा कि दिनों-दिन गर्मी के बढते प्रकोप के कारण कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है, जिससे पहले से ही शिक्षकगण चिंतित थे। रामगढ़ कोलियरी क्षेत्र होने की वजह से झारखंड के बाकी जगहों की तुलना में अधिक गर्म है। ज्ञात हो कि रामगढ़ महाविद्यालय में छात्र-छात्राएँ गोला, चितरपुर, पेटरवार, छतर-मांडू, गिद्धी, पतरातू, कोठार और बड़काकाना जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बड़ी कठिनाइयों का सामना करते पढाई करने आते हैं। कक्षा करके लौटते हुए भीषण गर्मी के असर से ज्यादातर बच्चों की तबियत बिगड़ रही है, जिसकी शिकायत अभिभावकों द्वारा निरंतर शिक्षकों से की जा रही है।

## महिला खिलाडी के सुरक्षा में हो रही चूक, प्रशासन बेखबर : रूचि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार की सदस्य रूचि कुजुर ने कर्जन मैदान परिसर अवस्थित आवासीय बालिका एथलेटिक्स सह फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र का निरिक्षण। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश सिन्हा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद,सी डब्ल्यू सी सदस्य भारती नयन,खेल प्रशिक्षक अनुकम्पा रुण्डा, सोनी कुमारी, प्रभात रंजन तिवारी, खेल संघ के पदाधिकारी कोलेश्वर गोप, अजीत कुमार, मनोज कुमार, शैलेन्द्र कुमार, हेमंत कुमार, अकरम खान, चन्दन राणा इत्यादि उपस्थित थे। सर्वप्रथम रूचि कुजुर ने बालिका प्रशिक्षण केंद्र का निरिक्षण किया देखने का प्रयास किया की सरकार द्वारा दिये जा रहे सुविधा महिला खिलाड़ी को कितना मिल पा रहा है, भोजन का मेनू का सही अनुपालन, पोषण की व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था इत्यादि का जाँच किया ताकि झारखण्ड के होनहार बच्चियाँ खेल में राज्य का नाम रौशन कर पाए और अपना भविष्य सुनहरा बना पाए। खेल संघ के साथ बैठक किया उनके परेशानी और जरूरत को जानने की कोशिश किया, साथ में बताया की खेल और स्टेडियम के विकास के लिए सरकार हज़ारीबाग़ में अच्छी योजना लाएगी।बैठक के दौरान ही खेल संघ और बड़ी बाजार थाना प्रभारी के साथ स्टेडियम का निरिक्षण किया देखा की स्टेडियम का दिवाल तोड़ दिया गया है और स्टेडियम के रूम में लगभग सैकड़ो गाय का खटाल बना दिया गया है ।

## एनटीपीसी के स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के पांचवे दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा ÷स्वच्छता पखवाड़ा 2023÷ के पांचवें दिन हजारीबाग स्थित बाल भवन में चित्रकला प्रतियोगिता एवं साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाल भवन के दर्जनों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता से संबंधित कई तरह की तस्वीरें बनाई। चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा बच्चों ने बाल भवन परिसर की साफ-सफाई में हाथ बटाया। गौरतलब है कि स्वच्छता पखवाड़ा 2023, 16 से 31 मई के बीच देश भर के एनटीपीसी परियोजनाओं एवं अन्य जगहों में चलाई जा रही है जिसके तहत पकरी बरवाडीह में भी पिछले 5 दिनों से कई तरह के कार्यक्रम

## सीसीएल सिरका परियोजना कार्यालय में लगे बेसिन नल से नहीं गिर रहा है पानी, कर्मचारी है परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका अपने स्वच्छ भारत अभियान को लेकर असफल दिखाई पड़ता हैं। यहां कर्मचारियों, कामगारो की सुविधा के लिए लगे बेसिल नल स्थल पर करीब आठ महीनों से पानी नहीं आ रहा हैं। जिसके कारण यहां कार्यरत कर्मियों को पीने और हाथ धोने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा हैं। जिससे परेशानी बढ़ गई हैं। कर्मचारियों ने बताया कि बीते एक से डेढ़ वर्ष से कायाकल्प अभियान का कार्य ऑफिस में हो रहा हैं। लेकिन हम लोगों के लिए पीने का पानी और बेसिन में हाथ धोने का पानी नहीं हैं। जिसके कारण बेसिन कोयले के डस्ट से भरा पड़ा हैं। इसकी सफाई करने वाला कोई नहीं हैं। बेसिन के समक्ष थूकना मना का भी स्लोगन लगा हुआ हैं। लेकिन थूकना तो छोड़िए इस स्थल पर कोई खड़ा भी नहीं हो सकता हैं। कर्मचारियों ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा पीने के लिए फिल्टर मशीन भी लगाए गए थे। लेकिन लगभग 6 माह से अधिक खराब पड़े होने के बाद उसे बनाने के लिए भेजा गया हैं। लेकिन इस भीषण गर्मी में अभी तक प्रबंधन की ओर से ना ही औपचारिक पानी की व्यवस्था और ना ही फिल्टर मशीन लगाने की प्रक्रिया की गई हैं। यहां कार्यरत लगभग 4 दर्जन से भी ज्यादा कर्मचारी अपने घरों से वाटर बोतल में पानी लेकर आते हैं। लेकिन वह भी गर्म हो जाया करता हैं। इससे कर्मचारियों को पानी ड्यूटी करने के दौरान पीने में काफी असुविधा होती हैं।

## चुम्बा के रवि हाई स्कूल शिक्षक बने, सीएम के हाथों मिला नियुक्ति पत्र, परिवार में हर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मांडू के मंझिला चुम्बा चांदनी चौक निवासी रवि कुमार दास ने हाईस्कूल की शिक्षक परीक्षा सफलता पाने के बाद बीते शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन के हाथों नियुक्ति पत्र पाया हैं। इनका पहला पदस्थापन धनबाद के झरिया गुजराती हिंदी उच्च विद्यालय(धनबाद) में होना हैं। खबर के मिलते ही नव शिक्षक रवि के पिता लालधारी राम, माता किरण देवी, भाई आकाश कुमार दास, विकास कुमार दास, ग्रामीणों और बंधु बांधवो में खुशी का वातावरण व्याप्त हैं। इसे ले नव शिक्षक रवि कुमार दास ने बताया कि वर्ष 2017 में हाई स्कूल शिक्षक परीक्षा में सफलता मिली। लेकिन अब 19 मई 23 को नियुक्ति पत्र मिला। गांव के उच्च विद्यालय चुम्बा में बच्चों को पढ़ाया करता था। हमारे पिता और भाइयों ने मजदूरी कर मुझे पढ़ाया और इस मुकाम पर पहुंचाया हैं। मैं समाज के लोगों से निरंतर आगे बढ़ने की बात कहता हूं, कठिनाइयों में भी हम आगे सफल हो सकते हैं। वही बेहतर लगन और सफलता पर रविदास समाज के अध्यक्ष सह पंसस मंझिला चुम्बा के महेंद्र कुमार दास, छोटे लाल दास, किरण देवी, बाबा सिकंदर, नरेश कुमार दास, सुनीता देवी, किशोर कुमार दास, प्रकाश राम, सुरेंद्र कुमार, उमेश राम आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता पहुंचे आरोग्यम अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के डिस्ट्रिक्ट मोड़ स्थित आरोग्यम अस्पताल के परिसर में शनिवार को झारखंड के श्रम,रोजगार,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं उनके सुपुत्र विनोद भोक्ता अस्पताल परिसर पहुंचे।अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा एवं अस्पताल परिवार के सदस्यों के द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं उनके सुपुत्र विनोद भोक्ता ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर अस्पताल के हर गतिविधियों से रूबरू हुए। अस्पताल के हर एक डिपार्टमेंट का जायजा लिया। जिसके पश्चात आरोग्यम अस्पताल के सदस्यों ने उनके साथ तस्वीर ली।मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा सामाजिक क्षेत्र में सेवा के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सेवा आपकी सराहनीय है। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के अन्य निजी अस्पतालों से बेहतर है आरोग्यम की गतिविधियां।मौके पर निर्देशक हर्ष अजमेरा ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता का आभार जताया, कहा की आपका मार्गदर्शन आरोग्यम अस्पताल के परिवार के सदस्यों को मिला है।

## बिजली चोरी के छापेमारी में 14 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** कनीय विद्युत अभियंता कुनुराम मुर्मु ने विद्युत ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध बुधवार को आवेदन देकर विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया है।इससे पहले विद्युत विभाग के निर्गत शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशानुसार विद्युत ऊर्जा की चोरी के विरुद्ध एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस छापेमारी अभियान में कनीय विद्युत अभियंता कुनुराम मुर्मू के अलावे राजेश निरंजन टोप्पो हजारीबाग, मो. अरबाज, राकेश कुमार, संतोष कुमार पटेल, मो. अल्ताफ, गिरधारी महतो, मो. इब्राहिम विद्युत कर्मी शामिल थे।दर्ज मामले में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी का आरोप बंदखारो पंचायत अंतर्गत उच्चाघाना, काल्हाबार, एवं गाल्होबार पंचायत अंतर्गत खरकी के दीपक कुमार साव पिता चुरामन साव, संजय प्रसाद पिता चुरामन साव, कुल्लू साव पिता टूकन साव, पुनीत साव पिता सेवा साव, नागेंद्र मंडल पिता स्व. सुखदेव साव, धनेश्वर महतो पिता पुनीत महतो, खेमलाल महतो पिता चिंतामन महतो, इरफान अंसारी अब्दुल लतीफ, रामेश्वर साव पिता स्व. सेवा साव आदि थे ।

## संपन्न हुई भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक महा-सम्पर्क अभियान पर बनी रणनीति

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** शनिवार को फोरलेन हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमे पर्यवेक्षक एवं मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक सह बोकारो विधायक विरांची नारायण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप से प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रविंद्र राय,प्रदेश उपक्ष्यक्ष सह विधायक जेपी भाई पटेल,पूर्व सांसद सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यदुनाथ पांडे,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह,पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह भाजपा रामगढ़ के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू मंचस्थ हुए।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे अखिल भारतीय स्तर पर महा-सम्पर्क अभियान का कार्यक्रम निर्धारित है जिसे जिला में सफल बनाने हेतु विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विरंची नारायण सहित मंचास्थ नेताओं ने सर्वप्रथम महापुरुषों की तस्वीरों पर पुष्पांजलि एवं सामूहिक राष्ट्रीय गान किया ।

## कोनार विस्थापितों ने डीवीसी से रखी मांग, पहले हमें पानी उपलब्ध कराएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** डीवीसी कोनार डैम के सैकड़ों विस्थापितों ने हस्ताक्षर आवेदन के माध्यम से डीवीसी प्रबंधन को चेताया कहा कि डीवीसी पहले यहां के विस्थापितों की पेयजल आपूर्ति दुरुस्त करे उसके बाद झारखंड सरकार को पानी बेचने का कार्य करें।विस्थापित परिवार पेयजल की समस्या से जूझ रही है,और डीवीसी प्रबंधन झारखंड को पानी बेचने की जुगत में लगी है, जो कि न्याय संगत नहीं है। डीवीसी कोनार डैम के विस्थापित वर्षो से पेयजल, सिंचाई एवं बिजली आदि जैसे मांगों को लेकर मांग करते रहे हैं जबकि अब तक इस पर प्रबंधन का सकारात्मक पहल नही हुआ और डीवीसी झारखंड सरकार को पानी बेचने की पूरी तैयारी कर रही है जिससे विस्थापितों में आक्रोश है, समय समय पर विस्थापित कार्य को रोकने का भी कार्य किया है।

## जनता दल यूनाइटेड का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को प्रधान कैफिटेरिया में संपन्न हुआ। इसमें शामिल कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में आपसी मतभेद और सभी तरह के शिकायत को भुलाकर आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार सत्तारूढ़ हुई है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है।कारण यह सरकार महंगाई पर संज्ञान ले रही हैं और मे जनता की शिकायत पर लगाम लगाने का प्रयास नहीं कर रही है। बल्कि निजी कंपनियों और पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर बेरोजगारी बढ़ाने का काम रही है। केंद्र सरकार की नीतियों से जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जदयू का बेहतर प्रदर्शन हो।

## श्री-श्री 108 मारुति नंदन हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलशयात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चुगलामो अंतगर्त ग्राम केंदुआ में श्री श्री 108 मारुति नंदन हनुमान प्राण प्रतिष्ठा चतुर्थ दिवसीय महायज्ञ समारोह को लेकर 20 मई 2023 से 23 मई 2023 तक को लेकर कलश यात्रा शुभारंभ की गई। केंदुआ गांव से बेलवा घाट तक कलशयात्रियों के द्वारा 251 कलशपात्र को लेकर कलशयात्रा निकाली गई।जिस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।जिस मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी,20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद,स्थानीय मुखिया फूलमती देवी स्थानीय पंचायत समिति बसंती देवी आदि थे ।

## पिछड़ा प्रकोष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णुगढ़, टाटीझरिया प्रखण्ड के तमाम जदयू पदाधिकारी नाराज

### जदयू माण्डू विधानसभा प्रभारी पर उदासीनता का लगाया आरोप, बगावत के उठे सुर

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी कि एक बैठक कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष देवनाथ महतो तथा संचालन जदयू वरिष्ठ नेता राजेंद्र मंडल ने किया । इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष (पिछड़ा प्रकोष्ठ) दशरथ राय उपस्थित हुए ।बैठक में आये जदयू पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक सुर में माण्डू विधानसभा प्रभारी की कार्यशैली पर सभी ने एकसुर में प्रश्नचिन्ह लगाया ।पार्टी पदाधिकारियों ने माण्डू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल पर पार्टी कार्यकर्ताओं सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि इनका पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण नही दिखता,सभी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो को अपने हाल पर छोड़ दिया हैं, कोइ सुध लेने वाला नही है। इनकी उदासीनता के कारण पार्टी में नए कार्यकर्ताओ को जोड़ना तो दूर की बात अपने भी हमसे बिछड़ने लगे है । इस पर प्रदेश नेतृत्व को ध्यान देने की जरूरत है।इस मौके पर मुख्य रूप से जदयू जिला सचिव चमन स्वर्णकार,यूवा जदयू जिला सचिव नीलकंठ तुरी,टाटी झरिया प्रखण्ड अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह,प्रवीण महतो, जदयू जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ रामलाल सोरेन , संजय विश्वकर्मा, कैलाश महतो , दिपक वर्णवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रियलमी ने अपना सबसे स्लिम स्मार्टफोन रियलमी नार्ज़ो एन 53 पेश किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपना नवीनतम स्मार्टफोन रियलमी नार्ज़ो एन 53 पेश किया, जिसमें अगली पीढ़ी के उपयोगकर्ताओं के लिए स्लिम फॉर्म फैक्टर और अत्याधुनिक विशेषताएं हैं। यह स्मार्टफोन रियलमी द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है और इसमें 33 वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी के साथ उद्योग में अग्रणी 50स्बक्क कैमरा है। लंबे समय तक चलने वाली 5000द्धद्ध की बैटरी के साथ रियलमी नार्ज़ो एन 53 में मिनी कैप्सूल भी है जो यूज़र्स को तीन आवश्यक विशेषताएं प्रदान करता है । नार्ज़ो सीरीज़ स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश रेंज है जो स्मार्टफोन का एक विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में इसके 12.3 मिलियन यूज़र्स हैं। नार्ज़ो एन सीरीज़ स्मार्टफोन की अगली पीढ़ी है, जिसे लीप-फॉरवर्ड टेक्नॉलॉजी और डिज़ाइन के साथ बनाया गया है ताकि यूज़र्स सबसे आगे रहते हुए अपने व्यक्तित्व का प्रदर्शन कर सकें। नार्ज़ो में 'एन' विविधता, अद्वितीयता और असीमित संभावनाओं को प्रदर्शित करता है। यह उन लोगों पर केंद्रित है, जो दूसरों द्वारा परिभाषित होने से इंकार कर देते हैं, और जिनकी अद्वितीय रुचियाँ, महत्वाकांक्षाएं, और आकांक्षाएं हैं। रियलमी नार्ज़ो ब्रांड जैन-ज़ी को अगली पीढ़ी की डिवाइस और एमेज़ॉन.इन के साथ सुगम शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को बीमारियों से सुरक्षित करने के लिए टीकाकरण को देना होगा बढ़ावा : विशेषज्ञ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हेल्दी एजिंग को परिभाषित करते हुए कहा है कि 'इस तरह की फंक्शनल एबिलिटी को डेवलप और मैंटेन करना, जिससे बड़ी उम्र में भी बेहतर जीवन सुनिश्चित हो सके।' डब्ल्यूएचओ ने अपनी 'डेकेड ऑफ हेल्दी एजिंग- बेसलाइन रिपोर्ट-2020' में हेल्दी एजिंग के लिए वयस्कों के टीकाकरण को महत्वपूर्ण रणनीतियों में शुमार किया है। 2020 में 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या 26 करोड़ थी, जो 2036 तक 40.4 करोड़ पर पहुंच जाने का अनुमान है। बढ़ती उम्र के साथ शरीर की प्रतिरक्षा शक्ति कमजोर होती है, जिससे लोगों में न्यूमोनिया, इन्फ्लूएंजा और शिंगल्स जैसे संक्रमणों की चपेट में आने का खतरा बढ़ जाता है। शिंगल्स एक वायरल बीमारी है, जो बड़ी उम्र के लोगों की जिंदगी को बहुत बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। इस बीमारी के कारण बहुत दर्दनाक रैश हो जाते हैं। रांची स्थित शांति स्किन हॉस्पिटल एंड लेजर सेंटर के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर द्विवेदी ने कहा, 'शिंगल्स, न्यूमोनिया और इन्फ्लूएंजा जैसे संक्रमण बुजुर्गों में गंभीर लक्षणों का कारण बन सकते हैं। हर महीने मेरे पास शिंगल्स से पीड़ित 10-12 मरीज आते हैं। उनमें से हर कोई असहनीय दर्द का सामना कर रहा होता है।

## ओप्पो इंडिया और तेलंगाना सोशल इम्पैक्ट ग्रुप का संगारेड्डी जिले में प्रवासी मजदूरों के कल्याण के लिए हुआ गठबंधन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाइस ब्रांड, ओप्पो ने टी-एसआईजी (तेलंगाना सोशल इम्पैक्ट ग्रुप) के साथ अपने गठबंधन की घोषणा की है। यह साझेदारी उड़ान परियोजना के लिए की गई है, जिसका उद्देश्य तेलंगाना के संगारेड्डी जिले, हैदराबाद में ओडिया प्रवासी मजदूरों के जीवन में परिवर्तन लाना है। उड़ान द्वारा इन मजदूरों के स्वास्थ्य, पोषण, बच्चों की शिक्षा, भत्ता, और जीवन की परिस्थितियों सहित उनका जीवनस्तर सुधारकर उन्हें समर्थ बनाया जाता है। इस पहल के स्पॉन्सर के रूप में, ओप्पो, टी-एसआईजी और एड एट एक्शन (एनजीओ) के साथ उन 2500 से अधिक प्रवासी मजदूरों और 400 बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आएगा, जो पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा, जो अक्टूबर, 2023 से मार्च, 2024 के बीच छः महीने तक संगारेड्डी जिले में रहेंगे।

## विमान फर्नीचर इंडस्ट्रीज के कामगार गए हड़ताल पर

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेतलसूद स्थित विमान फर्नीचर इंडस्ट्रीज के कामगार न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर शुक्रवार को मुखिया शांति मुंडा के नेतृत्व मे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। कामगारों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा कुशल और अकुशल श्रमिकों के लिए निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है और ना हीं कोई सुविधाएं प्रदान की गई है। प्रबंधन पर आर्थिक शोषण का आरोप लगाते यह भी कहा कि उनसे आठ घंटा से अधिक काम लिया जा रहा है जो श्रम कानून का घोर उलंघन है। कामगारों की मांग है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाए साथ ही श्रम अधिनियम के तहत बीमा, चिकित्सा, भविष्य निधि, बच्चों के लिए शिक्षा अनुदान सहित अन्य लाभ दी जाए। कामगारों ने चेतावनी दिया कि उनकी मांगे पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगा।

## अनगड़ा के रामदगा हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव, निकली कलश यात्रा

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामदगा स्थित हनुमान मंदिर के द्वितीय वार्षिक उत्सव के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी । सुबह महिलाएं सिर में जल भरे कलश लेकर यात्रा में निकली । जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया । कलश यात्रा में जिला 20 सूत्री के पूर्व उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार प्रमुख दीपा उरांव पूर्व विधायक राम कुमार पहान अनुराधा मुंडा कर्नल बीरेंद्र सिंह मुखिया रोशन लाल मुंडा शामिल हुए । यात्रा में अध्यक्ष मुकेश महतो सचिव सोनू बेदियाकोषाध्यक्ष भुनेश्वर महतो रितेश महतो सदस्य निरंजन सुरेश्वर जीतराम ज्योतिलाल सुरेंद्र जितेंद्र रामचंद्र रवि अर्जुन प्रमोद अनुज गोस्वामी सुभम अनिल पंडित राजेंद्र दास गोस्वामी सुनील गोस्वामी उपस्थित थे ।

## वित्तीय सेवाओं के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वित्तीय सेवाओं के लिए क्रेडिट कार्यक्रम सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया रांची क्षेत्र के द्वारा19.05.2023 को वित्तीय सेवाओं के लिए 'मेगा क्रेडिट कैंप 'का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उदघाटन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पटना अंचल के आंचलिक प्रमुख डी पी खुराना के हाथो किया गया। इस अवसर पर सभी ग्राहको का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार ने कहा की , सेंट्रल बैंक हमेशा से ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करता आया है जिससे ग्राहको को अधिक से अधिक लाभ हो। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए अंचल प्रमुख डी पी खुराना ने सभी उपस्थित ग्राहको को बैंक की अन्य योजनाओ के बारे मे अवगत कराते हुए कहा की बैंक के पास जमा, ऋण एवं अनुषंगी सेवाओं से संबन्धित विभिन्न उत्पादों की लंबी श्रृंखला है। परंपरागत बैंकिंग के साथ साथ आधुनिक बैंकिंग की सेवायें सेंट्रल बैंक में मौजूद है। युवा शक्ति को भारत के भविष्य के रूप में स्थापित करने के लिये स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने तक के लिये शैक्षणिक ऋण की सुविधा उपलब्ध है।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को श्री श्री 108 पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव चायबगान नामकुम में शुभारंभ हुआ । शुभ कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने तपती धूप में गाजा बाजा के साथ श्री श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से पैदल चलकर स्वर्णरेखा कोचा टोली पहुंचकर वहां से जल भरकर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर कलश यात्रा कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। जिसपर प्रमोद कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा अपने संबोधन में कहा कि इस भीषण गर्मी में भी कलश यात्रा निकाल कर महिलाओं ने हिन्दू को जगाने का काम किया ,इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद । इस मौके पर आयोजन समिति का अध्यक्ष - अरुण कुमार झा, जिला परिषद - राम अवतार केरकेट्टा, बिपिन टोप्पो, मुखिया -अनीता तिर्की बरगांवा, सचिव - डा0 आर के सिंह, कोषाध्यक्ष - मिथलेश सिंह, संरक्षक - गुड्डू सिंह,अशोक मिश्रा साथ में प्रभाष झा, सुबोध सिंह उर्फ टनटन उप मुखिया आदि थे ।

## सहायक शिक्षक के पद पर योगदान दिया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम इचाहतु पोस्ट नावाडीह थाना सोनाहातु जिला रांची झारखंड के रहने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय भुवन चंद्र महतो के सुपुत्र ब्रजेश्वर कुमार महतो ने बतौर सहायक शिक्षक के पद पर अपग्रेड हाई स्कूल देवलटाँड सरायकेला खरसावां में योगदान दिया है द्यब्रजेश्वर महतो की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय आदर्श हाई स्कूल में हुई जिसके बाद इंटरमीडिएट रांची कॉलेज रांची एवं बी?ए? की पढ़ाई रांची विश्वविद्यालय से पूरा किया इन्होंने बीएड की डिग्री गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ से किया जिसके बाद विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग से एम एड की पढ़ाई पूरी की। पिताजी के आकस्मिक निधन के बाद अनगड़ा थाना में कार्यरत बड़ी बहन मो मेनका देवी के घर रहते हुए मदर जीरामणि टीचर ट्रेनिंग कॉलेज रांची में अनुबंध पर बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर योगदान दिया।

# जनप्रतिनिधियों ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड उप प्रमुख वचन देव कुमार एवं मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को जनप्रतिनिधियों के द्वारा बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विधि व्यवस्था की औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने हॉस्पिटल में हुए मरम्मती कार्य पर असंतोष व्यक्त किया है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ठेकेदार के द्वारा जैसे तैसे मरम्मती कार्य करा दिया गया है गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया है। वही औचक निरीक्षण के दौरान डॉ बीएन प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सभी कक्षों का निरीक्षण कराया जिसमें प्रसव कक्ष में लक्ष्य प्रमाणीकरण कार्य जोरों पर करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा नेत्र जांच केंद्र, मेडिसिन स्टोरेज, प्रयोगशाला कक्ष, बेबी वार्मर मशीन, मरीजों के लिए ऑक्सीजन पाइप लाइन के द्वारा ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।



इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने चिकित्सा पदाधिकारी को हॉस्पिटल के बाहर समय सारणी तालिका लगाने की सुझाव दिया और आवश्यक चीजों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है ताकि शिकायत नहीं मिले।स्वास्थ्य विभाग को लेकर डॉ बीएन प्रसाद ने बताया कि हमारे यहां शुगर की दवा नहीं है, अल्ट्रासाउंड नहीं है, एक्सरे मशीन नहीं है। वृद्धों की बेहतर उपचार के लिए हॉस्पिटल में वृद्ध वार्ड खोला गया है।

# चुरचू पंचायत के बिरहोर टोला में बना जल मीनार खराब ग्रामीण पानी के लिए बेहाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड के चुरचू पंचायत के बिरहोर टोला में पानी पीने का एक मात्र साधन चापानल और एक 4000 लीटर का बना जलमीनार है जो डीएमएफटी मद से सन 2017 -18 में बना है जो जर्जर स्थिति में है। वही ग्रामीणों ने बताया कि यह जल मीनार लगभग 4 महीना से खराब है। चापानल से पानी भी 2 बाल्टी निकलने के बाद नही निकलता बहुत ही मुस्साकत से हमलोग चापानल से पानी निकाल कर पानी पी रहे हैं । वही वार्ड सदस्य सुरेश बिरहोर ने बताया कि बिरहोर टोला में 20 घरों का संख्या है जो कि एक चापानल पानी का साधन है जो पानी का अच्छा



लियर नही रहने से वजह से 2 बाल्टी निकलने के कुछ दे बाद फिर पानी निकलता हैं। जल नल योजना से मोटी मोटी पाइपलाइन भी बिछाई गई है और हम लोगों को कनेक्शन भी दिया गया है लेकिन पिछले वर्ष एक बार सिर्फ पानी आया और उसके बाद अभी तक हम लोगों को नल से पानी नहीं दिया जा रहा है वही ग्रामीणों ने बताया की ये जल नल लगने के बाद कुछ लोग आए और पानी चालू करके फोटो खींच कर ले गए हैं उसके बाद आज तक पानी यहां नहीं आया है इतनी तपती गर्मी में हम लोगों को दर-दर भटकने को मजबूर हैं हम लोगों को पीने का स्वच्छ पानी भी अच्छा से नहीं मिल पाता है और नहाने के लिए बहुत दूर पोखरा या नदी का प्रयोग करने को मजबूर हैं। लगभग 2 किलोमीटर नहाने के लिए जाना पड़ता हैं। जब यह नल का कनेक्शन हुआ था तो हम लोग का यह उम्मीद लगा था कि हम लोग का स्वच्छ पानी मिलेगा लेकिन ये नल सिर्फ देखने को है।

## जनप्रतिनिधियों व विभागीय पदाधिकारी के साथ की समीक्षा बैठक

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय सभागार में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने जमीन संबधी ऑनलाइन, लाल/पीला कार्ड, आवास निर्माण, विधवा पेंशन, पेयजल की समस्या, बिजली की समस्या, मनरेगा भूगतान की समस्या, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र की समस्या सहित अनेकों समस्याएं विधायक के समक्ष रखा। जिसे सुन विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनताओं कि जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं को विभागीय अधिकारियों से सामंजस्यस्थापित कर समाधान शीघ्र किया जाएगा। वही जनप्रतिनिधियों व विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी नहीं पहुँचने पर उन्हें फटकार भी लगाया गया। वही विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए। अंत में विधायक ने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। वहीं वही जनप्रतिनिधियों ने डूंगरी, हरदाग एवं बंधुआ पंचायत में मुख्यमंत्री जल नल योजना के संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है जहां बोरिंग सक्सेस नहीं हो रहा है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**
**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/01/2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 29.05.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 30.05.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 30.05.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit MS Kuliya under Block Pandu, Palamu. | 2644000.00 | 53000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2. | Construction of Boundary Wall in High School Bhitihara, Untari Road under Block Untari Road, Palamu. | 3636400.00 | 73000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Barwadih under Block Pipra, Palamu. | 2589000.00 | 52000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4. | Construction of Boundary Wall Wall in Gandhi +2 High School Untari Road under Block Untari Road, Palamu. | 4119400.00 | 82500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit MS Murma Khurd under Block Untari Road, Palamu. | 4050800.00 | 81500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Satbahini under Block Unatari Raod, Palamu. | 3594700.00 | 72000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit MS Tisibar under Block Pandu, Palamu. | 2606600.00 | 52500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Pipra Under Block Pipra, Palamu. | 4119400.00 | 82500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 9. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Fuliya under Block Pandu, Palamu. | 2109800.00 | 42500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 10. | Construction of Boundary Wall in UPG, Rajkiyekrit High School Babhandi under Block Pipra, Palamu. | 527900.00 | 11000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 11. | Renovation of Motor Cycle Stand and Construction of Shed at entry Point Beside Front Gate of Civil Courts Daltonganj, Palamu. | 2397100.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 12. | Landscaping Work Residence of District Judge at Daltonganj, Palamu. | 1593300.00 | 32000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Renovation of the District Supply Office, False Ceiling, Electric Works, Thoughened Glass Cabinets in DSO Office at Daltonganj, Palamu. | 1222800.00 | 24500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 14. | Roof Treatment with Water Proofing Membrane of Fast Track Court Building, Palamu at Daltonganj. | 888000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 15. | Repair/Painting and Sanitary Works of A -Block Collectriate Building in Occasion of CM's Visit at Daltonganj Palamu. | 560300.00 | 11500.00 | 1250.00 | 15 Days |
| 16. | Estimate For Wooden Flooring, Wooden Cupboard/Wardrobe and Wallpaper in DC, Palamu Residence at Daltonganj. | 2397300.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 17. | Estimate For Wooden Cupboard/Wardrobe and Wall Paneling, Wall Paper, False Ceiling in DC, Palamu Residential Office Chamber and Gopniya Office at Daltonganj, Palamu. | 1812100.00 | 36500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 18. | Renovation of Meeting Hall at Block -A First Floor Collectorate Building, Daltonganj, Jharkhand. | 2190400.00 | 43500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 19. | Renovation of the C Block Quarter (No -01 to 04) in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 1998000.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 20. | Renovation of the ASP Cum SDPO Office Sadar Palamu at Daltonganj, Palamu. | 1128800.00 | 23500.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 21. | Renovation of Ramgarh Thana Building at Ramgarh, Palamu. | 2498848.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 22. | Construction of Barrack at Lesliganj, Picket, Palamu. | 4120300.00 | 82500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 23. | Renovation of the Nutan Guest House Daltonganj, Palamu. | 4421600.00 | 88500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 24. | Renovation of District Transport Officer Residence, Daltonganj, Palamu. | 634700.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 25. | Renovation of Drain, Septic Tank, Car Shed and Paver Block Laying for C-Type and D -Type Block Building in Officer Colony Campus at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 1771900.00 | 35500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 26. | Repair Of Boundary wall, Laying paver and Chequrred Tiles in Backyard, and Miscellaneous works In Anti Corruption Dy. SP Residence, Daltonganj, Palamu. | 649900.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 27. | False Ceiling in Remaining Court Room in Civil Court Building, Palamu, Daltonganj. | 2434900.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 28. | Construction of Prosecution Cell Office in the Premises of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 2497400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |

नोटः–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि *Updated Character, PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0 / विविध–06–33 / 2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security*उपलब्ध करायें।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 297933 Building(23-24)D

## झारखंड में जमीन लड़ाई का दौड़ जारी रहेंगा : सुसांतो मुखर्जी

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होरो पड़हा के नेतृत्व में जमीन के मुद्दों को लेकर कर्रा मिशन मोड़ बगीचा में शनिवार को विशेष बैठक का आयोजन आदिवासी मूलवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अनूप लकड़ा कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक पर झारखंड जमीन बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य सह सोशल एक्टिविस्ट सुसांतो मुखर्जी अपने सहयोगी साथीयों के साथ उपस्थित रहे. जहां सभा को संबोधित करते सोशल एक्टिविस्ट सुसांतो मुखर्जी ने कहा कर्रा प्रखंड में पड़हा व आदिवासी मूलवासी जमीन बचाओ संघर्ष समिति मजबूती के साथ जमीन बचाने को लेकर लड़ाई लड़ रही है इस जमीन बचाओ लड़ाई की दौड़ पर सभी संगठित होकर इसी तरह आगे बढ़ना होगा. जितनी जमीन को गैरकानूनी ढंग से कब्जा व खरीद बिक्री किया गया है उस सभी जमीनों का हिसाब चुकता करना पड़ेगा और मजीयस जमीन जो बे-लगान जमीन है उस जमीन खतियानधारियों को वापस करना होगा।

## अनगड़ा प्रखंड पंचायत कुचू की महिला अध्यक्ष बनी लीला देवी

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 20 मई कुचू पंचायत में आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव के द्वारा स्वास्थ्य शिविर व महिला संगठन का विस्तार हेतु बैठक रखा गया जिसमें पंचायत स्तरीय महिला कमेटी का गठन कर पार्टी के नीति और सिद्धांतों को बताते हुए सर्वसम्मति से कुचू महिला पंचायत अध्यक्ष–लीला देवी ,सचिव–सलोनी देवी,कोशाध्यक्ष–सुचिता देवी को बनाया गया और टोला प्रभारी भी नियुक्त किया गया मौके पर बीमारी के उपचार के लिए सभी को वेदालेक्स तुलसी देकर सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया ताकि स्वास्थ्य रह कर अपने परिवार समाज का कल्याण कर सके इस मौके महिंद्रा बेदिया,लखिन्द्र बेदिया,सोभा बेदिया,जयशंकर मुंडा भुनेश्वर मुंडा,रीतन देवी,अंजू देवी,फुलमनी देवी,रीता देवी,सारो देवी,रानी देवी,जुगनी देवी,सलोमी देवी,शान्ति देवी आदि मौजूद रहे ।

## प्रमुख ने केशा पंचायत के विकास योजनाओं का निरीक्षण किया

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप ने केशा पंचायत का दौरा कर विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम केशा गांव के मस्जिद टोला आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचे. जहां निरीक्षण में पाया गया कि सेविका अपने केन्द्र अपने घर में संचालित कर रही है। जबकी आंगनबाड़ी भवन का निर्माण हो चुका है और सुचारू व्यवस्था में है। प्रमुख द्वारा सेविका से घर में संचालन के बारे में पुछे जाने पर सेविका ने बतलाया कि आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण मेरे सीमा क्षेत्र से बाहर बना हुआ है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No:- WRD/MID/KODERMA/F2-09/2023-24 Date:- 20.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Renovation of Nauka, Aahar Village- Kandrapdih, Block- Jainagar |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 52.245 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 13.06.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 15.06.2023 at 3:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.06.2023 up to 3:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma.**

PR 297923 (Minor Irrigation)23-24*D

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(खनन शाखा)**

**आदेश**

**मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दाड़ीदाग से हेहल Poll No. 157/16 to 157/13 तक के बीच रेल निर्माण कार्य में उत्खनित पत्थर बोल्डर खनिज भण्डारित कुल 20726 घन मीटर (बीस हजार सात सौ छब्बीस) की आम नीलामी हेतु सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दारीदाग से हेहल Poll No. 157/16 to 157/13 तक के बीच रेल निर्माण कार्य में उत्खनित पत्थर बोल्डर खनिज भण्डारित कुल 20726 घन मीटर (बीस हजार सात सौ छब्बीस) लघु खनिज पत्थर बोल्डर का झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधित) नियमवली, 2019 के नियम 54 A के तहत उक्त स्थल पर भण्डारित पत्थर बोल्डर खनिज का आम नीलामी दिनांक 30.05.2023 को समय 03.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में जिला समाहरण के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा। भण्डारण का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त निम्नवत् है–

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित पत्थर बोल्डर की मात्रा | सुरक्षित जमा राशि | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मौजा कडरू, बारीडीह रेलवे लाईन दारीदाग से हेहल Poll No. 157/16 to 157/13 तक | लगभग 20726 $m^3$ / 731939 cft | ₹ 15.00 x 731939 cft = ₹ 1,09,79,085.00 | 10,97,908.00 |

2. नीलामी में भाग लेनेवाले व्यक्ति/संस्था भारत के नागरिक होंगे तथा उनके पक्ष में रामगढ़ जिलान्तर्गत कोई निर्माण/विकास कार्य आवंटित/रामगढ़ जिलान्तर्गत खनिज अनुज्ञप्तिधारी हो।
3. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि के रूप में नीलामी में भाग लेने के लिये नीलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। सफल डाकवक्ता (अधिकतम राशि) की प्रतिभूति रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
4. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% में से प्रतिभूति राशि को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी वाले राशि को राशि को बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
5. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि नीलामी की तिथि से 10 कार्य दिवस के अन्दर कार्यालय अवधि में ही भुगतान करना होगा। पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
6. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात, ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेशानुसार, सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
7. उक्त खनिज की नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त नीलामी की राशि पूर्ण रूप से जमा किये जाने के उपरान्त पत्थर खनिज का निष्पादन/प्रेषण हेतु JIMMS Portal द्वारा अस्थायी आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
8. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से छः माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
9. पत्थर खनिज के प्रेषण के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।
10. अन्य शर्त्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation & Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 22.05.2023 समय 10.00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक 27.05.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्व अभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।

(i) सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
(ii) पैन कार्ड की छायाप्रति।
(iii) विगत तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
(iv) GST निबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
(v) आवंटित कार्य के कार्यादेश की छायाप्रति/डीलर्स निबंधन की छायाप्रति।
(vi) पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति।
(vii) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान बकाया/लंबित नहीं हो एवं किसी विभाग द्वारा उनका नाम/संस्था का नाम काली सूची में दर्ज न हो।

नोटः–विशेष जानकारी के लिये जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

अपर समाहर्ता
रामगढ़

PR 297945 Mines and Geology(23-24).D

# प्रधानमंत्री का प्रयास हर घर पहुंचे शुद्ध नल का जल : अन्नपूर्णा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चोंगाखार में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत चोंगाखार, बलिया, एवं खरखरी पंचायत में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री मति अन्नपूर्णा देवी ने नारियल फोड़ कर एवं फीता काट कर इस योजना का शिलान्यास किया साथ हीं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना केंद्र सरकार के हर घर नल जल योजना के तहत ग्रामीण लोगों के लिए समर्पित है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने भारतीय प्रधानमंत्री के हर घर नल जल योजना की सराहना करते हुए , इसे ग्रामीणों की जरूरत बताई। इस बीच कार्यक्रम में उस समय आफरा तफरी मच गया जब भाजपा और भाकपा माले कार्यकर्ता नारे बाजी को लेकर आपस में उलझ गए कड़ी मशक्कत के बाद लोगो को शांत किया गया। दूसरी ओर चिलचिलाती धूप में आए ग्रामीणों को पानी तो छोड़िए नाश्ता भी जमीन पर बिखरा कर जानवरों की तरह दिया गया। भूखे प्यासे बुजुर्ग लोग जमीन पर पड़े नाश्ते पर झपटते नजर आए। मौके पर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह,पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जिप उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव, दिनेश यादव, देवनाथ राणा, प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मुखिया देवकी देवी, पंचायत समिति सदस्य सुलेखा कुमारी, नारायण पाण्डेय, माले नेता अशरेश तुरी, प्रमुख रामू बैठा, उप प्रमुख शेखर शरण दास, रामलखन यादव, राजदेव साव, अशोक वर्मा, रंजीत राय, प्रवीण प्रभाकर, लक्ष्मण दास, राजेंद्र राम, भीखन तुरी, आजाद तुरी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने 60-40 नियोजन नीति वापस लेने को लेकर सौंपा समर्थन पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले छात्रों ने शनिवार को जमुआ विधायक केदार हजरा के आवास कारोडीह में आवेदन सौंपा। आवेदन के आधार पर छात्रों ने कहा की राज्य के वर्तमान 60-40 हकमार नियोजन नीति को वापस लेते हुए क्षेत्रीय व जनजाति भाषा से खतियान आधारित संवैधानिक नियोजन नीति लागू कर यहां के सरकारी विभागों में झारखंड छात्रों को नियुक्ति हो। इसके साथ ही कहा पिछले 4 महीनों से लगातार चल रहे 60-40 नाय चलतों झारखंडी जन भावना आंदोलन के मद्देनजर बिहार पूर्ण गठन अधिनियम 2000 की उप धारा 85 के उपबंधो के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश पत्र संख्या 03 स्थानीय नीति 5014/81806 दिनांक 3/3/1982 के अनुसार यहां नियोजन जिला के अंतिम सर्वे सेटेलमेंट के अनुसार खतियान आधारित संविधानिक नियोजन नीति लागू करनें की मांग किया। विधायक केदार हजरा ने कहा झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रतिनिधि ने 60-40 नाय चलतों को लेकर समर्थन पत्र दिया है जन भावना को देखते हुए इसे समर्थन करता हूं इसके साथ ही झारखंड सरकार से मांग करता हूं झारखंड की भावनाओं को देखते हुए स्थानीय नीति लागू करें जिससे यहां के लोगों को लाभ मिले। मौके पर मुकेश कुमार यादव, रंजीत कुमार यादव, उमेश कुमार यादव, दिनेश मंडल, मदन मुरमुर इत्यादि दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

## घर में लगी आग, सभी समान जलकर स्वाहा

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह पंचायत



के भेलवई चेतनाडीह निवासी पतिलाल मरांडी के घर में अचानक आग लग गई जिससे घर में रखे सारा समान जलकर स्वाहा हो गया। जानकार सूत्रों के अनुसार आज शनिवार सुबह करीब नौ बजे खाना बनाने के बाद सभी खाना खाकर अपने अपने कामों में व्यस्त हो गए घर में केवल बच्चे थे जो खेलने में मस्त थे तभी चिंगारियां उठने के क्रम में आग लग गई देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया हो हल्ला सुनकर गांव वाले दौड़े और बचाव कार्य में जुट गए तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका था।मनियांडीह मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश दां ने संवाददाता को बताया कि अगलगी की सुचना पर गया तो देखा चावल,धान,नगदी ,दो हजार बिचाली समेत घर भी पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया फिलहाल टुंडी अंचलाधिकारी को दूरभाष मके माध्यम से घटना की जानकारी दे दी गई है सरकार से जो भी होगा मुआवजा राशि दिलाने का हरसंभव प्रयास करने की बात कही गई। लाखों रूपए की क्षति की अनुमान है मौके पर मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश दां, मन्नू मंडल, सहदेव मंडल समेत सभी ग्रामीण मौजूद थे।।

### बाल विवाह, ट्रैफिकिंग, यौन शोषण वमजदूरी के खिलाफ झाग्राविं ट्रस्ट चलाएगा व्यापक अभियान

## दोषी पाए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई : शंकर रवानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह, बाल व्यापार , बाल तस्करी, बाल मजदूरी एवं बाल यौन शोषण के खिलाफ धनबाद जिले के 150 गांवों में व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर एक बैठक झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कार्यालय कंचनपुर महुदा में संपन्न हुई। बैठक में अभियान से जुड़े 25 फिल्ड कार्यकर्ता के साथ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की बाल विवाह, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी करने वाले पर की जाएगी करवाई। रवानी ने उक्त परियोजना की कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी फिल्ड कार्यकर्ता अपने अपने कार्य क्षेत्र के सभी स्टेकहोल्डर्स पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, शिक्षक, स्वयं सहायता समूह सदस्यों से मुलाकात कर अभियान के उद्देश्य पर चर्चा करेंगे एवं संपर्क नंबर प्राप्त करेंगे। ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने सभी कार्यकर्ताओं को निष्पक्ष एवं निष्ठापूर्वक कार्य करने का सुझाव दिया। बिनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, भागीरथ सिंह,सीता कुमारी योगेश्वर रवानी, बेला कुमारी ,चंदा कुमारी ,तिलकधारी रवानी, मोहन रजक, नागेश्वर पासवान,निजामुद्दीन अंसारी, अशरफ आलम, मुमताज अंसारी ,अभिषेक साव अरुण कुमार दास, शंकर कुमार नापित, कामेश्वर प्रसाद महतो शामिल थे।

## एनएसयूआई ने किया कतरास कॉलेज में पीजी व इग्नू की पढ़ाई कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को एनएसयूआई कतरास कॉलेज के कार्यकारी अध्यक्ष तारीक अनवर द्वारा कॉलेज के प्राचार्य को मांग पत्र सौंपा गया जिसमें कॉलेज में पीजी तथा इग्नू की पढ़ाई कराने की मांग की गई। तारिक अनवर एवं उपाध्यक्ष नीतीश सैनी ने बताया की कतरास कॉलेज में यूजी की पढ़ाई करने के लिए दूरदराज से छात्र-छात्राएं आते हैं। वहीं पीजी करने के लिए छात्र एवं छात्राओं को लगभग 30 किलोमीटर दूरी तय कर पढ़ाई पूरी करना पड़ता है। आगे कहा कि अब ऐसे में जो छात्र-छात्राएं गरीब घर से है एवं ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं वैसे छात्र प्रतिदिन पीजी की पढ़ाई करने के लिए नहीं जा सकते। अब ऐसी अवस्था में उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देनी पड़ती है। कहा कॉलेज के पास पुराना भवन खाली पड़ा हुआ है जिसे मरम्मत कर फिर से संचालन में लाया जा सकता है। जहां पीजी तथा इग्नू की पढ़ाई संचालित की जा सकती है। कॉलेज इस बात की ओर अपना ध्यान केंद्रित कर छात्रों के पढ़ाई में हो रही परेशानी को दूर करें। मौके पर उपस्थित जिला सचिव में चितरंजन सिंह, आकाश प्रमाणिक, साहिल खान, जिला मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, कॉलेज अध्यक्ष सिंकू खान, कार्यकारी अध्यक्ष तारिक अनवर, उपाध्यक्ष निकिता मोदक एवं नितेश सैनी सचिव संगीता कुमारी, अनामिका कुमारी, खुशबू ठाकुर, अमन अंसारी, विशाल तिवारी, अविनाश प्रताप राय एवं समस्त एनएसयूआई गण मौजूद थे।

## आजसू नगर अध्यक्ष के भाई राजू पासवान 10 दिनों से लापता, परिजन चिंतित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पुटकी थाना अंतर्गत करकेंद पेट्रोल पंप के समीप रहनेवाले राजू पासवान पिछले 10 दिनों से लापता हैं। राजू के परिजन सभी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन करने के उपरांत थक हारकर पुटकी थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आजसू नगर अध्यक्ष जीतू पासवान के बड़े भाई 46 वर्षीय राजू पासवान के अचानक गायब हो जाने से घर वाले लगातार चिंता में हैं। पुटकी पुलिस से मदद की गुहार लगायी है। राजू पासवान का जल्द से जल्द पता लगाकर उनकी सलामती के साथ घर वापसी की मांग की है।



शनिवार को आजसू नेता दिलीप सिंह जीतू पासवान के आवास पहुंचकर परिजनों से मिले। राजू पासवान के गुमशुदा होने से संबंधित जानकारी ली।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह प्रखंड के



अंतर्गत लेदा ग्राम में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश जल यात्रा निकाली गई । जिसमें आसपास के ग्रामीण महिलाओं ने सात सौ ग्यारह की संख्या में कलश उठायें। कलश जल यात्रा यज्ञ शाला से शुरू होते हुवे लेदा ग्राम से होते हुवे जलअहरी तक पहुंचा। इस दौरान महिलाएं, बच्चे और पुरुषों ने गायत्री माता के जयकारे से गूंज लगाऐं। जिससे वातावरण भक्तिमय से भाव विभोर हो गया। कलश यात्रा में आसपास के ग्रामीणों ने भारी संख्या में भाग लिया जिसमे लेदा, गादी, बंशीडीह, झरीबाद, सिंदवारिया, कुरुमडीहा, बाघमारा, चेंगरबासा, अलगुन्दा आदि के ग्रामीण भाग लिया।

## दिल्ली और मुजफ्फरपुर के बीच समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

### 20.05.2023 को दिल्ली से तथा 21.05.2023 को मुजफ्फरपुर से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा हेतु दिल्ली और मुजफ्फरपुर के बीच 01 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । यह स्पेशल दिल्ली से 20.05.2023 तथा मुजफ्फरपुर से 21.05.2023 को परिचालित की जायेगी ।

गाड़ी संख्या 04048 दिल्ली-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल दिनांक 20.05.2023 (शनिवार) को दिल्ली से 23.00 बजे खुलकर रविवार को 19.55 बजे हाजीपुर रूकते हुए 21.15 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी सं. 04047 मुजफ्फरपुर-दिल्ली समर स्पेशल दिनांक 21.05.2023 (रविवार) को मुजफ्फरपुर से 23.00 बजे खुलकर 23.50 बजे हाजीपुर रुकते हुए सोमवार को 23.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिशा में यह समर स्पेशल ट्रेन मुरादाबाद, चन्दौसी, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 11 एवं साधारण श्रेणी के 11 कोच होंगे ।

## भारत जोड़ो सम्मेलन की सफलता के लिए चला जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बोकारो सिवंडी कर्बला मैदान में प्रस्तावित भारत जोड़ो सम्मेलन के अंतर्गत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का आगमन हो रहा है। उक्त सम्मेलन की सफलता हेतु धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष जहीर अंसारी के साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य मुख्तार खान, सचिव शमशेर आलम, उपाध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी, शकील अहमद, मीर फिरोज, आफताब आदि ने सघन जनसंपर्क चलाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में बोकारो चलने का लोगों से आह्वान किया। जनसंपर्क के दौरान जहीर अंसारी ने कहा कि भारत जोड़ो सम्मेलन अल्पसंख्यकों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

## मस्जिद-ए-यूसुफ में हज तर्बियत कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वासेपुर के नबीनगर स्थित मस्जिद ए यूसुफ मे हज तर्बियत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वारा इस वर्ष हज पर जाने वाले लोगों को हज अदा करने के सही तरीके बताए गये। हज पर जाने वाले सभी औरत और मर्द लोग इस कार्यक्रम मे शामिल हुए और मुख्य अतिथि मौलाना अमजद साहब, आसिफ साहब, हाजी जसीम साहब के द्वारा बताए गए हज के अरकानों की अहम जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम का आयोजन मस्जिद ए युसुफ के सदर हाजी कलीमुल्लाह साहब के द्वारा किया गया जिसमे औरतों के लिये विशेष व्यवस्था की गयी थी। साथ ही सभी के लिये भोजन का उत्तम प्रबंध भी किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से मोहम्मद नुरुल्ला, अम्मार अली, अब्दुल्ला, अरबाज, फैजी, नूर आलम, सलाउद्दीन आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

## विभिन्न प्रखंड के पंचायतों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार धनबाद जिला में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जन जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचा कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा सके। इसी क्रम मे धनबाद के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति विभाग में सूचीबद्ध संस्था के कलाकारों द्वारा दी गई।




नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को पेट्रोल सब्सिडी योजना के बारे में जानकारी दी गई कि योजना के जरिये राशन कार्ड से आच्छादित लाभुकों को अपने दो-पहिया वाहन के लिए प्रति माह अधिकतम 10 लीटर पेट्रोल के लिए प्रति लीटर 25 रूपये की सब्सिडी यानि 250 रूपये प्रतिमाह उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी। वहीं सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई कि सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाभुकों को साल में दो बार 10 रुपये में धोती/लुंगी एवं साड़ी दी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित राज्य के सभी पात्र गृहस्थ एवं अन्त्योदय अन्न योजना के लाभुक परिवारों के अतिरिक्त झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुक परिवारों को भी योजना से आच्छादित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत किसानों को राज्य सरकार की ओर से 50त्न से लेकर 90त्न तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा गौ पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन आदि को इस योजना के तहत शामिल किया गया है। पात्र लाभार्थी योजना के तहत आवेदन कर पशुपालन के लिए अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। झारखंड सरकार ने आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सर्वजन पेंशन योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत राज्य के सभी वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन, आदिम जनजाति और एचआइवी एड्स से पीड़ित लोगों को जोड़ने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत हर माह लाभुकों को 1000 रुपये प्रति माह दिये जाते हैं।

## समर कैंप का समापन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को डी.ए.वी पब्लिक



स्कूल, कोयलानगर में समर कैम्प का समापन हुआ। आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, डांस एंड म्यूजिक पर समर कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रोबोटिक पर भी बच्चे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिये। जिसमे अटल टिनकेरिंग लैब के शिक्षक बालकिशोर सिंह ने बच्चों को रोबोटिक एवम नई तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी। रोबोटिक्स केम्प पर विद्यालय के 65 बच्चों ने भाग लिया। विद्यालय के शिक्षक बी.के. सिंह ने बताया कि आगे दिनों में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न तकनीकी शिक्षा जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिज़ाइन थिंकिंग जैसे विषय की भी जानकारी एवं प्रशिक्षण दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य एन. एन. श्रीवास्तव ने विशेष प्रशिक्षण के लिए विद्यालय के शिक्षक सचिन कुमार एवं बी. के. सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

## शिक्षकों का दस दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** पश्चिमी टुंडी के मनियांडीह प्रोजेक्ट+टु उच्च विद्यालय में दस दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शनिवार को संपन्न हो गया। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आई सी टी विद्यालय के शिक्षकों को डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अध्ययन कैसे कराना है व साथ ही विद्यालय के विभिन्न कार्यों में कंप्यूटर के माध्यम से सहयोग कैसे करना है का प्रशिक्षण दिलवाया गया इस दस दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय मनियांडीह मध्य विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवागढ़ डंडाटांड ,झिनाकी, और उत्कर्मित मध्य विद्यालय पुरनाडीह के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलवाया गया प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विवेक सहाय ने पूरे सत्र के दौरान सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलवाया। मौके पर बॉबी महतो,चैतू महतो, सूर्यकांत महतो, नवीन चन्द्र सिंह, विजय कुमार,नीलम कुमारी आदि शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## झामुमो ने अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 के महाप्रबंधक के साथ झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी के साथ शनिवार को महाप्रबंधक कार्यालय में हुई वार्ता के बाद एसटीजी डेको जेभी आउटसोर्सिंग कंपनी में 21 मई 2023 को आयोजित अनिश्चितकालीन धरना स्थगित कर दिया है. अजमुल अंसारी ने बताया कि महाप्रबंधक ने उनसे समय मांगा है उनकी 3 सूत्री मांग स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार पानी,बिजली तथा क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त करने आदि मांगों पर वार्ता हुई. वार्ता के बाद तत्काल आंदोलन को स्थगित कर दिया गया है.महाप्रबंधक ने बताया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई वार्ता में उनकी मांगों को शीघ्र ही पूरा किया जाएगा. वार्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के हराधन रजवार, नकुल चंद्र महतो, सपन बनर्जी,धीरेंद्र रवानी, प्रवीण कुमार लाला, उमाशंकर, मो शकील अहमद, नाथ मुनि दुबे, मनोरंजन दसौंधी, दिलीप मिश्रा जबकि प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक जीसी साहा, क्षेत्रीय कार्मिक पदाधिकारी अमित कुमार, परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## शांति देवी का गुम होना बना रहस्य

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सोनारडीह ओपी मधुबन थाना धनबाद का निवासी है शांति देवी 18 मई से गायब की सूचना लिखित शिकायत शांति देवी के मायके एवं ससुराल वालों की ओर से की गई है। यह अभी रहस्य बना हुआ है । शांति देवी की शादी 2020 में चंदन कुमार शर्मा पिता साधु ठाकुर उर्फ राजेश ठाकुर के साथ हुआ था। शांति देवी का मायके गोविंदपुर में है मायके वालों का आरोप है कि शांति



देवी को ससुराल वालों ने मार डाला है जबकि ससुराल वालों का कहना है कि वह किसी लड़के के साथ भाग गई है सोनारडीह ओपी प्रभारी श्वेता कुमारी की ओर से पूछताछ जारी है थाना प्रभारी श्वेता कुमारी शांति देवी के घर छानबीन करने गई दरवाजे पर खून के कुछ धब्बे मिले जिस कारण उन्होंने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर बड़े-बड़े बक्सों को छानबीन की लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा अंत में प्रभारी श्वेता कुमारी ने शांति देवी के मायके एवं ससुराल वालों को आश्वासन देते हुए 24 घंटे का समय ली है।

# हर माह पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर बिजली सम्बन्धी समस्या निपटाएं : विधायक भूषण बाड़ा

➲बिजली सम्बन्धी समस्या के निदान के लिए विधायक भूषण बाड़ा ने केरसई में लगाया शिविर, ठीक से काम नहीं करने वाले कम्पनी और संवेदक को हटाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखण्ड मुख्यालय में विधायक भूषण बाड़ा ने शिविर लगाकर बिजली सम्बन्धी समस्या सुनी। इस दौरान विधायक के निर्देश पर विभाग के ईई बिशेस्वर मरांडी सहित अन्य अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित होकर बिजली सम्बन्धी समस्याओं का निदान किया। शिविर में लोगों ने गलत बिजली बिल, लगातार पावर कट, गांव में बिजली नहीं पहुंचने, खराब ट्रांसफार्मर आदि की समस्या रखी। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की एक जैसी शिकायत है। कई महीने बाद अचानक रीडिंग दिखाकर अनाप शनाप बिजली बिल भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है। जिनके घर मे बिजली कनेक्शन नहीं लगा है। उनको भी बिजली बिल दिया जा रहा है, जो समझ से परे है। बिजली बिल को देखकर उपभोक्ताओं के साथ हर किसी का माथा ठनका हुआ है। इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नजर नहीं आ रहा है। बिजली का बिल में लगातार गलत रीडिंग बिजली बिल ज्यादा की शिकायत लेकर उपभोक्ता उनके पहुंच रहें। विभाग इस पर सुधार लाए। उन्होंने कहा कि विभाग के कार्यपालक अभियंता के मात्र चाह लेने से इसमे सुधार असम्भव है। विभाग हर एक अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाए। उभोक्ताओं को परेशान करने वाला काम कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि आज भी बहुत गांव में बिजली नहीं पहुंची है। पहुंची है वहां महीनों दिन तक बिजली खराब है। ऐसे गांव को भी चिन्हित कर दिसम्बर 2023 तक सभी गांव में बिजली पहुंचाए। बिजली पहुंचाने में देरी करने वाले कम्पनी अथवा संवेदक को ब्लैक लिस्टेड करें और उनको हटाते हुए दूसरे कम्पनी अथवा संवेदक को काम का जिम्मा दें। हर हाल में दिसम्बर 2023 तक बिजली बिहीन गांव में बिजली पहुंचाने का काम करे। सिर्फ बिजली बिल जमा करने के लिए नहीं उपभोक्ताओं की समस्या सुनने और उनका ऑन दी स्पोर्ट्स समस्या का समाधान के लिए भी पंचायत स्तर पर शिविर लगाएं। उन्होंने कहा कि विभाग ऐसी व्यवस्था करे कि बिजली उपभोक्ताओं को समस्या लेकर कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़े। उपभोक्ता अगर व्हाट्सएप में भी कहीं से भी अपना शिकायत दर्ज करे तो उसका निदान करें। मौक़े पर शिविर के कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष जेफ्रेन केरकेट्टा, प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा, मुखिया फाबेला खेस, अगाथा तिर्की, महिला प्रखंड अध्यक्ष संध्या रानी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला महासचिव शंभू प्रसाद, मुखिया मूंश खेस, मो अक्षण, मो अरमान, विनय तिग्गा सहित भारी संख्या में बिजली उपभोक्ता शामिल थे।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना बेरोजगार युवक-युवती को मिलेगा प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कौशल जागरूकता अभियान चलाया गया। आयोजित शिविर में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को बताया गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। जिसके माध्यम से रोजगार प्राप्त कर जीवन को स्वालम्बी और समृद्धि बनाये जिसे जीवन बेहतर होगा। साथ ही बताया गया कि पढ़े लिखे शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए 3 माह का प्रशिक्षण रांची में दिया जाएगा। जिसमें बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई, कंप्यूटर, नर्स, बीयूटीशियन का प्रशिक्षण टाटीसिल्वे में दिया जाएगा। तथा युवकों को इलेक्ट्रॉनिक, आईटीआई, सोलर, मोबाइल रिपेयरिंग, वेल्डिंग के अलावे अन्य तरह का प्रशिक्षण रांची स्थित खेलगांव में दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरान्त रोजगार के लिये जोड़ा जाएगा संस्था के अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि जागरूकता अभियान में लगभग 20 युवक-युवतियों ने आवेदन देकर प्रशिक्षण में जाने का सहमती जताया है। सभी को एक सप्ताह के अंदर प्रशिक्षण के लिये रांची भेजा जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से अनिल कुमार पांडे एवं कृष्णा पाठक सहित अन्य युवक युवतियाँ उपस्थित थे।

## अनियंत्रित वाहन बिजली का खम्भा से टकराया कोई हताहत नही



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा से सुंदरगढ़ उड़ीसा जाने के दौरान वाहन अनियंत्रीत हो बिजली का खम्भा से टकराया कोई हताहत नही सूचना मिलते ही घटना स्थल पँहुच अग्रतर करवाई में जुटी पुलिस। चतरा जिला के टन्डवा थाना क्षेत्र से यज्ञ में बाजा बजा कर उड़ीसा राज्य के सुंदरगढ़ जिला अन्तर्गत कुतरा सेन्हा थाना क्षेत्र के मुख्य पथ सेन्हा में संजय साहु का दुकान के समीप वाहन नम्बर ओडी 28 ए 3456 अनियंत्रित हो बिजली का खम्भा से जा टकराया जिसे वाहन का टकराने से बिजली का खम्भा और वाहन छतिग्रस्त हो गया। वाहन में कुल 6 लोग सवार थे। जिसे किसी का हताहत होने की सूचना नही है। वही साथ मे दस्ते वाहन में सवार अन्य लोगो ने बताया कि उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला अन्तर्गत कुतरा से झारखण्ड राज्य के चतरा जिला अन्तर्गत टन्डवा थाना क्षेत्र यज्ञ कार्य मे बाजा बजाने गये हुए थे। जिसे रात में जगने के कारण चालक को झपकी आने से गाड़ी अनियंत्री हो गया और बिजली का खम्भा से जा टकराया। साथ ही कहा कि वाहन में लालु कलवा, बिरसा नाइक, राजू नाइक, संजीत सान्याल सहित 6 लोग सवार थे। जो सभी सुरक्षित हैं। घटना की सूचना थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर ए एस आई पवन सोरेन घटना स्थल पँहुच छतिग्रस्त गाड़ी को थाना में सुरक्षित रखा अग्रतर करवाई में जुट गये।

## उपायुक्त ने खेलों के बेहतर आयोजन के लिए सभी कोच को किया सम्मानित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज लोहरदगा जिला के छह खेलों के कोच को जिला स्थापना दिवस के अवसर पर खेलों के बेहतर आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। इसमें क्रिकेट कोच अमित कुमार, पुलिस/ आर्मी/ एथलेटिक्स प्रशिक्षक विनय उरांव, फुटबॉल कोच अनिकेश कुमार, कुश्ती कोच महादेव उरांव, डे बोर्डिंग एथलेटिक्स कोच नम्रता भगत और फुटबॉल कोच विजय महतो शामिल हैं। उपायुक्त द्वारा सभी कोच को जिला के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए प्रेरित किया। आज इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और जिला खेल पदाधिकारी अभिनीत कुमार सूरज उपस्थित थे।

## अमित बेसरा ने जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर रहते हुए किया बेहतर कार्य : उपायुक्त

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में कार्यरत अमित बेसरा को आज विदाई दी गई। श्री बेसरा की प्रोन्नति सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड में हो गई है। आज विदाई के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि अमित बेसरा ने यहां जिला परिवहन पदाधिकारी के पद पर रहते हुए बहुत ही बेहतर कार्य किया। पंचायत चुनाव में वाहन कोषांग का प्रबंधन बहुत ही बेहतर रहा। जिला के अन्य आयोजनों में भी इनकी अच्छी भूमिका रही। यही कामना है कि सचिव के पद पर रहते हुए बेहतर कार्य करेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि इस जिला में श्री बेसरा कई महत्वपूर्ण विभागों में रहे। इस अनुभव का फायदा उन्हें चुनाव आयोग में मिलेगा। श्री बेसरा ने इस मौके पर कहा कि चुनाव, विधि व्यवस्था और कोविड में बहुत कुछ सीखने को मिला। कोविड का अनुभव बहुत कठिन रहा। जिस भी विभाग का कार्यभार संभाला उसमें सभी कर्मियों का सहयोग भरपूर मिला। आज के कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम और कर्मचारी संघ की ओर से धनंजय भगत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# गांव के परंपरागत सीमांतर्गत ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्ड का हुआ विधिवत पूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत अंतर्गत बन्दोंजोर राजस्व ग्राम में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी, वन अधिकारों की मान्यता 2006 एवं संशोधित नियम 2012 तहत सामुदायिक वन अधिकार एवं सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार हेतु अधिनियम की धारा 3(1) का (झ) एवं धारा 5 के तहत गाँव के परंपरागत सीमा के अंतर्गत ग्राम सभा का अधिसूचना बोर्ड गड़ी ग्राम सभा अध्यक्ष बेंजामिन तिर्की के नेतृत्व में गांव के पाहान धनसाय नायक द्वारा विधिवत पूजन करते हुए किया गया। इस शुभ अवसर पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन समर्पण सुरिन, खुशीराम कुमार, तेलेस्फोर तोपनो, अनूप लकड़ा एवं सुनील मिंज को बिशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत में लागू है।अब हमारे लोगों को कानून की जानकारी रखना होगा और अपने अधिकारों को बढ़ चढ़ कर लेना होगा। जल जंगल जमीन हमारे पूर्वजों के द्वारा दिया हुआ विरासत है इसे हमें हर हाल में बचाकर रखना होगा चूँकि जंगल हमारी आजीविका के साथ साथ संस्कृति भी है।पृथ्वी और पानी को बचाने के लिए जंगलों को रहना जरूरी है इसलिए पेडों की कटाई को रोकना होगा। मौके पर अनूप लकड़ा ने कहा कि वन पट्टा अभी तक सरकार और सरकारी पदाधिकारियों द्वारा निर्गत नहीं करना यह बहुत बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है ऐसा लगता है कि यहाँ के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखने की मानसिकता को दर्शाता है। जो एक तरह से आदिवासियों एवं अन्य वन क्षेत्र में निवास करने वालों को शोषण करने का काम किया जा रहा है।अगर सरकार और पदाधिकारियों अपने कर्तव्यों को ठीक से निर्वाहन नहीं करते हैं तो हमें मजबूरन उलगुलान करना पड़ेगा।

## सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज इंडिया लि0 द्वारा भर्ती कैंप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला में जिला प्रशासन के सहयोग से सिक्यूरिटी स्किल्स कॉन्सिल ऑफ इंडिया एवं सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज इंडिया लि0 द्वारा लोहरदगा जिला में भर्ती कैंप लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 20 मई को बगड़ू थाना परिसर में कैम्प लगाया गया। कल 21 मई को बगड़ू थाना परिसर में, 22 व 23 मई को भंडरा थाना परिसर में, 24 व 25 मई को कैरो थाना परिसर, 26 व 27 मई को कूडू थाना परिसर, 28 व 29 मई को सेन्हा थाना परिसर में और 30 व 31 मई को लोहरदगा थाना परिसर में कैंप लगाया जाएगा। इसमें लगभग 1500 सुरक्षा जवान,500 सुरक्षा सुपरवाइजर और 300 कैश कस्टोडियन का पद पर नियुक्ति किया जाना है। लोहरदगा जिले में भाग लेने के बाद शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत चयन हुआ सभी चयनित उम्मीदवारों को सेन्ट्ल टेनिंग एकेडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान दिया जायेगा।

## बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना ही युवा सद्भावना मंच का मुख्य उद्देश्य : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 20 मई शनिवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में किया गया वालीवाल मैच का आयोजन। उक्त मैच उतका मश्जीद मुहल्ला बनाम उतका खास के बीच खेला गया जिसमे उतका खास 2-0 से रहा विजयी। मौके पर उपस्थित कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर युवा सद्भावना मंच के तत्वावधान में हर शनिवार को वालीवाल, क्रिकेट, संगीत, ललित कला व लेख का आयोजन पिछ्ले कई दिनों से किया जाता रहा है, जिसका उद्देश्य बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु वेल्डर, होटल मैनेजमेंट, हाऊस कीपर इत्यादि का निन्शुल्क प्रशिक्षित कर उन्हे अधिक से अधिक रोजगार के क्षेत्र में युवाओ को रोजगारोंन्मुख बनाना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

## उपायुक्त ने कृषक पाठशाला व बिरसा ग्राम के डीपीआर को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शनिवार को बिरसा समेकित विकास योजना अंतर्गत कृषक पाठशाला एवं बिरसा ग्राम के डीपीआर से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सिटिजन फाउण्डेशन की ओर से की ओर से डीपीआर संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसमें कृषक पाठशाला में किसानों के लिए प्रशिक्षण, समेकित कृषि, पशुपालन व अन्य संबंधित क्रियाकलापों की जानकारी और इसके व्यवसायिक रूप में विकसित करने, इसमें आनेवाली लागत की जानकारी दी गई। साथ ही, बताया गया कि इसका संचालन पांच वर्षों के बाद एफपीओ करेगी। उपायुक्त द्वारा संबंधित कंपनी को डीपीआर में प्रशिक्षण संबंधी अवयवों को शामिल कर विस्तृत डीपीआर तैयार कर स्वीकृति हेतु उपस्थापित किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी के अतिक्ति सिटिजन फाउण्डेशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रुचि के अनुसार अपना समय रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं : अरुण राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा के विधार्थिओं को ग्रीष्मावकाश के दौरान किये जानेवाले गतिविधियों पर आवश्यक जानकारी दी गई। ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चे मस्ती भी करें और पढ़ाई से भी दूर ना रहे इस निमित्त से बच्चों को पुस्तकालय का पुस्तक एवं विभाग द्वारा प्राप्त कुरुख भाषा का कैलेंडर वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम ने बतलाया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान अपनी रुचि के अनुसार अपना समय विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं और समय का सदुपयोग करें। अपना दैनिक दिनचर्या का निर्माण कर पढ़ाई, खेलकूद, पेंटिंग, सिलाई कढ़ाई, रंगोली, कविता लेखन, कहनी लेखन, नाटक, गीत संगीत, मस्ती का समय निर्धारित कर लें। आप सभी को जो लाइब्रेरी की किताबें उपलब्ध कराई गई है, उन किताबों की पढ़ाई कर उससे संबंधित कार्य योजना का निर्माण कर लें, आवश्यकता पड़ने पर अपने सहपाठियों से पुस्तक का अदला-बदली कर लाभ उठाएं। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया की सभी बच्चों में कुछ ना कुछ प्रतिभा छुपी हुई है।

## दामोदर बचाओ आंदोलन केंद्रीय अध्यक्ष सरयू राय ने गंगा दशहरा कार्यक्रम को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 20 मई को देवनद दामोदर महोत्सव गंगा दशहरा कार्यक्रम 2023 को लेकर शिशु मंदिर बड़की चापी के दामोदर वचाव आंदोलन लोहरदगा,युगांतर भारती सिद्रोल रांची एवं लातेहार जिला का संयुक्त बैठक की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दामोदर वचाव आंदोलन के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री झारखंड सरकार माननीय विधायक जमशेदपुर पूर्वी श्री सरयू राय जी के द्वारा माता सरस्वती एवं भारत माता की तश्वीर पर पुष्पार्पण,सरस्वती शिशु मंदिर चापी की बालिकाओ द्वारा स्वागत गान के साथ शुभारंभ की गयी। इस अवसर पर श्री सरजू राय जी ने कहा कि दामोदर वचाव आंदोलन का उद्देश्य आज लगभग पूरा हो चुका है, दामोदर नद लगभग 80त्न स्वच्छ हो गया है चुल्हापानी से लेकर चंदवा तक तो कभी भी गन्दगी थी ही नही चुल्हापानी का जल आज भी स्वच्छ और निर्मल है वहाँ का पानी पीने से अभी भी पेट की कई तरह की बीमारी ठीक होती है। राय जी ने कहा कि अब हमलोग गंगा दशहरा कार्यक्रम पर दामोदर नद को स्वच्छ करने में मदद करने वालों का हम गंगा दशहरा के दिन यानी 30 मई से लोगों का धन्यवाद / आभार यात्रा निकालकर धन्यवाद देंगे उन्होंने कहा कि अब पूरे देश में अब चुल्हापानी, सलगी, कुड़ू, लोहरदगा का नाम हो रहा है तो सलगी एवं चापी पंचायत को आदर्श पंचायत सरकार से बनाने की मांग करेंगे ताकि चूल्हापानी गांव तक सड़क सहित अन्य सुविधा जल्द वहां जाने वाले पर्यटकों को मिले।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No:- WRD/MID/KODERMA/F2-07/2023-24**

**Date:- 20.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Renovation of Tharki Aahar, Village- Tetarchak, Block- Chandwara |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 54.293 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 13.06.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 15.06.2023 at 3:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.06.2023 up to 3:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

**Note: - Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma.**

**PR.NO.297916 Minor Irrigation(23-24):D**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No:- WRD/MID/KODERMA/F2-08/2023-24 Date:- 20.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Renovation of Mansura, Aahar , Village- Chamgudakhurd, Block- Chandwara |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 59.615 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 13.06.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 15.06.2023 at 3:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.06.2023 up to 3:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma . 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi.. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 297921 Minor Irrigation (23-24)_D

**Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma.**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No:- WRD/MID/KODERMA/F2-13/2023-24 Date:- 20.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Renovation of Nawadih-2, Aahar , Village- Nawadih, Block- Markacho |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 64.621 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 06.06.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last Date/Time for Submission of bids | 13.06.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of Opening of e-Tender | 15.06.2023 at 3:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 8.(a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e-Procurement officer | 9939945761 eemidkod-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2214784 |
| 10. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.06.2023 up to 3:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribagh. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

**Note:- Only e-Tender will be accepted.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 297931 Minor Irrigation (23-24)_D

**Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma.**



**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी**

**समेकित मत्स्य पालन अन्तर्गत मछली सह–बत्तख पालन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि) दिनांक 08.05.2023 के आलोक में खूँटी जिले के मत्स्य कृषकों को समेकित मत्स्य पालन की ओर उन्मुख करने तथा उनकी आय में बढ़ोतरी हेतु निजी तथा सरकारी क्षेत्र के लिए राज्य योजनान्तर्गत समेकित मत्स्य पालन योजना के तहत् मछली –सह–बत्तख पालन की योजना है। इस योजनान्तर्गत खूँटी जिले को भौतिक लक्ष्य निम्वत् है।

| क0 सं0 | योजना | भौतिक लक्ष्य (यूनिट में) | | ईकाइ लागत | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र उपयोजना | अन्य कोटि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | समेकित मत्स्य पालन (मछली सह–बत्तख पालन) | 02 | 01 | 1,53,350/– प्रति 0.4 हेक्टेयर (एक एकड़) जलक्षेत्र। डक हाऊस लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाया जाएगा। | अ0ज0ज0/महिला कोटि के लाभुकों के लिए राज्य सरकार का अंशदान 80% (1,22,680/–रूपये होगी एवं अन्य सभी कोटि के लाभुकों के लिए 70% (अधिकतम 1,07,345/–रूपये होगी) शेष राशि लाभुक द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा। |

**नियम व शर्तें:–**

1. एक एकड़ अथवा उससे बड़े जलक्षेत्र के तालाबों को प्राथमिकता दी जायेगी। किन्तु एक स्थल/लाभुक पर एक युनिट (160 Duckling ) ही स्वीकृत किया जायेगा।
2. आर0 एफ0एफ0 के लिए भी प्रति स्थल अधिकतम दो ईकाइ की परियोजना होगी एवं लाभुक अंशदान वहाँ कार्यरत लाभुक समूह/म0जी0स0स0 द्वारा वहन किया जायेगा।
3. लाभुक का अपना निजी तालाब अथवा वित्तीय वर्ष 2023–24 से तीन वर्षो के लिए लीज पर होना आवश्यक है।
4. प्रस्तावित स्थल आबादी के नजदीक हो एवं जिला मुख्यालय के नजदीक के लाभुकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. अनुदान की प्रथम किस्त तथा लाभुक की अंशदान की राशि से बत्तख घर (Duck House) का निर्माण, Starter Feed/ Medicines तथा Duckling के क्रय किये जायेंगे। Duck House लाभुक द्वारा स्थानीय स्तर पर बनवाया जाएगा।
6. 0.2 हेक्टेयर जलक्षेत्र पर मछली –सह–बत्तख पालन योजना के लिए राज्य सरकार के अंशदान की राशि समानुपातिक रूप से लागू होगी।

उपरोक्त विवरण एवं शर्तों के अधीन इच्छुक सुयोग्य मत्स्य पालकों/RFF समूह से विहित प्रपत्र में दिनांक 05/06/2023 तक जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

**PR.NO.297866 Fish(23-24):D**

**जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।**

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड में पतंग उड़ाने वाले सिंथेटिक धागे पर लगा प्रतिबंध, उल्लंघन पर सजा का प्रावधान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य में चीन के धागे से पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध लग गया है। चीन आयातित तेज धारदार सिंथेटिक धागे जानलेवा साबित हो रहे हैं। कई लोग, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं, इसकी जद में आ रहे हैं। पशु-पक्षियों को भी नुकसान पहुंच रहा है। राज्य में धारदार सिंथेटिक, नायलान धागा और चीनी मांझा पर प्रतिबंध है। इसके उत्पादन, भंडारण, बिक्री, आपूर्ति और आयात पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गयी है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे उपायों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। चीनी मांझा प्रतिबंधित किया गया है। इस धागे की खूब डिमांड होती है। क्योंकि, इससे पतंगबाजी में हराना आसान होता था। यहां मकर संक्रांति पर करोड़ रुपये का कारोबार होता था। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास ने शनिवार को इन धागों के प्रतिबंध की अधिसूचना जारी कर दी है। सदस्य सचिव के अनुसार नायलॉन, प्लास्टिक और अन्य किसी सिंथेटिक सामग्री से निर्मित पतंग उड़ाने वाला धागा बहुत खतरनाक है। इसमें चीनी मांझा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि तेज धारदार धागे, शीशे के घटक या अन्य किसी भी धातु का लेप धागा बनाने के लिए किया जाता है। ऐसे धागों की झारखंड में बिक्री, उत्पादन, भंडारण, आपूर्ति, आयात और प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। नियमों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा पांच के तहत, पांच साल तक कारावास और एक लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। विशेष परिस्थिति में जुर्माना और कारावास दोनों एक साथ हो सकता है। इस संबंध में राज्य के सभी झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

### पिछले 9 साल में 231 प्राचीन कलाकृतियों को भारत वापस लाया गया: जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 9 सालों में 231 प्राचीन कलाकृतियों को भारत वापस लाया गया जबकि आजादी के 70 साल के बाद विदेश से केवल 13 अमूल्य धरोहर वापस लाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी विरासत के संरक्षण और एक नई विरासत के निर्माण को उच्च प्राथमिकता दी है। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह शनिवार को प्रगति मैदान में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन किए गए तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 को देखने पहुंचे। इस दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने यह बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पिछले 9 वर्षों में कई अनूठी नई पहल की गई, जिनमें से एक देश भर में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना और आकांक्षी जिलों में विज्ञान संग्रहालयों की स्थापना से शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के आकांक्षी जिले चंबा में संग्रहालय स्थापित कर चुके हैं, जिसका उद्घाटन कुछ महीने पहले किया गया था। अन्य स्थान जहां इस तरह के संग्रहालय पहले से ही कार्यात्मक हो गए हैं या जल्द ही कार्यात्मक होने जा रहे हैं उनमें केरल में वायनाड, उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर, हरियाणा में नूंह, राजस्थान में धौलपुर, कर्नाटक में रायचूर और पश्चिम बंगाल में कल्याणी शामिल हैं।

# हज यात्रियों को ट्रेन से जाना होगा कोलकाता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इस बार हज यात्रियों को हज पर जाने के लिए विभिन्न समस्याओं से अवगत होना पड़ सकता है और इसकी शुरुआती लक्षण नजर भी आ रही, हालांकि झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य गण मिलकर इस समस्या को दूर करने में दिन रात लगे हुए , बावजूद इसके समस्या का हल कितना हो पाएगा यह आने वाला वक्त बताएगा। फिलहाल हज कमेटी के अध्यक्ष सह जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी , कला संस्कृति खेलकूद कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन और हज कमेटी के सदस्य मौलाना ताहजीबुल हसन ने पत्रकारों को बताया कि हम लोग की पूरी कोशिश है कि हज यात्री ट्रेन से कोलकाता जाएंगे , क्योंकि जिस फ्लाइट से गो फास्ट से जाना था वह दिवालिया हो गया। इसलिए अब ट्रेन से कोलकाता जाएंगे । कोलकाता से फिर हज यात्रियों फ्लाइट से उड़ान भरेंगे । इसको लेकर शुक्रवार को हटिया डीआरएम से मिलकर बातचीत की गई थी, उन्होंने भी आश्वासन दिया कि ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाया जा सकता है। 29 मई को 520 हज यात्रियों और 30 मई को 300 यात्रियों का डिटेल्स आ गया है जो सिर्फ रांची के हैं। बाकी एक जून से दूसरे जिले के हज यात्रियों का डीटेल अभी नहीं आया है, करीब 9 सौ 50 हज यात्रियों की सूची है। अब इसमें कितने लोग ट्रेन जाने के लिए हैं इसके लिए इंटरसिटी ट्रेन के लिए फॉर्म भरना होगा और एक हज यात्री के साथ एक ही परिवार के सदस्य सकेंगे , सभी रांची रेलवे स्टेशन से कोलकाता जायेंगे।

## सीबीआई कोर्ट ने लालू का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सीबीआई कोर्ट से पासपोर्ट रिलीज करने की अनुमति मांगी थी। मामले में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई।

इसके बाद कोर्ट ने लालू का पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दे दिया।लालू ने कोर्ट में अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की थी। अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने शनिवार को बताया कि पासपोर्ट रिनुअल करवाने के लिए अदालत से रिलीज करने का अनुरोध किया गया था।

उसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया है।उल्लेखनीय है कि लालू चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता हैं। उन्हें हाई कोर्ट से बेल मिली है। फिलहाल वह जमानत पर हैं।

जमानत की शर्त के अनुसार उनका पासपोर्ट कोर्ट में जमा रखना है। कोर्ट की अनुमति से ही वह पासपोर्ट ले सकते हैं और इस्तेमाल कर सकते हैं।

## दो हजार रुपये के नोट वापस लेने से अर्थव्यस्था पर नहीं पड़ेगा असर : पनगड़िया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया इंडिया के 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने के फैसले पर नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पनगड़िया ने कहा है कि आरबीआई के फैसले से अर्थव्यवस्था पर कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि ऐसे वापस हुए नोटों के स्थान पर उसी कीमत में कम मूल्यवर्ग के नोट जारी कर दिए जाएंगे।अरविंद पनगड़िया ने शनिवार को दो हजार रुपये के करेंसी नोट वापस लेने के फैसले को सही करार देते हुए कहा कि इस कदम के पीछे संभावित मकसद अवैध धन की आवाजाही को और मुश्किल बनाना है। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपये के नोट वर्तमान में लोगों के हाथों में कुल नकदी का केवल 10.8 फीसदी हैं, जबकि इसमें से ज्यादातर राशि का उपयोग संभवतः अवैध लेनदेन में होता है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। आरबीआई के मुताबिक इस मूल्य के नोट बैंकों में जाकर 30 सितंबर तक जमा या बदले जा सकेंगे। हालांकि, रिजर्व बैंक ने जारी बयान में कहा है कि अभी चलन में मौजूद दो हजार रुपये के नोट 30 सितंबर तक वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## दो हजार का नोट लाना मूर्खतापूर्ण निर्णय था : पूर्णिमा पांडेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय ने कहा कि 2016 में नोटबंदी के समय मोदी सरकार ने कहा था कि 2000 का नोट लाने से भ्रष्टाचार बंद होगा। अब बोल रहे हैं कि 2000 का नोट बंद करने से भ्रष्टाचार ख़त्म होगा।देश के तमाम अर्थशास्त्री मिल कर भी आज तक 2000 के नोट को चालू करने का एक फायदा भी नहीं ढूंढ़ पाये। हालांकि,कर्नाटक चुनाव में हार का साइड इफेक्ट व चर्चा में बने रहने के लिए साहेब को अब 2000 का नोट बंद करना पड़ रहा है। ऐसे में तकलीफ तो सिर्फ आम जनता को उठानी पड़ती है नोट दबाने वालो को ना 2016 में नोटबंदी के समय तकलीफ़ हुई थी ना 2000 के नोटबंदी में होगी । वो लोग तो नोटबंदी में भी मस्त थे, आज भी मस्त है और कल भी मस्त ही रहेंगे।

उन्होंने कहा कि क्या सरकार के पास चिप की कमी हो गयी, कि 2000 का नोट बंद हो रहा है? जो लोग 2016 में हुये नोटबंदी के फ़ायदे गिना रहे थे आज वो लोग बताएँ कि क्या 2000 का नोट आखिर बनाया क्यूँ गया था जब इसे बंद ही करना था ? क्या देश से सच में भ्रष्टाचार ख़त्म हो गया या इससे भ्रष्टाचार बढ़ गया ? इसीलिए हम कहते हैं, पीएम पढ़ा लिखा होना चाहिए। एक अनपढ़ पीएम को कोई कुछ भी बोल जाता है। उन्हें समझ आता नहीं है। भुगतना जनता को पड़ता है।

# सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता को प्रशासन जल्द दे न्याय : वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद वीडी राम ने कहा की पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड के ग्राम पंचायत झरगड़ा में 16 वर्षीय अनुसूचित जाति की नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस घटना की जितनी निंदा की जाय, कम होगी। प्रशासन अविलंब दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दे। उन्होंने कहा कि 18 मई को उक्त नाबालिग छात्रा के परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने सतबहिनी गए हुए थे तथा घर में छात्रा अकेली खाना बना रही थी। उक्त सूचना पाकर ग्राम झरगड़ा के 6 युवकों ने छात्रा का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ-साथ मारपीट की एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया तथा विडियो भी बनाया। छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए हुसैनाबाद से मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में बेहतर उपचार हेतु रेफर किया गया है। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित छात्रा की मां ने आवेदन देकर हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है तथा पलामू जिले के शासन-प्रशासन पर भी बदनुमा दाग है। उक्त पीड़ित परिवार के द्वारा नामजद अभियुक्तों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक अभियुक्त को ग्रामीणों ने ही पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। आज महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगी हैं। भयमुक्त वातावरण का निर्माण न हो पाना प्रशासनिक आसफलता का परिचायक है। उक्त मामले में पुलिस महानिदेशक झारखंड, उपायुक्त पलामू एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अविलंब कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि अविलम्ब दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई करते हुए मामले की जॉच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कष्ट करे। इस कांड में दोषियों को ऐसी सजा मिले, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति समाज में न हो सके।

# झारखंड के किसानों का दल केरला में सीख रहा कृषि की नई तकनीक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख के नेतृत्व में अधिकारियों का एक दल केरल दौरे पर है। यहां वे खेती की नई तकनीक सीख रहे हैं।

भ्रमण के दौरान शनिवार को कृषि मंत्री बादल एवं पदाधिकारी केरल के मन्नूथी स्थित कॉलेज ऑफ वेटनरी एंड एनिमल साइंस गए,जहां उन्होंने वेटनरी हॉस्पिटल के अंतर्गत पशुओं की चिकित्सा संबंधित ब्लड ट्रांसफ्यूजन, डायलिसिस केंद्र, ऑपरेशन थियेटर और बायोकेमिकल लेबोरेटरीज, गोट फार्म आदि केंद्रों का भ्रमण किया। महाविद्यालय में संचालित पशु प्रक्षेत्रों के भ्रमण के दौरान टीम ने यहां गायों की फीश्वल, बछौर की नस्ल का संवर्धन के साथ-साथ उनसे मॉडर्न तरीकों से दूध निकालने की प्रक्रिया को समझा। बकरियों की नस्ल मालबारी, जमुनापारी का कैसे संरक्षण किया जा रहा है, इसकी भी जानकारी ली।

भ्रमण के उपरांत कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि केरल के पशु कल्याण और चिकित्सा पद्धति उत्कृष्ट है। हमारा प्रयास है कि यह की पशु चिकित्सा पद्धति अक्षरशः झारखंड में लागू हो। केरल में पशुओं की चिकित्सा के लिए सभी तरह के संसाधन उपलब्ध हैं। भ्रमण के दौरान मुख्य रूप से कृषि निदेशक चंदन कुमार, गव्य विकास निदेशक डॉ. मनोज कुमार तिवारी, मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद थे।




### दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का मामला

# केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की पुनर्विचार याचिका



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अधिकारियों पर दिल्ली सरकार को पूरा नियंत्रण देने वाले फैसले पर दोबारा विचार की मांग की है। 11 मई को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने फैसला सुनाया था।सुप्रीम कोर्ट ने उप-राज्यपाल को दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल की सलाह पर काम के लिए कहा था। अब केंद्र सरकार ने इस पर पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दी है। शुक्रवार देर शाम केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कर दिया है। नियम के मुताबिक पुनर्विचार याचिका पर वही बेंच विचार करती है, जिसने मूल फैसला दिया था। इसके बाद बेंच तय करती है कि उसे मामला दोबारा सुनने की जरूरत है या नहीं। 11 मई को चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि उप-राज्यपाल की शक्तियां उन्हें दिल्ली विधानसभा और निर्वाचित सरकार की विधायी शक्तियों में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं देती हैं। यानी दिल्ली सरकार का पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि पर नियंत्रण नहीं है।कोर्ट ने कहा था कि नौकरशाह इस धारणा के तहत नहीं हो सकते कि वे मंत्रियों के प्रति जवाबदेह होने से अछूते हैं। अगर अधिकारी इस धारणा के तहत मंत्रियों को जवाब नहीं देते हैं तो वे लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार के लिए बेहिसाब हो जाएंगे। कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली विधानसभा के पास भूमि, लोक व्यवस्था और पुलिस को छोड़ कर सूची 2 में सभी विषयों पर कानून बनाने की शक्ति है।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधायक सरयू राय के खिलाफ किया मानहानि का केस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने चाईबासा की एमपी एमएलए कोर्ट में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का केस कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शनिवार को कोर्ट पहुंचे और अपने अधिवक्ता से मुलाकात की।

इसके बाद कोर्ट में विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का केस फाइल किया। गौरतलब है कि विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर प्रतिबंधित लाइसेंसी पिस्टल रखने का आरोप लगाया है। यही नहीं स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता के एक कथित वायरल वीडियो को लेकर भी विधायक सरयू राय ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की और अखबारों में बयानबाजी के जरिए स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधा। स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि इससे उनकी मानहानि हुई है।

इससे पूर्व मंत्री ने अपने वकील के माध्यम से विधायक सरयू राय को नोटिस भेजकर माफी मांगने की मांग की थी।